

# रोजनामा इन्डो गल्फ



www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना,रविवार | 05 जनवरी 2025 | वर्ष : 03 | अंक : 05 | पृष्ठ - 12 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण


### ब्रीफ न्यूज

## आप सत्ता में लौटी तो हाहापानी के बढ़े हुए बिल माफ कर दिए जाएंगे: केजरीवाल



एजेंसी

**नई दिल्लीः** आम आदमी पार्टी ( आप ) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को वादा किया कि राष्ट्रीय राजधानी में अगले महीने वाले होने वाले विधानसभा चुनाव में यदि उनकी पार्टी सत्ता में लौटती है तो दिल्ली के लोगों के ह्यह्यबढ़े हुए पानी के बिलों को माफ कर दिया जाएगा ।केजरीवाल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली जल बोर्ड द्वारा जनता को भेजे जा रहे हजारों-लाखों रुपये के पानी के बिलों से लोग परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके जेल जाने के बाद से ही लोगों को पानी के बढ़े हुए बिल भेजे जा रहे हैं ।ह्यआपह्न प्रमुख ने लोगों से इन बिलों का भुगतान न करने का आग्रह किया। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा,ैंने पहले भी कहा था, लेकिन आज मैं औपचारिक तौर पर घोषणा कर रहा हूं कि विधानसभा चुनाव होने पर जब आप सत्ता में वापस आएगी तो ये बढ़े हुए पानी के बिल माफ कर दिए जाएंगे। जिन लोगों को लगता है कि उनके बिल गलत हैं,

## पीएम मोदी ने किया ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का शुभारंभः बोले-

# गांवों की समस्याओं को हल करना मेरा सपना

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार (4 जनवरी) को दिल्ली के भारत मंडपम में ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का शुभारंभ किया ।पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा किब गांवों की समस्याओं को हल करना मेरा सपना है।**

एजेंसी

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार ( 4 जनवरी ) को दिल्ली के भारत मंडपम में ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का शुभारंभ किया ।पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा किब गांवों की समस्याओं को हल करना मेरा सपना है। जानें क्या कहा ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार ( 4 जनवरी ) को दिल्ली के भारत मंडपम में ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की थीम विकसित भारत 2047 के लिए एक बेहतरीन ग्रामीण भारत का निर्माण रखी गई है। इस महोत्सव का आयोजन 4 से 9 जनवरी तक किया जाएगा। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि मेरा बचपन गांवों और कस्बों में बीता है, इसलिए मैं ग्रामीण समस्याओं को बारीकी से समझता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, गांवों की समस्याओं को हल करना मेरा सपना है। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने ग्रामीण कारीगरों से भी मुलाकात की ।सीमावर्ती गांवों के लिए वाइब्रेंट विलेज योजना



पीएम मोदी ने कहा कि देश के सीमावर्ती गांव देश के प्रथम गांव हैं। सरकार इन गांवों की स्थिति सुधारेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत इन सीमावर्ती गांवों को विकसित किया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि पहले इन्हें देश का आखिरी गांव माना जाता था, लेकिन हमारी सरकार ने इस सोच को बदल दिया है। अब इन गांवों को विकास का केंद्र बिंदु बनाया जा रहा है। इन गांवों में पानी, बिजली और सड़क जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने हर वर्ग के लिए आर्थिक नीतियां बनाई हैं। पीएम मोदी ने इस मौके पर फसल बीमा योजना को एक साल के लिए बढ़ाने की घोषणा की। पीएम मोदी ने कहा कि ऊअढ खाद के बढ़ते दाम के बावजूद किसानों पर बोझ नहीं डाला गया। पीएम ने कहा, हमारी सरकार किसानों की हर जरूरत का ध्यान रख रही है। सब्सिडी बढ़ाकर उनके कंधों से आर्थिक बोझ कम किया गया है ।पीएम मोदी ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाले कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना ) शुरू की गई है। पीएम मोदी ने बताया कि लोहार, कुम्हार, और अन्य कारीगरों को नए उपकरण, स्किल ट्रेनिंग, और सस्ती दरों पर कर्ज की सुविधा दी जा रही है। इस योजना का उद्देश्य इन कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाना है। पीएम मोदी ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाले कारीगरों के लिए विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है।

## महाकुम्भ के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को न हो असुविधाः सीएम योगी



एजेंसी

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को भाजपा कार्यकताओं से बैठक के उपरांत प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के सभागार में जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ-2025 के दौरान अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, क्लाइड मैनेजमेंट, आश्रय स्थल आदि को लेकर जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ-2025 में 40-45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसमें से अधिकांश श्रद्धालु अयोध्या भी आएंगे। यहां श्रद्धालु रामलला, हनुमानगढ़ी, सूर्यकुंड समेत अनेक मंदिरों व स्थलों पर दर्शन करेंगे। स्थानीय प्रशासन दर्शनार्थियों की सुरक्षा, क्लाउड मैनेजमेंट, दर्शन-पूजन, आश्रय स्थल आदि को लेकर सारी तैयारी पूर्ण कर ले। ठंड के मौसम में किसी भी श्रद्धालु को यहां परेशानी नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता पर जोर दिया। साथ ही कहा कि यहां अलाव आदि की भी समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने महाकुम्भ-2025 के संबंध में अयोध्या में होने वाली तैयारियों को लेकर प्रस्तुतिकरण भी दिया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक में स्थानीय प्रशासन, पुलिस व जिले के आलाधिकारी मौजूद रहे ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ-2025 में 40-45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। इसमें से अधिकांश श्रद्धालु अयोध्या भी आएंगे। यहां श्रद्धालु रामलला, हनुमानगढ़ी, सूर्यकुंड समेत अनेक मंदिरों व स्थलों पर दर्शन करेंगे।

## महाकुंभ मेले में बम ब्लास्ट की धमकी, यूपी पुलिस ने आरोपी को बिहार से पकड़ा



एजेंसी

**उत्तर प्रदेश :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले कुंभ मेला को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले को बिहार से गिरफ्तार कर लिया गया है। 13 जनवरी से महाकुंभ शुरू हो रहा है। प्रयागराज में लगने वाले कुम्भ मेला को उड़ाने की धमकी देने वाले एक युवक को यूपी पुलिस ने पूर्णिया जिले से गिरफ्तार किया है। पूर्णिया के भवानीपुर के शहीदगंज से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। यूपी पुलिस ने भवानीपुर पुलिस के सहयोग से शनिवार को शहीदगंज पंचायत के वार्ड 4 में छापेमारी करते हुए धमकी देनेवाले युवक आयुष कुमार जायसवाल को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक आयुष कुमार जायसवाल ने कुछ दिनों पूर्व सोशल मीडिया पर नासिर पठान के नाम से कुम्भ मेला को उड़ाने की धमकी दी थी। जिसके बाद से यूपी पुलिस धमकी देनेवाले युवक के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए, उसकी गिरफ्तारी के लिए लगी हुई थी।

## केजरीवाल के खिलाफ प्रवेश वर्मा को मैदान में उतारा, आतिशी को टक्कर देंगे रमेश बिधूड़ी,

एजेंसी

नई दिल्लीःभारतीय जनता पार्टी ( इखढ ) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में 29 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं, जो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों से चुनाव मैदान में उतरेंगे। बीजेपी ने आम आदमी पार्टी के प्रमुख नेताओं को चुनौती देने के लिए पूर्व सांसदों को टिकट दिया है। नई दिल्ली से प्रवेश वर्मा और कालकाजी से रमेश बिधूड़ी को मैदान में उतारा गया है। इसके अलावा गांधी नगर से अरविंदर सिंह लवली और मंगोलपुरी से राजकुमार चौहान को भी उम्मीदवार बनाया गया है ।बीजेपी ने नई दिल्ली विधानसभा सीट से प्रवेश वर्मा को उम्मीदवार बनाया है, जहां वह दिल्ली




के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ चुनाव मैदान में होंगे। कालकाजी से रमेश बिधूड़ी को उम्मीदवार घोषित किया है। वह आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी को टक्कर देंगे। कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हुए अरविंदर सिंह लवली को गांधी नगर विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा गया है। बीजेपी ने मंगोलपुरी सीट से राजकुमार चौहान को उम्मीदवार बनाया है, जो क्षेत्रीय राजनीति में प्रभावी नेता माने जाते हैं। बीजेपी ने जो पहली सूची जारी की है, उसमें चार पूर्व मंत्रियों के नाम भी शामिल हैं। आप सरकार में मंत्री रह चुके कैलाश गहलोत और राज कुमार आनंद को बीजेपी ने चुनाव मैदान में उतारा है। इसके अलावा, शीला दीक्षित की सरकार में मंत्री रह चुके अरविंदर सिंह लवली और राजकुमार चौहान के नाम का भी बतौर प्रत्याशी ऐलान किया है। अरविंद लवली ने गांधी नगर के मौजूदा विधायक अनिल कुमार बाजपेयी ।

## बीच सड़क पर भिड़े बाबुल सुप्रियो और BJP सांसद अभिजीत गांगुली,

एजेंसी

**नई दिल्लीः** कोलकाता के प्रतिष्ठित सेकेंड हुगली ब्रिज पर रात एक राजनीतिक ड्रामा देखने को मिला, जब बंगाल के मंत्री बाबुल सुप्रियो और बीजेपी सांसद अभिजीत गांगुली आपस में उलझ गए। यह घटना तब हुई जब सुप्रियो हावड़ा स्थित अपने आवास पर वापस जा रहे थे, जब उनके पीछे वाली कार से लगातार हॉर्न बजने से वह नाराज हो गए। सूत्रों ने कहा कि उत्तेजित बाबुल सुप्रियो ने अपना वाहन रोका और अपने पीछे



वाली कार के पास आकर अनियमित ड्राइविंग के लिए स्पष्टीकरण मांगा। उन्हें पता चला कि गाड़ी बीजेपी सांसद अभिजीत गांगुली की थी, जो कार में पीछे बैठे थे ।प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि तनावपूर्ण टकराव हुआ, सुप्रियो ने खतरनाक ड्राइविंग के बारे में मुखर रूप से चिंता व्यक्त की। घटना के वीडियो में पुल पर चल रहे नाटकीय घटनाक्रम के दौरान अभिजीत गांगुली के वाहन के पास भारी भीड़ दिखाई दे रही है। मामला तब और बढ़ गया जब सुप्रियो ने गांगुली पर झगड़े के दौरान अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। नाराज सुप्रियो ने औपचारिक माफी की मांग करते हुए कहा कि ऐसा व्यवहार अस्वीकार्य है।

## मुस्लिम समाज की पहल से बनेगा भारत सांप्रदायिक सौहार्द का वैश्विक प्रतीकः इंद्रेश कुमार

एजेंसी

लखनऊ। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उत्तर प्रदेश की एक ऐतिहासिक बैठक गांधी स्मृति हाल, कैसरबाग में आयोजित हुई। इस कार्यक्रम ने सांप्रदायिक सौहार्द्र और धार्मिक संवाद की ओर एक मजबूत कदम बढ़ाते हुए विवादित धार्मिक स्थलों पर समाधान खोजने का आह्वान किया गया। इस मौके पर संघ के वरिष्ठ नेता और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार ने बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि देश के मुसलमानों को राष्ट्रहित में आगे आना होगा। काशी, मथुरा और सम्भल के




विवाद पर इंद्रेश कुमार ने कहा कि मुस्लिम समाज को पहल दिखानी होगी और कुरान और हदीस की रोशनी में बड़े फैसले करने होंगे। मुख्य वक्ता और मंच के मार्गदर्शक डॉ. इंद्रेश कुमार ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि मुस्लिम समाज अपनी जिम्मेदारी समझे और संवाद से काशी, मथुरा और सम्भल जैसे स्थलों पर विवाद खत्म करे। इस्लाम में जबरन कब्जे की इजाजत नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि धर्म के नाम पर कब्जा और हिंसा इस्लामिक उसूलों के खिलाफ हैं। उन्होंने मुस्लिम समुदाय से इन स्थलों को हिंदू समाज को सौंपने की अपील की, ताकि भारत सांप्रदायिक सौहार्द्र का वैश्विक उदाहरण बने। साथ ही साथ इंद्रेश कुमार ने कहा कि मुसलमानों को वैसी पार्टियों और संगठनों को पहचान कर दूरी बनानी होगी।

## बीपीएससी की परीक्षा में इस बार 400 ज्यादा अभ्यर्थी, कंट्रोल रूम से SP-DM ने रखी नजर; अगले महीने रिजल्ट



एजेंसी

**पटनाः** पटना के बापू परीक्षा केंद्र की रद्द बीपीएससी 70 वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा शनिवार को शांतिपूर्ण रही। पटना के 22 केंद्रों पर 57 मजिस्ट्रेटों की निगरानी में परीक्षा करायी गई। पिछली बार 13 दिसंबर को आयोजित परीक्षा की तुलना में इस बार चार सौ अधिक अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। बिहार लोक सेवा आयोग के अनुसार 70 प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट अगले महीने आएगा। बापू केंद पर परीक्षार्थियों की संख्या लगभग 12 हजार थी। इसमें करीब 8,200 अभ्यर्थियों ने प्रवेश पत्र डाउनलोड किया था। 13 दिसंबर को बापू परीक्षा परिसर में 5500 अभ्यर्थी ही उपस्थित हुए थे। इस बार 5941 परीक्षार्थी उपस्थित हुए।हालांकि, पिछली बार की तुलना में इस बार 12 सौ से अधिक परीक्षार्थियों ने प्रवेश पत्र डाउनलोड किया था। पटना सदर अनुमंडल में 15 केन्द्र, दानापुर अनुमंडल में तीन परीक्षा केन्द्र तथा पटना सिटी अनुमंडल में चार परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह और एसएसपी अवकाश कुमार ने कई केंद्रों का जायजा लिया ।आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार सभी परीक्षा केन्द्रों पर जिला प्रशासन ने मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों की तैनाती की थी। 22 जोनल दण्डाधिकारियों, 24 स्टैटिक दण्डाधिकारियों-सह-प्रेक्षकों एवं 07 फ्लाइंग स्क्वायड्स को शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराने की जिम्मेदारी दी गई थी।

## वैनिटी वैन को लेकर घिरे प्रशांत किशोर, बवाल के बाद तोड़ी चुप्पी, तेजस्वी ने बताया एक्टर

एजेंसी

**पटनाः** शनिवार को उस समय विवाद खड़ा हो गया जब पटना के गांधी मैदान के पास एक लक्जरी 'वैनिटी वैन' खड़ी देखी गई, जहां जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर इस समय बीपीएससी परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक के आरोप में आमरण अनशन पर हैं। बताया जा रहा है कि यह वाहन, जिसमें कई लक्जरी सुविधाएं हैं, किशोर के विरोध प्रदर्शन स्थल से कुछ सौ मीटर की दूरी पर पार्क किया गया था, जिसे उन्होंने गुरुवार शाम को शुरू किया था। पत्रकारों द्वारा वैन की मौजूदगी के बारे में पूछे जाने पर किशोर ने जवाब दिया, "मैं यहां उपवास पर हूं। अगर मैं शौच के लिए घर जाता हूं, तो पत्रकार सवाल पूछेंगे कि क्या मैं खाना खाने गया था या झपकी लेने गया था। कुछ लोग कहा कि वैनिटी वैन की कीमत 2



करोड़ रुपये है और इसका किराया 25 लाख रुपये प्रति दिन है। उन्होंने कहा कि मैं मीडियाकर्मियों के माध्यम से यह बताना चाहता हूं... इस वैन को हटा दिया जाए और बदले में मुझे प्रति दिन 25 लाख रुपये दिए जाएं और एक वैकल्पिक स्थान प्रदान किया जाए जिसका उपयोग शौचालय के रूप में किया जा सके।किशोर ने यह भी सवाल किया कि क्या बीपीएससी उम्मीदवारों के भविष्य से ज्यादा महत्वपूर्ण यह मुद्दा है। उन्होंने कहा कि क्या आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उन सुविधाओं के बारे में सवाल पूछ पाएंगे जिनका वे आनंद ले रहे हैं? किशोर का अनशन 13 दिसंबर को आयोजित 70वीं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा ( सीसीई ) से संबंधित है, जो प्रश्नपत्र लीक के आरोपों से घिरी हुई है। किशोर ने प्रभावित अभ्यर्थियों के लिए न्याय की मांग करते हुए परीक्षा रद्द करने की मांग की है। वहीं, बीपीएससी के विरोध प्रदर्शन पर राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि इसका पूरी तरह से राजनीतिकरण किया जा रहा है। हमें लगता है कि बिहार की जनता को इन लोगों को पहचानना होगा जो बीजेपी की 'बी' टीम हैं और इस स्वतंत्र आंदोलन को कुचलने की कोशिश कर रहे हैं। निंदनीय।

# जिला परिषद सदस्यों ने जिला परिषद अध्यक्ष पर लगाया अविश्वास प्रस्ताव

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिला परिषद अध्यक्ष खुशबू कुमारी पर सदस्यों ने अविश्वास लगाया है। 14 जिला परिषद सदस्यों द्वारा एक आवेदन जिला परिषद कार्यालय में शनिवार को जमा कराई गई है। सदस्यों ने जिला परिषद अध्यक्ष पर विकास कार्य में रुचि नहीं लेने का आरोप लगाया है। जिला परिषद सदस्य ममता कुमारी, अरुण कुमार, उर्मिला देवी, अनीता कुमारी, रिंकी कुमारी, मंजू देवी, किरण कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, विभा कुमारी, मंजू देवी, पिंकी कुमारी आदि द्वारा सौंपे गये ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि लगभग तीन साल पूरा होने के बाद भी जिला परिषद समस्तीपुर के संकल्पना और योजनाओं के कार्यान्वयन में असफल रही। जिला परिषद सदस्यों के साथ मंत्रणा नहीं करती हैं। मनमाने ढंग से कार्य करने, अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में साल में केवल एक दो बार ही 26 जनवरी और 15 अगस्त पर आने का आरोप लगाया है। इसके अलावा लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि योजना संचालन में वह मनमानी करती हैं। आरोप यह भी है कि जिला परिषद समस्तीपुर के वित्तीय और प्रशासनिक मामलों पर नियंत्रण नहीं रख रही है। अध्यक्ष के रूप में निष्ठा पूर्ण अपने कर्तव्य के निर्वहन में वह नहीं रहती है। इसके साथ ही सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया है कि जिला परिषद में योजनाओं की राशि पड़ी हुई है, लेकिन विकास कार्य पर खर्च नहीं किया जा रहा है। जिला परिषद सदस्य को जानकारी भी नहीं होती है। उनके क्षेत्र की योजनाओं के नाम पर राशि का उठाव तक कर लिया गया है। इस संबंध में सदस्यों द्वारा अविश्वास की कॉपी डीएम के अलावा डीडीसी और जिला परिषद अध्यक्ष को भी दी गई है। इधर जिला परिषद अध्यक्ष खुशबू कुमारी ने आरोप को निराधार बताया है। उन्होंने कहा है कि दबाव की राजनीति के तहत उन पर अविश्वास के लिए आवेदन दिया गया है।



**14 जिला परिषद सदस्यों द्वारा एक आवेदन जिला परिषद कार्यालय में शनिवार को जमा कराई गई है। सदस्यों ने जिला परिषद अध्यक्ष पर विकास कार्य में रुचि नहीं लेने का आरोप लगाया है।**

## जब लालच के बाजार लगते हैं,-तो रिश्तों के शहर बर्बाद हो जाते हैं!!

## लीचड़ इंसान पर कभी आंख बंद करके भरोसा नहीं किया जाता है,वह आपके लिए,कभी भी घातक हो सकता है!!

**डॉ सरवर जमाल**
**बिहार प्रदेश संयोजक**
**(मुस्लिम राष्ट्रीय मंच)**
9472871824

समय,सहयोग,त्याग वहीं करें,जहां उसकी कद्र हो,क्योंकि दोपहर में दिया जलाने से अंधकार नहीं,दिए का वजूद खत्म होता है,समय,विश्वास और सम्मान ऐसे परिंदे हैं,जो उड़ जाए तो वापस नहीं आते हैं,दूसरों को क्षमा करें,इसलिए नहीं,की वे क्षमा के पात्र हैं,बल्कि इसलिए कि आप शांति से जीना चाहते हैं।समाज में फैले लीचड़ इंसान से हमेशा सावधान रहें।लीचड़ इंसान पर कभी आंख बंद करके भरोसा नहीं किया जाता है,वह आपके लिए,कभी भी घातक हो सकता है,क्योंकि वह आदतन लीचड़ इंसान है,वह लालच में आकर में आकर, कहीं भी प्लेट साझा कर आपके लिए घातक बन सकता है।मेरे मित्रों हमेशा याद रहे कि जब लालच के बाजार लगते हैं तो रिश्तों के शहर बर्बाद हो जाते हैं,मेरे मित्रों हमेशा एक दूसरे के प्रति अच्छी सोच रखनी चाहिए क्योंकि एक छोटी सी कील गाड़ी की गति बदल सकती है तो याद रखिएगा मेरे मित्रगण एक छोटा सा नेगेटिव विचार भी आपकी गति रोक सकता है.!!



# पूर्व मंत्री स्व शाहिद की पुत्री जदयू नेत्री ने जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण

## मेरा प्रयास पिताजी के पदचिन्हों पर चलना और उनके जीवनी का अनुसरण करना है : डॉ इकरा अली खान

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**सीतामढ़ी।** पूर्व मंत्री शाहिद अली खान के सातवीं पुण्यतिथि पर उनकी पुत्री जदयू की वरिष्ठ नेत्री डॉ इकरा अली खान द्वारा सुरसंड विधानसभा में जरूरतमंदों के बीच दो हजार कंबल का वितरण किया गया। सुरसंड विधानसभा के पुपरी, सुरसंड व चोरौत प्रखंड के विभिन्न मुहल्ले में गरीब, असहाय, विधवा एवं जरूरतमंदों को ठंड से राहत के लिए कंबल दिया गया।

इस अवसर पर डॉ इकरा अली खान ने कहा कि गरीबों और असहायों की मदद करने की प्रेरणा मेरे पिता स्व शाहिद अली खान से मिली। बचपन से पिता जी को जरूरतमंदों को सहयोग करते देखती रही हूं। वह निजी स्तर से भी लोगों को मदद किया करते थे। वह गरीबों, वंचितों और शोषितों के कल्याण के लिए हमेशा प्रयासरत रहे। वह विकास पुरूष थे। गरीबों के मसीहा थे। जिला में शैक्षणिक उत्थान के लिए उनके द्वारा किया गया कार्य ऐतिहासिक है। पॉलीटेक्निक कॉलेज के लिए उन्होंने जमीन खरीद कर दान की। जिले पॉलीटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेज उनकी देन है। समाज के विकास एवं उत्थान में उनके योगदान को भुलाया नही जा सकता। जिला ही नहीं बल्कि पूरे बिहार में उनको सम्मान और स्नेह दिया जाता था। आज वह हमारे बीच नही हैं। क्षेत्र में उनके कारण लोगों का असीम स्नेह और आशीर्वाद मिलता है। मुझे शाहिद अली के पुत्री होने पर गर्व है। मेरा प्रयास उनके पदचिन्हों पर चलना और उनके जीवनी को अनुसरण करना है।वहीं स्व शाहिद अली खान की पत्नी शमां अली खान ने भावुक होते हुए कहा वह परिवार और समाज को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति थे। परिवार की तरह क्षेत्र की जनता के लिए भी हमेशा फिक्रमंद रहते थे। क्षेत्र का विकास और उत्थान के लिए हमेशा तत्पर रहे। मंत्री रहते हुए भी आम से खास तक उनका एक ही व्यवहार रहता था। सभी को आदर सम्मान देते थे। उनके दिनचर्या की शुरूआत आम जनता की समस्याओं को सुनने से शुरू होती थी और उन समस्याओं के निवारण का हर संभव प्रयास करते रहे। अल्लाह ने अपने नेक बंदे को जल्द बुला लिया। उनके नही रहने का गम हमलोगों को कदम कदम पर सहना पड़ता है। अल्लाह उन्हें जन्नत में आला मुकाम अता करे।




डॉ अरीब खान ने बताया कि उनके जीवनी का अनुसरण करना ही उनके प्रति सच्ची श्रदांजलि होगी। उनके मार्ग पर चलते हुए हम लोगों का प्रयास भी गरीब वंचित वर्ग का सहयोग करना है।

कंबल प्राप्त कर जरूरतमंदों का चेहरा खिल उठा। उन लोगों ने बताया कि दिवगंत मंत्री हमलोगों का सहयोग करते थे, उनकी भांति उनकी पुत्री भी सहयोग के लिए तत्पर रहती है। सुरसंड विधानसभा क्षेत्र में कंबल वितरण से पूर्व सुबह में पटना स्थित आवास पर उनके पुण्यतिथि पर कुरान की तिलावत की गई। मौलाना और मदरसे के छात्रों ने कुरान की तिलावत कर अल्लाह से उनके मगफिरत और जन्नत में आला मुकाम अता करने की दुआ की।

मौके पर मदरसा रहमानिया मेहसौल के पूर्व अध्यक्ष मो अरमान अली, वली अहमद खान, मो मुख्तार अंसारी, किसलय कुमार चींटू, मो जमशैद आलम, मो जावेद, अकबर उर्फ फूल बाबू, बलिराम मंडल, संजय राउत, जितेन्द्र कुमार, पंकज साह, नीरज कुमार, अमरेश कुमार, चंद्र किशोर पासवान, धनश्याम मंडल, रविंद्र मंडल, अशेषर मंडल, ललन राउत शिवजी साह, मो नसीम अंसारी, मो मकबुल अंसारी, सलीम अंसारी समेत सैकड़ों लोग शामिल थे

# अलाव से झुलसी आंगनबाड़ीसहायिका

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** शहर के मगरदाही वार्ड संख्या 36 में एक आंगनबाड़ी केंद्र पर अलाव तापने के क्रम में एक आंगनबाड़ी सहायिका झुलस गई। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। झुलसी महिला की पहचान आंगनबाड़ी सहायिका गीता देवी पति स्व विनोद राय के रूप में हुई है। ज्ञात हो कि इधर तीन चार दिनों से ठंडी हवा के साथ ठंड में काफी बढ़ोतरी हो गई है। ठंड से बचने के लिए आंगनबाड़ी सहायिका ने अपने केंद्र पर ही अलाव जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रही थी, इसी क्रम में यह घटना घटित हो गई।

## अगले दो दिनों तक पछिया हवा चलने के कारण समस्तीपुर समेत उत्तर बिहार में ठंड का प्रकोप जारी रहने का अनुमान



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबेर**

**समस्तीपुर :-** समस्तीपुर समेत उत्तर बिहार के जिलों के आसमान में 4 से 9 जनवरी तक कहीं कहीं हल्के बादल आ सकते हैं। हालांकि मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। वातावरण में अधिक नमी तथा पछिया हवा चलने के कारण पिछले दो दिनों से ठंड की स्थिति बनी हुई है। अगले दो दिनों तक पछिया हवा चलने के कारण ठंड का प्रकोप जारी रहने की सम्भावना है।डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के मौसम विभाग के वैज्ञानिक के अनुसार अधिक नमी तथा सामान्य से कम तापमान के प्रभाव से उत्तर बिहार के अधिकांश स्थानों में सुबह में हल्के से मध्यम कुहासे छा सकते हैं। इस बीच अधिकतम तापमान 17 से 19 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 7 से 10 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। वहीं पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 4 से 6 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से अगले दो दिनों तक पछिया हवा चलने की संभावना है।किसानों के लिये सुझाव :आलू, मटर, टमाटर, धनियां, लहसून एवं अन्य रबी फसलों में कृषक भाई झुलसा रोग की निगरानी करें। बदलीनुमा मौसम तथा वातावरण में नमी होने पर यह बीमारी फसलों में काफी तेजी से फैलती है। इस रोग के लक्षण दिखने पर 2.5 ग्राम डाई-इथेन एम. 45 फफूंदनाशक दवा का प्रति लीटर पानी की दर से घोल बना कर समान रुप से फसल पर 2-3 छिड़काव 10 दिनों के अन्तराल पर करें।

# जनता दरबार में पहुंचे 12 फरियादी, तीन मामले का हुआ निष्पादन



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के वारिसनगर थाना परिसर में शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी धर्मेंद्र पंडित ने किया। आज के जनता दरबार में नया और पुराना मामले को लेकर कुल 12 फरियादी पहुंचे हुए थे, जिसमें से तीन फरियादियों का कागज जांच पड़ताल के बाद निष्पादन किया गया। शेष 09 फरियादियों को अगले जनता दरबार में बुलाया गया है। जिन फरियादियों का आज निष्पादन हुआ उनमें नरेश मांझी, सूर्य नारायण मांझी, उमेश राय, राज कुमार चौधरी, शंकर राय, संजीत राय का नाम शामिल है। मौके पर सीओ धर्मेंद्र पंडित के अलावा राजस्व अधिकारी खुशबू गौतम, पुलिस पदाधिकारी खुशबू कुमारी, अमीन चंदेश्वर सिंह, अंचल कर्मी मंटून कुमार आदि मौजूद थे।

# भीम आर्मी ने की समीक्षात्मक बैठक




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** शहर के मोहनपुर स्थित तिरंगा विवाह भवन में शनिवार को भीम आर्मी (भारत एकता मिशन) आजाद समाज पार्टी की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अमर ज्योति का कार्यकताओं ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए अमर ज्योति ने कहा कि बिहार में इन दिनों नीतीश कुमार के शासन में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। कोई अधिकारी बिना रिश्वत लिए काम नहीं करते। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के शासन में अधिकारियों का मन बढ़ा हुआ है। बिहार में दलितों के साथ आये दिन अत्याचार एवं शोषण किया जा रहा है, जो भीम आर्मी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने विधानसभा चुनाव संबंधित सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हमारी पार्टी बिहार में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी और अच्छी खाशी सीटों पर विजय हासिल करेगी। उन्होंने अमित शाह द्वारा संसद में दिए गये बयान का जमकर विरोध जताया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान भीम आर्मी कभी नहीं सहेगी। उन्होंने कहा कि आने वाला समय में उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। मौके पर आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह, प्रदेश प्रभारी कमल सिंह बलिया, शानू मल्लिक, जौहर आजाद, राहुल यादव, युवा जिला अध्यक्ष एनामुल हुसैन, प्रदेश उपाध्यक्ष विद्या यादव, रंजित मल्लिक, जिला अध्यक्ष निलेश कुमार, इंद्र देव प्रसाद, राजा कुमार, अरविंद कुमार पासवान, कमलेश कुमार, वीरेंद्र राम, प्रवेंद्र कुमार, रमेश कुमार, राहुल कुमार, राजेश कुमार, नंदन कुमार आदि मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक प्रखंड कार्यालय में उर्वरक निगरानी समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर प्रखंड में रबी के फसल को देखते हुए किसानों को आसानी से उर्वरक उपलब्धता को लेकर समिति के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी के बीच चर्चा की गई। इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी राम कुमार सिंह ने कहा कि प्रखंड में उर्वरक की कोई कमी नहीं है और किसानों को उचित मूल्य पर आसानी से उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू ने बताया कि कृषि विभाग किसानों की समस्याओं पर ध्यान दे और रबी फसल में यूरिया की कोई किल्लत नहीं हो ऐसी व्यवस्था करें। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दुर्गेश कुमार गुप्ता,ओम प्रकाश सिंह,त्रिलोकी राय,मनोज कुमार तिवारी,अशोक कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद रहें।

# राजद ने की सदस्यता अभियान की समीक्षा



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** शनिवार को कपूर्री आश्रम समस्तीपुर स्थित जिला राजद कार्यालय पर जिला राजद समस्तीपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई तथा सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई। अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद रोमा भारती तथा संचालन जिला राजद के प्रधान महासचिव विपीन सहनी ने की। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जिला राजद समस्तीपुर के प्रभारी श्रीनारायण महतो ने कार्यकताओं को पार्टी के विस्तार को लेकर टिप्स दिए। जिला प्रभारी ने कहा कि सभी वर्गों के साथ शोषित, वंचित, पीड़ित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, किसान, मजदूर, नौजवान, छात्र और महिलाओं के बीच पार्टी और संगठन की मजबूती के लिए ईमानदारी पूर्वक सदस्यता अभियान चलायें। पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सदस्यता अभियान की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने प्रखंड अध्यक्षों तथा विभिन्न प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षों से पंचायत वार अब तक बनाए गये सदस्यों की संख्या की जानकारी ली और अभियान में और तेजी लाने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक सह बिहार विधान सभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कई बड़ी घोषणा की हैं। नेता प्रतिपक्ष ने दावा किया कि अगर महागठबंधन की सरकार बनी तो माई बहिन मान योजना के तहत गरीब महिलाओं को 2500 रुपए दिए जाएंगे। इसके अलावा 200 यूनिट फ्री बिजली और वृद्धा पेंशन 1500 रुपये किए जाने का एलान कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ग के लोगों विशेषतः महिलाओं में सदस्यता अभियान को लेकर भारी उत्साह और जोश है। बिहारवासी एनडीए की 20 वर्षों की थकाऊ - उबाऊ, अप्रचलित और कालग्रस्त नीतीश सरकार को हटाने के लिए संकल्पित है। अपने संबोधन के क्रम में राजद जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद रोमा भारती ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल का सदस्यता अभियान सभी के बीच चलाना है और जो लक्ष्य पहले से निर्धारित है, उसको हर स्तर पर पूरा करना है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि बिहार में आगामी महागठबंधन की होगी। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सुनील कुमार पुष्पम ने कहा कि राजद का सदस्यता अभियान को लेकर आम - आवाम में गजब का जोश तथा उत्साह का आलम है। राजद सामाजिक न्याय तथा सामाजिक सदभाव का प्रतीक है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में अगली सरकार तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन की होगी।

# गोदाम में अचानक आग लगने से बिजली के चपेट में आने से अधेर उम्र व्यक्ति के मौत



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबेर**

समस्तीपुर/उजियारपुर :- समस्तीपुर में बिजली के करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान उजियारपुर थाना क्षेत्र के गांवपुर वार्ड संख्या-6 निवासी हरे कृष्ण सिंह के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृतक के परिजन का बताना है कि अहले सुबह उनके डेकोरेशन के गोदाम में अचानक आग लग गई।गोदाम से सामान बाहर निकालने के कारण बिजली के करंट के संपर्क में आने से अचेत होकर गिर पड़े। जिसके बाद आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज मामले की जांच में जुट गई है।परिजन का आरोप है कि पोस्टमार्टम के बाद शव वाहन के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। बाद में सदर अस्पताल उपाधीक्षक से शिकायत के बाद उन्हें शव वाहन उपलब्ध कराया गया। इधर आग लगने की सूचना पर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुँचकर आग पर काबू पाया।

## पोक्सो एक्ट के प्राथमिकी आरोपी को भेजा गया हवालात

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत चकमहेसी थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के श्रीनाथ पारण गांव में छापेमारी कर थाना कांड संख्या 82/24 के आरोपी अशोक सहनी के पुत्र दीपक कुमार को गिरफ्तार किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिव्या ज्योति कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिलते ही थाने से अवर निरीक्षक रामनाथ राय सहित बल को भेजा गया। गिरफ्तार किए गये आरोपी की तलाश पुलिस को काफी दिनो से थी। बहरहाल आरोपी को कागजी प्रक्रिया के बाद शनिवार को जेल भेज दिया गया।

# अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन की अध्यक्षता में इंटर एजेंसी समन्वय बैठक

## समाहरणालय स्थित आपदा शाखा कार्यालय प्रकोष्ठ में हुई आयोजित




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोङ्क अबु बकर सिद्दीकी**

अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन की अध्यक्षता में इंटर एजेंसी समन्वय बैठक समाहरणालय स्थित आपदा शाखा कार्यालय प्रकोष्ठ में हुई आयोजित। बैठक में
शीत लहर से सुरक्षा हेतु व्यापक जन जागरूकता का निर्णय लिया गया। इस संबंध में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश भी दिए गए।
सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था
कंबल वितरण,
अगलगी से बचाव हेतु जन जागरूकता, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर बाल संरक्षण समिति का गठन एवं नियमित बैठक,
शीत लहर एवं अग्लगी से बचाव हेतु मुखिया को आपदा प्रबंधन शाखा से सीधा पत्राचार, सामाजिक सुरक्षा कोषांग से बाल संरक्षण समितियों के गठन हेतु मुखिया को पत्र निर्गत करना, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रति जन जागरूकता हेतु लीफलेट का वितरण और सोशल मीडिया का उपयोग के साथ ॅश्र्पेंल्लू शेशिर२' ॅंल्ल२े को सशक्त करना आदि विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक चर्चा की गई। अपर समाहर्ता ने निर्देश दिया कि इंटर एजेंसी ग्रुप अपने नेटवर्क के माध्यम से शीत लहर, अग्नि सुरक्षा और भूकंप सुरक्षा को लेकर जागरुकता करें। यह भी निर्णय लिया गया कि 15 जनवरी से भूकंप सुरक्षा सप्ताह मनाने हेतु सभी अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और मुखिया को पत्र निर्गत किया जाए। बैठक में उपस्थित प्रभारी पदाधिकारी जिला आपदा प्रबंधन सह उप निदेशक जनसंपर्क परिमल कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, आशीष अमन, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी रजनीश कुमार, एसडीएफएसओ अग्निशमन विभाग, श्याम कुमार सिंह जीपीएसवीएस_ यूनिसेफ ने अलग अलग बिंदुओं पर चर्चा की और अपने सुझाव दिए। बैठक में आपदा प्रबंधन विभाग एवं जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के कर्मी भी उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक।
झंडोतोलन का मुख्य समारोह वाटसन स्कूल के मैदान में होगा आयोजित।
सभी महत्वपूर्ण विभागों द्वारा निकाली जाएगी आकर्षक झांकी।
उत्कृष्ट झाकियों को किया जाएगा पुरस्कृत।
उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को भी किया जाएगा सम्मानित।---- सभी विद्यालयों के पोषक क्षेत्र में निकलेगी प्रभातफेरी।-
फैंसी क्रिकेट मैच का होगा आयोजन महादलित टोलो में पदाधिकारियो की उपस्थिति में टोला बुजुर्ग करेगें झंडोतोलन।
-जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में बैठक



आयोजित हुई।जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के सफल आयोजन को लेकर संबधित अधिकारियों कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वाटसन स्कूल के मैदान में मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने मैदान की तैयारी एवं मंच सज्जा के लिए कार्यपालक अभियंता, भवन को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मुख्य समारोह में झंडोत्तोलन कार्यक्रम प्रातः 09 बजे आरंभ होगा। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री सहित सभी गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि इस अवसर पर जिले के स्वतंत्रता सेनानियों को भी सम्मानित किया जाएगा।
मुख्य समारोह में बिहार पुलिस, एसएसबी, होम गार्ड, एनसीसी, स्काउट गाइड आदि की टुकड़ियां परेड में शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि परेड की तैयारी के लिए अच्छी तरह से पूर्वाभ्यास किया जाए। सभी महत्वपूर्ण विभागों द्वारा आकर्षक झांकी निकालने को लेकर जिलाधिकारी द्वारा संबधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। उत्कृष्ट झाकियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा ,इसको लेकर सभी प्रभारी पदाधिकारी नियमानुसार अपनी अनुशंसा भेजे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि नगर में साफ सफाई के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। महापुरषो की मूर्तियों एवं स्मारकों की साफ-सफाई का भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। सभी विद्यालयों के पोषक क्षेत्र में प्रभातफेरी निकाली जाएगी,इसको लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को कई निर्देश भी दिए गए। जिले के महादलित टोलो में पदाधिकारियो की उपस्थिति में टोला बुजुर्ग झंडोतोलन करेगे,इसको लेकर जिलाधिकारी ने संबधित पदाधिकारियो को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए ।

# मशाल 2024 प्रतियोगिता की सफलता को मशरक में बैठक आयोजित



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सारण डीएम के निर्देश पर मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर में मशाल 2024 प्रतियोगिता की सफलता को लेकर बीडीओ पंकज कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी और प्रखंड स्तरीय मध्य और उच्च विद्यालयों के सभी प्रधानाध्यापक मौजूद रहें। मौके पर बताया गया कि मशाल प्रतियोगिता के लिए प्रखंड के सभी सरकारी मध्य एवं उच्च विद्यालय चयनित हैं जहां चयनित छात्र छात्राएं एथलेटिक्स, साईक्लिंग, कबड्?डी, फुटबॉल एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिसकी सफलता को लेकर समीक्षा की गयी। बीडीओ पंकज कुमार ने सभी प्रधानाध्यापक को बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन में किसी भी स्तर पर की गयी लापरवाही को गंभीरता से लिया जायेगा एवं संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी

# श्री श्री 108 श्री राम जानकी मंदिर कुआढ़ गांव में श्री रामायणी महायज्ञ का होगा भव्य आयोजन



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोङ्क अबु बकर सिद्दीकी**

नावकोठी/बेगूसराय/मधुबनी जिला के जयनगर प्रखंड क्षेत्र के डोड़वार पंचायत अंतर्गत श्री श्री 108 श्री राम जानकी मंदिर कुआढ़ में श्री रामायणी महायज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा हैं।जिसमें मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्म से लेकर लंका नरेश महाराज रावण के वध तक का 108 प्रतिबिंब प्रतिमाएं मंडप लगाई जाएगी । हालांकि यहां पर 6 दिसंबर से ही सीता राम सीता राम वैदिक मंत्रोच्चारण से वातावरण गूंज रहा है। इस मंत्रों की ध्वनि से आस-पास का पूरा क्षेत्र भक्ति से ओतप्रोत नजर आ रहा है। मधुबनी जिले के जयनगर प्रखंड क्षेत्र के डोड़वार पंचायत स्थित कुआढ़ में आयोजित होने वाले श्री श्री 108 श्री रामायणी महायज्ञ में भाग लेने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंचेंगे। इस यज्ञ स्थल पर भव्य यज्ञशाला का निर्माण किया जाएगा। यहां आए लोग हवन-यज्ञ के बाद सभी देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करेंगे। इस महायज्ञ में पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से पधारने वाले आचार्य व समाज के दंपती नित्य दिन शास्त्रोक्त विधि-विधान से पूजन-हवन करते रहेंगे। वहीं महायज्ञ में मेला का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें मीना बाजार, खेल-तमाशा से दुकानें लोगों को लुभाने के लिए सजाया जायेगा।रही हैं। इस महायज्ञ के यज्ञ कर्ता भगत माल उदय दास त्यागी ने कहा कि रामायण में भी यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डाला गया है। भगवान राम का जन्म यज्ञ द्वारा हुआ। मां जानकी का विवाह एक विशाल यज्ञ द्वारा संपन्न हुआ। यज्ञ में दैवी शक्ति बलवान होती है और असुर का नाश होता है। रावण को जब अपनी हार दिखती है तो वह यज्ञ का ही सहारा लेता है और अपने पुत्र मेघनाथ को तांत्रिक यज्ञ कर अजेय शक्ति प्राप्त करने का आदेश देता है। मगर दैवी इच्छा के कारण उसका यज्ञ पूर्ण नहीं हो पाता। भागवत में भी यज्ञ की महिमा बताई गई है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि सभी यज्ञों में श्री रामायणी महायज्ञ सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इसके करने से धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष चारों पुरुषार्थो की प्राप्ति होती है। साथ ही मानसिक संतुष्टि व शारीरिक पुष्टि मिलती है। यह पुत्र-पौत्र आदि का सुख देने वाला और शौर्य प्रदान करने वाला यज्ञ होगा। इस यज्ञ के करने से खोया हुआ राज्य वापस मिल जाता है और निर्धन को धन मिलता है।

# शकुनि चौधरी हमारे प्रेरणास्रोत हैं - राम आधार

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**सीतामढ़ी ।** पूर्व सांसद व बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पिताजी शकुनी चौधरी जी के 89वें जन्मदिन पर जिला भाजपा महामंत्री राम आधार महतो ने पटना में आयोजित कार्यक्रम में मिलकर उन्हें बधाई दी।
श्री महतो ने कहा कि शकुनि चौधरी पूर्व सैनिक हैं जो 1962 के भारत चीन युद्ध में अपना योगदान दिया है। ये बिहार के किसान मजदूरों के हित के लिए सदैव लड़ते रहे हैं। समता पार्टी के संस्थापक सदस्य रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री शकुनि चौधरी तीन दशक तक बिहार की राजनीति में सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया। उनका विधानसभा व लोकसभा के सदस्य व बिहार में मंत्री के रूप में किये गए कार्य हमेशा स्मरणीय रहेगा। नई पीढ़ि को इनसे प्रेरणा लेकर जनहित में राजनीति करने की सीख लेनी चाहिए।
माँ जानकी की जन्मभूमि सीतामढ़ी की समस्त जनता की तरफ से उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना है।



महतो के साथ महादलित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कुंदन राम एवं युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आशुतोष बबलू उपस्थित थे।

# प्रगति यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री का मशरक से गुजरा काफिला , डीएम एसपी रहें मौजूद




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का गोपालगंज जिले में प्रगति यात्रा को लेकर काफिला सारण जिले के विभिन्न थानों से होते हुए गोपालगंज की सीमा में प्रवेश कर गया?। वहीं उनके काफिले में सुरक्षा को लेकर सारण एसपी कुमार आशीष और सारण डीएम चल रहे थें। मुख्यमंत्री का काफिला पटना से दीघा मे जेपी सेतु पुल से सारण जिले के सोनपुर, दरियापुर, परसा, अमनौर, मढ़ौरा, तरैया और मशरक थाना होते हुए गोपालगंज जिले में लखनपुर गोलम्बर पर प्रवेश किया। वहीं डीएसपी अमरनाथ, एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह, इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह काफिले की सुरक्षा के लिए साथ साथ चल रहे थें। वहीं काफिले के गुजरने को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह दल बल के साथ किसी भी इमरजेंसी के लिए तैनात थें। आपकों बता दें कि गोपालगंज जिले में मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा थी पर मौसम में कुहासे के कारण हेलीकॉप्टर से न होकर सड़क मार्ग से हुई। वहीं देर शाम काफिला पुनः वापस मशरक के रास्ते पटना चला गया।

# 48वीं वाहिनी, एसएसबी, जयनगर ने 660 बोतल नेपाली शराब जब्त की



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

48वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, जयनगर के कार्यक्षेत्र अंतर्गत भारत-नेपाल सीमा चौकी डिगयाटोल के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक बड़ी कामयाबी मिली है । हरेन्द्र सिंह, कार्यवाहक कमांडेंट 48वीं वाहिनी के कुशल नेतृत्व में सीमा चौकी डिगयाटोल के जवानों ने गुप्त सूचना के आधार पर भारत-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 288 से लगभग 200 मीटर दूर भारतीय क्षेत्र में नाका लगाया हुआ था । रात्रि 20:30 बजे कुछ लोग नेपाल से नदी के रास्ते बार्डर पार कर सिर पर कुछ सामान लेकर भारतीय क्षेत्र की और आ रहे थे । एसएसबी के जवानों ने उन्हें रुकने को कहा तो वें सामान को गिराकर भागने लगे, एसएसबी जवानों द्वारा उनका पीछा किया गया लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर वो नेपाल भाग गए । उसके बाद सामान खोलकर देखा गया तो उसमें देशी नेपाली शराब की 660 बोतल (300 टछ) पायी गयी ।जब्त की गयी मदिरा को अग्रिम कार्यवाही हेतु हरलाखी थाने के सुपुर्द कर दिया गया है ।भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार के अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा । श्री हरेन्द्र सिंह, कार्यवाहक कमांडेंट 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है और अवैध गतिविधियों को रोका जा रहा है और भारत-नेपाल सीमा पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।

# बाइक दुर्घटना में घायल शिक्षक की इलाज में पटना में मौत, शोक

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक थाना क्षेत्र के बहुआरा गांव निवासी सरकारी शिक्षक की बाइक दुर्घटना में घायल हालत में इलाज के दौरान पटना के निजी अस्पताल में हो गई। मृतक बहुआरा गांव निवासी अक्षयवट साह हैं जो नगरा के सरकारी विद्यालय में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। निधनं की खबर लगते ही परिजनों समेत शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। शोक व्यक्त करने वालों में बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी, सरपंच



बिनोद प्रसाद, शिक्षक नेता संतोष सिंह, संजय वर्मा, कुमार प्रमोद, प्रखंड राजद अध्यक्ष व जजौली मुखिया प्रतिनिधि वरूण यादव, सरपंच अजय कुमार सिंह, दीनानाथ साह, विरेन्द्र प्रसाद साह, बिनोद बैठा, ठाकुर साह समेत अन्य शामिल रहें। घटना के बारे में बताया गया कि वे बाइक से छपरा जा रहें थे कि गौरा में बाइक दुर्घटना में घायल हो गए।

# प्रखंड विकास पदाधिकारी बथनाहा को दिया गया ज्ञापन



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**सीतामढ़ी ।** बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ बथनाहा के बैनर तले प्रखंड अंतर्गत कार्यरत शिक्षकों के कालमवद्ध प्रोन्नति एवं सेवा पूर्व प्रशिक्षित शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर करने हेतु क्रियान्वन करने हेतु आवेदन दिया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी बथनाहा ने आश्वासन देते हुए कहा कि शिक्षकों के आवेदन पर बहुत ही जल्द कार्य किया जाएगा। मौके पर जिला वरीय उपाध्यक्ष रामबाबू ठाकुर, प्रखंड अध्यक्ष - राम औतार सहनी, नरेंद्र नाथ ठाकुर, प्रखंड सचिव - मो0 कमरुद्दीन नदाफ, हरिश्चंद्र सिंह, रामबाबू सिंह, सुरेंद्र कुमार, लालबाबू सिंह, राजू कुमार, आरती कुमारी, नगीना कुमारी, पंकज कुमार, मनीष कुमार, अर्जुन सिंह इत्यादि।

# प्रखंड परिसर हरलाखी दिनांक 09.01.2025 को निर्माण श्रमिकों के निबंधन /नवीकरण हेतु विशेष शिविर का होगा आयोजन ।

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

प्रखंड परिसर हरलाखी दिनांक 09.01.2025 को निर्माण श्रमिकों के निबंधन /नवीकरण हेतु विशेष शिविर का होगा आयोजन। *शिविर में सिसौनी पंचायतों के योग्य निर्माण श्रमिकों से आवेदन प्राप्त कर ऑन स्पॉट ऑनलाइन स्थानीय ५ ी के माध्यम से किया जाएगा। आयोजित शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी होंगे सम्मिलित

# गुड्डू कुमार ने तेजस्वी यादव के वादों को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प, बिहार को समृद्ध बनाने का किया दावा



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बखरी (बेगुसराय )' राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रखंड अध्यक्ष अनुसूचित जाति, गुड्डू कुमार, ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने नेता और विपक्षी नेता तेजस्वी प्रसाद यादव का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। गुड्डू कुमार का कहना है कि तेजस्वी यादव की सरकार बनने के बाद बिहार में हर घर समृद्ध और खुशहाल होगा।
गुड्डू कुमार ने तेजस्वी यादव के प्रमुख वादों पर चर्चा करते हुए कहा कि महागठबंधन की सरकार बनने पर राज्य में विभिन्न योजनाओं से जनता को व्यापक लाभ होगा। उन्होंने इन वादों को विस्तार से बताया जो बिहार की जनता के लिए अहम साबित हो सकते हैं:
1. 'माई बहिन मान योजना': के तहत माताओं बहनों को ?2500 प्रति माह दिए जायेगे2. निशक्तजन, दिव्यांगजन पेंशन ? निशक्तजन दिव्यांगजनो को हर महीने मिलने वाले ?400 से 1500 रुपया कर दिया जाएंगे
3. विधवा पेंशन विधवा माताओं-बहनों को हर महीने मिलने वाले ?400 रुपए बढ़कर ?1500 किया जाएगा
4. वृद्धजन पेंशन वृद्धजनों को हर महीने मिलने वाले ?400 रुपए बढ़ाकर ?1500 किया जाएगा
5 . हर घर को हर महीने 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी
6. युवाओं को लाखों नौकरियां दी जाएगी उद्योग धंधे लगाए जाएंगे पलायन रोका जाएगा
युवाओं के लिए रोजगार और उद्योगों की स्थापनाः तेजस्वी यादव ने राज्य में लाखों नौकरियों के सृजन, उद्योग-धंधों की स्थापना, और पलायन रोकने का वादा किया है, जिससे युवा वर्ग को रोजगार मिलेगा और राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।
गुड्डू कुमार ने कहा, "तेजस्वी यादव ने जो वादे किए हैं, वे केवल भाषणों तक सीमित नहीं रहेंगे। हम इन्हें पूरा करके दिखाएंगे। आने वाले पांच वर्षों में बिहार को नंबर एक राज्य बनाएंगे।"
उन्होंने यह भी कहा कि वह और उनका दल तेजस्वी यादव के संदेश को बिहार के हर कोने तक पहुंचाएंगे, ताकि हर नागरिक को इन योजनाओं का लाभ मिल सके और उनका जीवन स्तर सुधर सके।
बिहार की राजनीति में तेजस्वी यादव की यह पहल राज्य की जनता में नई उम्मीद का संचार कर रही है। आगामी विधानसभा चुनाव में ये वादे एक अहम मुद्दा बन सकते हैं, जो जनता को एक नई दिशा और बेहतर भविष्य की ओर ले जा सकते हैं।

# स्वास्थ्य व्यवस्था में तत्काल सुधार करना सुनिश्चित करें : जिलाधिकारी

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ



सीतामढ़ी । सदर अस्पताल के एमसीएच बिल्डिंग के सभागार में जिलाधिकारी रिची पांडेय ने सिविल सर्जन, अस्पताल उपाधीक्षक तथा अन्य वरीय अधिकारियों एवं चिकित्सकों के साथ रोगी कल्याण समिति की बैठक की। सदर अस्पताल के लचर व्यवस्था से संबंधित मिल रही शिकायतों के मद्देनजर उपस्थित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए चेताया कि स्वास्थ्य व्यवस्था में तत्काल सुधार करना सुनिश्चित किया जाए। उपलब्ध संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करते हुए मरीज के हित में कार्य किया जाए। बेहतर चिकित्सा व्यवस्था की उपलब्धता के निमित पूरी प्रतिबद्धता, संवेदनशीलता एवं सेवा भाव से अपने दायित्व का निर्वहन करें ताकि अस्पताल पहुंचने वाले रोगियों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े और उनका बेहतर इलाज हो सके।

बैठक में 1000 एलपीएम का पीएसए प्लांट शीघ्र चालू करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। मॉडल हॉस्पिटल के उत्तरी भाग के पेड़ों के कटाई हेतु वन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया। ओपीडी भवन के ऊपर गार्ड एवं एंबुलेंस कर्मी के रहने के लिए शेड का निर्माण, सदर अस्पताल में परिसर में नाला उड़ाही एवं ऊंचाकरण, एंबुलेंस पार्किंग के लिए शेड का निर्माण, स्वच्छ भारत अभियान कायाकल्प 2024–25 के तहत मैराथन दौड़, नुक्कड़ नाटक के द्वारा प्रचार प्रसार, अस्पताल के बेहतर सुरक्षा के लिए सशस्त्र सुरक्षा गार्ड की प्रतिनियुक्ति, पीकू, आईसीयू एवं पोस्टमार्टम के लिए परिजनों के बैठने हेतु शेड एवं चबूतरा का निर्माण, मोर्चरी बॉक्स को स्थानीय लोगों को शुशुल्क उपलब्ध कराने हेतु स्वयं सेवी संस्था को चिन्हित करना इत्यादि बिंदुओं पर विचार विमर्श विचार किया गया एवं इसके क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें जो कि मरीज के हित में बेहतर साबित होगा।वअस्पताल के पदाधिकारियों को स्पष्ट रूप से चेताया कि सदर अस्पताल को दलालों के चंगुल से मुक्त करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाना सुनिश्चित करें, उन्हें चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध विधि सम्मत कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि इस संबंध में किसी भी तरह की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सदर अस्पताल सहित सभी अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया जाएगा। निरीक्षण के क्रम में शिथिलता एवं लापरवाही परिलक्षित होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि चिकित्सक समय पर अस्पताल आना सुनिश्चित करें। रोस्टर के अनुसार अपना ड्यूटी करें। उपाधीक्षक को निर्देश दिया कि समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने वाले चिकित्सकों के विरुद्ध रिपोर्ट करना सुनिश्चित करें। सही रोस्टर बनाएं एवं रोस्टर का अनुपालन हर हाल में हो। उन्होंने कहा कि अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का पूरा लाभ रोगियों को मिले, इस मानसिकता से कार्य करें जिलाधिकारी ने कहा कि सदर अस्पताल में शहर के साथ गांव से बड़ी संख्या में मरीज अपना इलाज कराने पहुंचते हैं। उनके बेहतर इलाज करने की दिशा में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें।

## डीएम ने जिले के आला अधिकारियों के साथ वासुदेवपुर व मुक्तापुर मोईन का लिया जायजा



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर में आगामी 13 जनवरी को बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आगमन को लेकर जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा जिले के अन्य आला अधिकारियों के साथ दोनों स्थलों के शिलान्यास के लिए जायजा लिया। बतादें कि मुक्तापुर मोईन जल जीवन हरियाली व वासुदेवपुर में मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा को लेकर बनाई जा रही हेलीपैड वासुदेवपुर सिक्स लाईन के समीप नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन के समीप स्थल आदि का निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी कुशवाहा ने स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार अंचल पदाधिकारी शशि रंजन कुमार आदि को कई आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए।मौके पर एडीएम अजय कुमार तिवारी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार, पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय महतो टू सहित जिले के कई आला अधिकारी मौजूद थे।

## सर्दियों में बढ़ता है इन चार बीमारियों का खतरा, डॉक्टर आशित ने दी सलाह

प्रखंड संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ



बखरी (बेगुसराय) ' सर्दी का मौसम देश के अधिकांश हिस्सों में धीरे-धीरे बढ़ने के साथ तापमान में गिरावट हो रही है। इस मौसम में सेहत संबंधी कई समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। ठंड के दौरान बैक्टीरिया और वायरस का प्रसार अधिक होता है, जिससे श्वसन संक्रमण और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके साथ ही, यह मौसम पहले से मौजूद स्वास्थ्य समस्याओं को भी बढ़ा सकता है। ऐसे में, डॉक्टर आशित ने हिन्द दर्पण अखबार से हुई बातचीत में सर्दी के मौसम में खास सतर्कता बरतने की सलाह दी है।सर्दी-जुकाम और फ्लू का खतराःसर्दियों के दौरान सर्दी, फ्लू और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियां अधिक आम हो जाती हैं। ठंडी और शुष्क हवा प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर सकती है, जिससे ये संक्रमण तेजी से फैल सकते हैं। अस्थमा और ब्रोंकाइटिस जैसी समस्याओं से पीड़ित लोगों के लिए यह मौसम विशेष खतरे का कारण बन सकता है।

निमोनिया का खतराः
सर्दियों में निमोनिया के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा वाले व्यक्तियों में। डॉक्टर आशित ने बताया कि इन दिनों अस्पतालों में निमोनिया के मामलों में तेजी आई है। ऐसे में इन समूहों के लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। माइग्रेन और सिरदर्दः

सर्दी का मौसम माइग्रेन और सिरदर्द के मरीजों के लिए परेशानी का कारण बन सकता है। डॉक्टर आशित के अनुसार, ठंडी के कारण रक्त प्रवाह पर असर पड़ता है, जिससे सिरदर्द की समस्या बढ़ सकती है। माइग्रेन के मरीजों को इस मौसम में खास ध्यान रखना चाहिए।ब्लड प्रेशर और हृदय संबंधी समस्याएंःसर्दियों में रक्त वाहिकाओं का संकुचन होता है, जिससे रक्तचाप बढ़ सकता है, जो हृदय रोगियों के लिए खतरनाक हो सकता है। डॉक्टर आशित ने विशेष रूप से ब्लड प्रेशर के मरीजों को इस मौसम में अपने ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने के उपायों पर ध्यान देने की सलाह दी है।सर्दियों में इन बीमारियों से बचने के लिए नियमित रूप से डॉक्टर से परामर्श, स्वस्थ आहार, और सर्दी से बचने के उपायों को अपनाना बेहद महत्वपूर्ण है। सतर्कता बरतने से इन बीमारियों के जोखिम को कम किया जा सकता है और सेहत को बनाए रखा जा सकता है।

## भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई करें अन्यथा वरीय पदाधिकारी स्वयं कार्रवाई के लिए तैयार रहें : जिलाधिकारी

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- मध्यान भोजन की शिकायत में दोषी कर्मियों व पदाधिकारियों पर करें कठोर कार्रवाई : जिलाधिकारी



सीतामढ़ी । जिलाधिकारी रिची पांडेय के द्वारा स्थानीय विमर्श सभाकक्ष में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में निर्धारित एजेंडा से संबंधित बिंदुवार समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिया गया।

समीक्षा बैठक में जिला पदाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों का निरीक्षण, अध्यापकों के ऑनलाइन उपस्थिति एवं शिक्षा के आधारभूत संरचना का सतत निरीक्षण किया जाए। अधिकारी द्वारा जांच रिपोर्ट को शिक्षा विभाग के पोर्टल पर हर हाल में अपलोड करना सुनिश्चित करें। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता की दिशा में गंभीर प्रयास करें। संसाधनों की उपलब्धता को लेकर जो कार्य किए जा रहे हैं, उसका सतत अनुश्रवण किया जाए। कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं विहित विशिष्टियों तथा तय मानकों के अनुरूप हो। कार्य में कोताही पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मध्यान भोजन के समीक्षा के क्रम में मिल गई शिकायतों के मद्देनजर सख्त निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि मध्यान भोजन से संबंधित शिकायतों का निराकरण नियमानुसार त्वरित करें। दोषी पाए गए कर्मियों, पदाधिकारियों पर कठोर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए। निर्देश दिया कि कमान एंड कंट्रोल सेंटर में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जाए। सभी विद्यालय में चखना पंजी का संधारण किया जाय तथा निरीक्षणकर्ता मध्यान भोजन की गुणवत्ता का उल्लेख चखना पंजी में करेंगे। सभी विद्यालय में हाइजीनिक कंडीशन में खाना बनाने की व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। विद्यालय के कुकिंग एरिया को और सर्विंग एरिया को साफ सुथरा रखा जाए तथा किचन शेड में प्रॉपर लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि विद्यालय के निरीक्षण के बाद भी यदि गुणवत्ता संबंधी शिकायत प्राप्त होता है तो संबंधित निरीक्षी पदाधिकारी पर जवाबदेही तय करें। जिला के सभी प्रखंडों में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा शिक्षक दरबार लगाना सुनिश्चित किया जाए। शत प्रतिशत बच्चों का आधार कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए। मध्यान भोजन में मेनू का पालन किया जाए। इसके अतिरिक्त अंकुरण परियोजना, पोषण वाटिका, पाक कला प्रतियोगिता इत्यादि की भी जानकारी

## पुण्यतिथिः डा स्व. परमानंद दास की कृति और यश आज भी है जिन्दा



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

बेगूसराय ब्यूरो। सदर प्रखंड क्षेत्र के लाखो पंचायत अंतर्गत मंझलापुर गांव में शनिवार को जीडी कॉलेज के जूलॉजी डिपार्टमेंट के स्टाफ स्वर्गीय परमानंद दास की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। स्वर्गीय परमानंद दास अपने इलाके में जाने-माने होम्योपैथिक के चिकित्सक के रूप में विख्यात थे। आज भी उनके द्वारा मरीजों को दी गई दवा अमृत बना है। होम्योपैथिक के क्षेत्र में जानने वाले डा परमानंद दास की कृति और यश आज भी जिन्दा है। वे हमलोगों के बीच भले नहीं हैं, पर उनकी कृति एकबार लोगों के दिल को झकझोर देती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार नंदकिशोर दास ने की। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय परमानंद दास की कृति आज भी जीडी कॉलेज के प्राध्यापक और कर्मियों के बीच यादगार बना है। उन्होंने कहा कि विभिन्न गांवों में होम्योपैथिक चिकित्सा के रूप में जानने वाले डॉक्टर स्वर्गीय परमानंद दास को लोग आज भी याद कर रहे हैं कि उनके द्वारा दी गई दवाई आज अमृत बना हुआ है। कार्यक्रम में स्वर्गीय परमानंद दास की पुत्रवधू ममता देवी, पोता अमित कुमार, शुभम कुमार, पोती अंजली कुमारी, गुड़िया कुमारी सहित परिवार के सदस्यों ने स्वर्गीय परमानंद दास के तैलिक चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि दी और उन्हें गहरे दिलों से याद किया।

## मिलने वाली है समस्तीपुर वासियों को बड़ी सौगात, मुक्तापुर गुमटी पर ROB का उट करेंगे शिलान्यास




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
मोहम्मद जुबैर

समस्तीपुर :- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 13 जनवरी को समस्तीपुर आगमन पर होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारी में प्रशासन जुटा हुआ है। समस्तीपुर आगमन पर मुख्यमंत्री विकास कार्य संबंधी कई योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। जिसमें मुक्तापुर रेल गुमटी पर आरओबी का शिलान्यास सबसे महत्वपूर्ण है विदित हो कि समस्तीपुर-दरभंगा रेलखंड में मुक्तापुर स्टेशन के पास स्थित रेल गुमटी पर ट्रेनों के आने जाने के कारण दिनभर में कई बार फाटक होता है। इससे अति व्यस्त मार्ग होने के कारण वाहन चालकों को जाम में फंसने को विवश होना पड़ता है। इस गुमटी पर आरओबी बनाने के लिए 99.22 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति भी दी जा चुकी है। वहीं टेंडर की प्रक्रिया जारी है।आरओबी का टेंडर होने के बाद निर्माण एजेंसी को 24 महीने में आरओबी का निर्माण पूरा करने का समय दिया जाएगा। आरओबी बनने से समस्तीपुर-दरभंगा मार्ग में वाहन चालकों को आवागमन में सहूलियत हो जाएगी। इस आरओबी के निर्माण के लिए 0.8054 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण भी किया जाएगा। इस परियोजना की लंबाई 1640 मीटर है।गौरतलब है कि समस्तीपुर में मुक्तापुर रेल गुमटी व भोला टाकिज रेल गुमटी पर आरओबी बनाने की लंबे समय से स्थानीय लोग मांग करते आ रहे हैं। जिसमें मुक्तापुर में आरओबी बनाने के लिए मुख्यमंत्री शिलान्यास करेंगे। हालांकि भोला टाकिज गुमटी पर आरओबी निर्माण का शिलान्यास नहीं होने से लोगों को निराश होना पड़ेगामुख्यमंत्री मगरदही घाट में गडक नदी के पुल के समानांतर नये पुल के लिए प्रस्तावित स्थल का भी निरीक्षण करेंगे। मुक्तापुर में आरओबी का शिलान्यास करने के अलावा मुख्यमंत्री उजियारपुर के रायपुर में इमरजेंसी रिस्पांस फैसिलिटी ट्रेनिंग सेंटर, सौ बेड वाले भीमराव आंबेडकर राजकीय कल्याण छात्रावास का लोकार्पण करेंगे वहीं भीमराव आंबेडकर आवासीय उच्च विद्यालय के भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे उसके बाद मुक्तापुर मोइन के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण करने के बाद वारिसनगर के शेखोपुर में तालाब का भ्रमण करने के साथ मछली छोड़ेंगे। शेखोपुर पंचायत में सोलर स्ट्रीट लाइट का निरीक्षण, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का शिलान्यास, पौधरोपण, विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण, शिक्षा विभाग के स्टॉल का निरीक्षण, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना व बिहार स्टार्टअप योजना के लाभुकों के स्टॉल का निरीक्षण करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री जीविका दीदियों, तालिमी मरकज व टोला सेवकों से वार्ता करने के साथ हर घर नल का जल योजना, आंगनबाड़ी केन्द्र, का निरीक्षण करेंगे। वे कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ भी बैठक कर विकास के काम की समीक्षा करेंगे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में विशेष बैठक



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सभागार में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी का प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हैदर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। सीएचओ की बैठक 151 तरह की दवा उपलब्ध सभी हेल्थ वेलनेस सेंटर सहित स्वास्थ्य उप केंद्र में रोगियों के लिए उपलब्ध है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर हैदर ने उपस्थित सीएचओ समय पर स्वास्थ्य उप केंद्र सहित पदस्थापित जगह पर उपलब्ध रहने का निर्देश दिया। जिससे किसी भी पोषक क्षेत्र के रोगियों को कठिनाई ना हो।शिकायत मिलने पर चेतावनी देते हुए कहा कि विधि सम्मत कार्रवाई हो सकती है। बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार, यूनीसेफ प्रखंड प्रतिनिधि शंकर सुमन, सीएचओ नंदलाल सैन, शिव नारायण ज्ञानी, आयुष कुमार, अमित राज, स्वेता कुमारी, सुरभी कुमारी, अभिलाषा कुमारी, शुभम शर्मा आदि उपस्थित थे।

## ताश खेलने के विवाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी, जांच में जुटी पुलिस

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के विथान थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिंहमा में एक युवक को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को सिंहमा में कुछ युवक ताश खेल रहे थे। ताश खेलने के दौरान विवाद होने पर अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृत युवक की पहचान उक्त गांव के ही स्व राजेश्वर यादव का पुत्र बिट्टू कुमार के रूप में हुई है। इस संबंध में रोसड़ा डीएसपी सोनल कुमारी ने बताया कि एक युवक की हत्या की खबर संज्ञान में आई है। उन्होंने बताया कि इस मामले का सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मृतक के फरीक ने ही ताश खेलने के विवाद में बिट्टू कुमार को गोली मारकर हत्या कर दी है। वैसे एफएसएल को जांच पड़ताल करने के लिए बुलाया गया है। डीएसपी ने बताया कि अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इधर घटना घटित होने के बाद काफी संख्या में स्थानीय पुलिस पहुंची हुई है। विथान थाना की पुलिस में अपने स्तर से जांच पड़ताल में जुट गई है।

## डीएम ने लगाया सदर अस्पताल के अधिकारी को फटकार

**मो. सदरे आलम नौमानी**

**सीतामढ़ी:** सदर अस्पताल के एम०सी० एच० बिल्डिंग के सभागार में जिलाधिकारी सीतामढ़ी रिची पांडेय ने सिविल सर्जन, अस्पताल उपाधीक्षक तथा अन्य वरीय अधिकारियों एवं चिकित्सकों के साथ रोगी कल्याण समिति की बैठक की। सदर अस्पताल के लचर व्यवस्था से संबंधित मिल रही शिकायतों के मद्देनजर उपस्थित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए चेताया कि स्वास्थ्य व्यवस्था में तत्काल सुधार करना सुनिश्चित किया जाए। उपलब्ध संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करते हुए मरीज के हित में कार्य किया जाए। बेहतर चिकित्सा व्यवस्था की उपलब्धता के निमित पूरी प्रतिबद्धता,संवेदनशीलता एवं सेवा भाव से अपने दायित्व का निर्वहन करें ताकि अस्पताल पहुंचने वाले रोगियों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े और उनका बेहतर इलाज हो सके।*

बैठक में 1000 एलपीएम का ढरअ प्लांट शीघ्र चालू करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। मॉडल हॉस्पिटल के उत्तरी भाग के पेड़ों के कटाई हेतु वन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया। ओपीडी भवन के ऊपर गार्ड एवं एंबुलेंस कर्मी के रहने के लिए शेड का निर्माण, सदर अस्पताल में परिसर में नाला उड़ाही एवं ऊंचाकरण, एंबुलेंस पार्किंग के लिए शेड का निर्माण,स्वच्छ भारत अभियान कायाकल्प 2024 –25 के तहत मैराथन दौड़,नुक्कड़ नाटक के द्वारा प्रचार–प्रसार, अस्पताल के बेहतर सुरक्षा के लिए सशस्त्र



सुरक्षा गार्ड की प्रतिनियुक्ति, पीकू, आईसीयू एवं पोस्टमार्टम के लिए परिजनों के बैठने हेतु शेड एवं चबूतरा का निर्माण,मोर्चरी बॉक्स को स्थानीय लोगों को शुशुल्क उपलब्ध कराने हेतु स्वयं सेवी संस्था को चिन्हित करना इत्यादि बिंदुओं पर विचार विमर्श विचार किया गया एवं इसके क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी पदाधिकारी आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें जो कि मरीज के हित में बेहतर साबित होगा।अस्पताल के पदाधिकारियों को स्पष्ट रूप से चेताया कि सदर अस्पताल को दलालों के चंगुल से मुक्त करने की दिशा में प्रभावी कदम उठाना सुनिश्चित करें,उन्हें चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध विधि सम्मत कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि इस संबंध में किसी भी तरह की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित पर जिम्मेदारी तय करते हुए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सदर अस्पताल सहित सभी अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया जाएगा।निरीक्षण के क्रम में शिथिलता एवं लापरवाही परिलक्षित होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी में निर्देश दिया कि चिकित्सक समय पर अस्पताल आना सुनिश्चित करें।रोस्टर के अनुसार अपना ड्यूटी करें। उपाधीक्षक को निर्देश दिया कि समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने वाले चिकित्सकों के विरुद्ध रिपोर्ट करना सुनिश्चित करें। सही रोस्टर बनाएं एवं रोस्टर का अनुपालन हर हाल में हो।उन्होंने कहा कि अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का पूरा लाभ रोगियों को मिले, इस मानसिकता से कार्य करें जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सदर अस्पताल में शहर के साथ गांव से बड़ी संख्या में मरीज अपना इलाज कराने पहुंचते हैं अतः पूरी संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उनके बेहतर इलाज करने की दिशा में पूरी निष्ठा के साथ कार्य करें।*बैठक के बाद जिलाधिकारी के द्वारा सदर अस्पताल के पीकू एवं आई सी यू वार्ड के साथ नवनिर्मित मॉडल अस्पताल का निरीक्षण भी किया गया एवं उपस्थित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी के द्वारा अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात भी की गई आवश्यक फीडबैक मरीजों से लिए गए।

# मदरसा मुफ्ती आजम ए हिंद हरपुरवा में कम्बल वितरण किया गया




**मो.सदरे आलम नौमानी**

**सीतामढ़ी:**ठंड के मौसम में गरीब और जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के बैनर तले एक सराहनीय पहल की गई। प्रदेश महासचिव मो. शमशाद अंसारी एवं पुपरी प्रखंड अध्यक्ष अली इमाम मंसूरी के नेतृत्व में मदरसा मुफ्ती आजम ए हिंद, हरपुरवा में 35-40 बच्चों के बीच स्वेटर, कंबल और अन्य गर्म कपड़े वितरित किए गए इस कार्यक्रम में कई स्थानीय और क्षेत्रीय समाजसेवियों ने हिस्सा लिया, जिनमें फिरोज मंसूरी, मोहम्मद फैजान, मोहम्मद अशरफ, नूर आलम मंसूरी, हाफिज जहांगीरूल कादरी, उजाले साफी, और शमशेर अंसारी मुख्य रूप से शामिल रहे।

कार्यक्रम का आयोजन मानवता की सेवा और जरूरतमंद बच्चों को ठंड से बचाने के उद्देश्य से किया गया। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज के हर वर्ग को इस तरह के सेवा कार्यों में आगे आना चाहिए इस मौके पर प्रदेश महासचिव मो. शमशाद अंसारी ने कहा, "यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम समाज के गरीब और वंचित वर्गों की मदद करें।

# ताश खेलने के विवाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी, जांच में जुटी पुलिस



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के विथान थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिंहमा में एक युवक को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को सिंहमा में कुछ युवक ताश खेल रहे थे। ताश खेलने के दौरान विवाद होने पर अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृत युवक की पहचान उक्त गांव के ही स्व राजेश्वर यादव का पुत्र बिट्टू कुमार के रूप में हुई है। इस संबंध में रोसड़ा डीएसपी सोनल कुमारी ने बताया कि एक युवक की हत्या की खबर संज्ञान में आई है। उन्होंने बताया कि इस मामले का सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मृतक के फरीक ने ही ताश खेलने के विवाद में बिट्टू कुमार को गोली मारकर हत्या कर दी है। वैसे एफएसएल को जांच पड़ताल करने के लिए बुलाया गया है। डीएसपी ने बताया कि अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इधर घटना घटित होने के बाद काफी संख्या में स्थानीय पुलिस पहुंची हुई है। विथान थाना की पुलिस में अपने स्तर से जांच पड़ताल में जुट गई है।

# भाजपा जब से देश में आई संविधान को खत्म करने की कर रही साजिश

## कांग्रेस के जिला कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले राष्ट्रीय सचिव सह प्रदेश प्रभारी सुशील कुमार पासी,

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह बिहार प्रभारी सुशील कुमार पासी ने कहा कि देश के संविधान पर खतरा है ।भाजपा जब से देश में आई है संविधान को खत्म करने की साजिश कर रही है। हमारे नेता राहुल गांधी ने देश में पार्टी कार्यकताओं को जय बापू,जय भीम,जय संविधान नारे के साथ एक मिशन दिया है। इस मिशन को गांव गांव तक आम लोगों के बीच पहुंचाना है।इसकी शुरूआत बिहार में मां जानकी जन्म भूमि सीतामढ़ी से की जा रही है।कार्यकताओं को अब इस नारे के मिशन पर काम करते हुए संगठन को मजबूत करना है। राष्ट्रीय सचिव पासी शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कार्यालय ललित आश्रम में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि सहित पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राजेश राठौर व प्रदेश सचिव रूपम झा को जानकी उद्भव झांकी ,मिथिला पाग व अंग वस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया। सम्मेलन में आगामी विधान सभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रीय सचिव पासी ने कार्यकताओं को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। कहा कि बिहार के कांग्रेस कार्यकर्ता ताकत के साथ खड़े हो जाएं तो पार्टी सभी सीटों पर चुनाव लड़ सकती है ।इसके लिए बूथ तथा पंचायत कमेटी बनाकर संगठन को मजबूत करना है ताकि हम सभी सीटों पर चुनाव लड़ सके। वैसे आला कमान का निर्णय ही मान्य होगा । प्रदेश प्रवक्ता राजेश राठौर ने जिले के संगठन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पार्टी का नीव प्रखंड अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्ष होते हैं। यहां बड़ी संख्या में पंचायत एवं सभी प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित हैं। प्रदेश सचिव रूपम झा ने भी संगठन के मजबूती पर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाया।सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सिंह ने कहा कि सीतामढ़ी जिला में कांग्रेस पार्टी का संगठन इतना मजबूत है कि आला कमान यदि जिले के सभी सीटों पर चुनाव लड़ते हैं तो निश्चित रूप से सफलता प्राप्त होगी। सम्मेलन में सीताराम झा, विपिन झा, ताराकांत झा, अंजारुल हक तौहीद, अफाक खान, पूर्व प्रत्याशी प्रो रूपम यादव ,मोनी गुप्ता,रितेश रमण सिंह ,वीरेंद्र कुशवाहा,प्रमोद नील, रकतू प्रसाद ,वीरेंद्र राम, संजय कुमार, रामू मिश्रा, अरविंद चौधरी, सुभाष यादव, संजय बिररख,मणि भूषण सिंह ,गुड्डू यादव, ज्वाला प्रताप सिंह, दिलीप पांडेय ,रोहन गुप्ता,विनोद सिंह, ज्वाला प्रताप सिंह,विजय राठौर,प्रो रणजीत कुमार,दीपक कुमार दीप , रितु देवी सहित अन्य मौजूद थे।



# मरहूम शाहिद अली खान हरदिल अजीज नेता थे : साजिद खान

**मो.सदरे आलम नौमानी**

**सीतामढ़ी:**शाहिद अली चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में पूर्व मंत्री मरहूम शाहिद अली खान का सातवां पुण्यतिथि कार्यक्रम डुमरा रोड स्थित आवास अख्ता हाउस में ट्रस्ट के सचिव शादाब अहमद खान के अध्यक्षता में संपन्न हुई ! जिसमें कुरान पाक की तिलावत की गई और उनके लिए दुआएं कि गई उसके बाद जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया,बैठक को संबोधित करते हुए उनके भाई डॉक्टर साजिद अली खान ने कहा की जो दुनिया में आया उन्हें एक दिन इस दुनिया को अलविदा कहकर चले जाना है, उनके बहुत ऐसे कार्य है जिससे याद कर लोग उनकी कमी आज भी महसूस करते हैं,कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजसेवी पत्रकार रमाशंकर शास्त्री ने कहा की आज भी उनकी कमी मुझे ही नहीं सीतामढ़ी समेत पूरे बिहार को महसूस होती हैं सीतामढ़ी में किसी नेता ने शिक्षा का कोई अलख जगाया था वह शाहिद अली खान द्वारा निर्मित गगनचुंबी इमारत इंजीनियरिंग कॉलेज या पालीटेक्निक कॉलेज सीतामढ़ी की शोभा बढ़ाता बच्चों का भविष्य उज्जवल कर रहा,ट्रस्ट के सचिव शादाब अहमद खान ने कहा की कई दशकों तक कोई दूसरा शाहिद नहीं होगा उनका विकास और शिक्षा पर काफी जोड़ था बच्चों को वजीफा देना उच्च तकनीकी शिक्षा पर उनका अधिक जोड़ था पूर्व मंत्री बोलते थे सड़क पुल पुलिया बनेगा टूट जाएगा शिक्षा का कॉलेज बनेगा वहाँ से उत्तीर्ण बच्चा कितना पुल पुलिया भवन का निर्माण कर देगा! मौके मोहम्मुर्तजा,सुजीत झा,नेहाल अहमद,लक्ष्मी सिंह,आफताब खान,अता करीम,नूरूल हक,कनक झा,जफर इकबाल,शारिम खान,अशोक कुमार आदि प्रमुख थे




# बिहार में सबसे अधिक सीतामढ़ी नगर निगम ने किया होल्डिंग टैक्स दर में वृद्धि

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सीतामढ़ी।भारतीय जनता पार्टी के ज़िला उपाध्यक्ष पूर्व मेयर प्रत्याशी विशाल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सीतामढ़ी नगर निगम के मेयर और सशक्त समिति के द्वारा सीतामढ़ी के नागरिकों के ऊपर अत्यधिक बोझ के रूप में होल्डिंग टैक्स का जो दर तय किया वो बिहार में सबसे ज्यादा है। उस पर विरोध दर्ज किया गया।विशाल कुमार ने कहा कि सीतामढ़ी के साथ बने अन्य नगर निगम से लगभग दुगना और पटना से भी अधिक होल्डिंग टैक्स नगर निगम के सभी वार्डों के नागरिकों के ऊपर जबरन थोपा गया है।और उस टैक्स की वसूली के लिए एजेंसी को कार्य आदेश दिया गया। वह भी नियम के विरुद्ध दुगना से ज्यादा कमीशन दिया गया और इस उगाही में मेयर और सशक्त समिति के सदस्यों ने आपस में बंदरबाँट किया। इसके विरोध में सभी नगर निगम के नागरिकों में अत्यधिक रोष है। पूरा शहर डुमरा और भवदेपुर वार्ड एक से सिमरा वार्ड 46 तक के लोगो से इस अन्याय पूर्ण होल्डिंग टैक्स के प्रति नाराजगी है और टैक्स वापसी के लिए आंदोलन हेतु तैयार है ।विशाल कुमार ने जल्द से जल्द बोर्ड की बैठक बुलाने की माँग की और बोर्ड की बैठक में होल्डिंग टैक्स में सुधार करते हुए इसे कम करने की माँग की।

खाली जमीन के ऊपर जिस पर किसान खेती करते है उनसे भी होल्डिंग टैक्स की वसूली का जबरन दबाव है ।इसके संदर्भ में संजय पूर्वे और मधुरेंद्र सिंह ने किसानों से खेती की जमीन पर होल्डिंग टैक्स का विरोध किया। शिवशंकर प्रसाद आग्नेय कुमार ने आम जनता के ऊपर दुगने लगान का होल्डिंग टैक्स इस बोर्ड की बैठक में हटाने की माँग की। मौके पर आग्नेय कुमार ,शिवशंकर प्रसाद ,संजीव पूर्वे ,पवन सिंह ,आशुतोष कुमार मधुरेंद्र कुमार ,प्रदीप कुमार ,पारस कुमार सिंह, राजीव कुमार राजा ,सुधीर सिंह आशीष कुमार ,संतोष कुमार, वरुण कुमार ,मुकेश कुमार, विशाल कुमार बिट्टू, मोहन कुमार गोपाल कुमार ,रामबाबू यादव, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# इंडियन रेडक्रास ने अग्नि पीड़ितों के बीच किया राहत सामग्री वितरण




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

सीतामढ़ी। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा सीतामढ़ी द्वारा परिहार प्रखण्ड के बबुरवन गांव, वार्ड नंबर 3 के अग्नि पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण किया गया। रेड क्रॉस सचिव राजेश कुमार सुन्दरका ने बताया कि रेड क्रॉस, सीतामढ़ी पीड़ितों के सहायतार्थ, बिना रुके आगे बढ़ते हुए सहायक सचिव संजय कुमार सिन्हा के संयोजकत्व में घटना स्थल पर पहुंच कर अग्नि पीड़ित पूनम कुमारी, राम केवल कुमार एवं नथू राय को राहत सामग्री वितरीत की गई। राहत सामग्री वितरण के दौरान भारतोलन संघ के सचिव सतीश कुमार एवं वालंटियर सुभाष कुमार ने भी सहयोग किया। राहत सामग्री में सभी पीड़ित परिवार को बरतन का सेट, बड़ी तारपोलिन शीट, कम्बल, हाईजीन किट आदि उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीण लोग उपस्थित थे।इसके अलावा रीगा प्रखण्ड के अन्हारी गांव, वार्ड नंबर 9 के अग्नि पीड़ित प्रवेश राय को भी रेड क्रॉस कार्यालय बुलाकर राहत सामग्री उपलब्ध कराई गई।

# कार्यशाला: मत्स्य किसानों का एक दिवसीय प्रशिक्षण व भ्रमण दर्शन कार्यक्रम आयोजित




**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**साहिल अंसारी**

बेगुसराय तेघड़ा तेघड़ा प्रखंड के चिल्हाय पंचायत में मत्स्य विभाग और प्रदान संस्था द्वारा मछली पालन पर कार्यशाला आयोजित कर मछली पालकों को प्रशिक्षित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदान टीम के सौरभ वर्मा एवं मत्स्यजीवी सहयोग समिति के प्रखंड अध्यक्ष गणेश सहनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मत्स्य विशेषज्ञ सौरभ वर्मा द्वारा नई तकनीक से मछली पालने के गुर सिखाए गए। उन्होंने कम समय मैं अधिक उत्पादन को ले विस्तृत जानकारी दी। साथ ही मछलियों में विभिन्न तरह की होने वाली बीमारियों एवं उसके रोकथाम के लिए कई घरेलू उपाय भी बताया। कहा कि मछली पालकों को सबसे पहले यह पता चल जाए कि मछली में कौन सी बीमारी पकड़ ली है, तो उसका निदान घरेलू व देहाती उपायों से स्वयं कर सकते हैं। उन्होंने मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए चिकित्सकीय व तकनीकी सहयोग मछली पालकों को दिलाने का भरोसा दिलाय। इस अवसर पर श्री वर्मा ने मछली में होनी वाली बीमारी व उपचार से संबंधित जानकारी दी। मौके पर सहयोग समिति के

# औंसी थाना से 50 मीटर उत्तर एन एच 527 बी से एक पिकअप भान को पकड़ा गया है जिसमें अंग्रेजी विदेशी शराब 126 लीटर बरामद



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो. अबु बकर सिद्दीकी**

मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंड क्षेत्र के औंसी थाना अंतर्गत औंसी थाना से 50 मीटर उत्तर एन एच 527 बी से एक पिकअप भान को पकड़ा गया है जिसमें अंग्रेजी विदेशी शराब 14 कार्टून प्रत्येक कार्टून में 12 बोतल कुल बोतल 168 पीस प्रत्येक बोतल 750 एम एल का कुल मात्रा 126 लीटर बरामद किया गया है थाना औंसी अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चेकिंग अभियान चलाया गया था इसी क्रम में एक पिकअप वैन को रोका गया लगातार पुलिस टीम दारू माफिया के खिलाफ अभियान चला रही है जो भी इस तरह के कारोबार में सन लिप्त है उसे बक्शे नहीं जाएंगे लगातार इस तरह का अभियान चलता रहेगा जब से विकास कुमार थाना अध्यक्ष ने इस थाना का पदभार संभाले हैं जब से इस क्षेत्र में लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं

# रियलमी ने भारतीय ई-स्पोर्ट्स परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए क्राफ्टन इंडिया के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।**
भारत के गेमिंग उद्योग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसने देश को वैश्विक गेमिंग परिदृश्य में एक प्रमुख शक्ति में बदल दिया है। 2028 तक, एशिया प्रशांत क्षेत्र में गेमिंग राजस्व में 181.8 बिलियन डॉलर उत्पन्न होने का अनुमान है, जो वैश्विक बाजार का 54.4 प्रतिशत है। इस क्षेत्र के भीतर, भारत का ऑनलाइन गेमिंग बाजार 2028 तक 66,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है, जो 14.5 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ रहा है। इस वृद्धि में कई कारक योगदान करते हैं, जिसमें भारत की युवा जनसांख्यिकी शामिल है। इसमें लगभग 600 मिलियन लोग 35 वर्ष से कम आयु के हैं। दुनिया के कुछ सबसे किफायती मोबाइल डेटा कीमतों और 650 मिलियन से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं के साथ, भारत ने विशेष रूप से गेमिंग में डिजिटल मनोरंजन उपभोग की एक मजबूत संस्कृति विकसित की है। उद्योग की वृद्धि विशेष रूप से दो प्रमुख क्षेत्रों में स्पष्ट है। रियल-मनी गेमिंग (आरएमजी) बाजार ने कौशल-आधारित खेलों के माध्यम से महत्वपूर्ण गति प्राप्त की है, जबकि सामाजिक और आकस्मिक गेमिंग क्षेत्र युवा वयस्कों और कामकाजी पेशेवरों के बीच अपनी पहुंच का विस्तार करना जारी रखता है। ऐप-आधारित गेमिंग में यह उछाल मनोरंजन वरीयताओं में व्यापक बदलावों को दर्शाता है, जो स्मार्टफोन अपनाने और बेहतर इंटरनेट कनेक्टिविटी के बढ़ने से प्रेरित है। भारत के बढ़ते गेमिंग बाजार में और अधिक लाभ उठाने के लिए रियलमी ने बैटलग्राउंड्स मोबाइल इंडिया सीरिज (बीजीआईएस) 2025 और बैटलग्राउंड्स मोबाइल प्रो सीरिज (बीएमपीएस) 2025 के लिए आधिकारिक स्मार्टफोन भागीदार के रूप में केआरएएफटीओएन इंडिया के साथ हाथ मिलाया है। 2025 को अपने पहले समर्पित गेमिंग वर्ष के रूप में चिह्नित करते हुए, रियलमी ने ई-स्पोर्ट्स को मुख्य रणनीतिक फोकस के रूप में स्थान दिया है। यह रणनीतिक सहयोग एक महत्वपूर्ण समय पर आता है, क्योंकि भारत में 2028 तक 720 मिलियन मोबाइल गेमर्स तक पहुंचने का अनुमान है। यह साझेदारी कोलकाता में बीजीआईएस 2025 एलएएन फ़ाइनल के साथ शुरू होगी, जिसमें 2 करोड़ रुपये का पर्याप्त पुरस्कार पूल होगा, जो प्रतिस्पर्धी गेमिंग में निवेश के पैमाने को प्रदर्शित करता है।

# अप्रैल-दिसंबर में निजी, वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन 34 फीसदी बढ़ा

## - एक साल पहले नौ करोड़ 76.65 लाख टन का हुआ था

**नई दिल्ली ।**
चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-दिसंबर में निजी उपयोग वाली (कैप्टिव) और वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन 34.2 प्रतिशत बढ़कर 13 करोड़ 10.5 लाख टन हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में निजी उपयोग वाली और वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन नौ करोड़ 76.65 लाख टन का हुआ था। कोयला मंत्रालय ने कहा कि दिसंबर में निजी उपयोग वाली और वाणिज्यिक खदानों से कोयला उत्पादन एक करोड़ 84 लाख टन का हुआ था। सरकार द्वारा जारी आठ प्रमुख उद्योगों के सूचकांक (आधार वर्ष 2011-12) के अनुसार, कोयला क्षेत्र ने एक साल पहले 185.7 अंक की तुलना में नवंबर, 2024 में 7.5 प्रतिशत (अस्थायी) की वृद्धि के साथ 199.6 अंक दर्ज किए हैं। कोयला उद्योग का सूचकांक अप्रैल-नवंबर, 2024 के दौरान 172.9 अंक पर पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष इसी



अवधि के दौरान यह 162.5 अंक था, जो सभी आठ प्रमुख उद्योगों में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

# भारत का स्मार्टफोन बाजार इस साल 50 बिलियन डॉलर के पार पहुंच जाएगा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।**
एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, प्रीमियमाइजेशन के चल रहे ट्रेंड और लोकल मैन्युफैक्चरिंग पर जोर के कारण भारत का स्मार्टफोन बाजार 2025 तक 50 बिलियन डॉलर के पार पहुंच जाएगा। काउंटरपॉइंट के इंडिया स्मार्टफोन आउटलुक की लेटेस्ट रिसर्च के अनुसार, भारत के स्मार्टफोन बाजार का रिटेल एवरेज सेलिंग प्राइस (एएसपी) इस साल पहली बार 300 डॉलर के पार पहुंचने की उम्मीद है। एप्पल और सैमसंग प्रीमियम और अल्ट्रा-प्रीमियम सेगमेंट में प्रतिस्पर्धी विकल्प पेश कर इस बदलाव को लीड कर रहे हैं। एप्पल को अपने प्रो मॉडल की मजबूत मांग देखने की उम्मीद है, जो लोकल मैन्युफैक्चरिंग और अपने आईफोन लाइनअप में हाल ही में की गई कीमतों में कटौती के इस बीच, सैमसंग की मूल्य-केंद्रित रणनीति खास तौर पर अपनी प्रमुख एस सीरीज के साथ लोकप्रिय हो रही है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वनप्लस अपने फ्लैगशिप वनप्लस 13 के लॉन्च के साथ अल्ट्रा-प्रीमियम सेगमेंट (45,000 रुपये से ऊपर) में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। प्रीमियमाइजेशन की ओर बदलाव की वजह यह भी है कि उपभोक्ता तेजी से ऑफलाइन स्टोर्स की ओर रुख कर रहे हैं, जहां वे खरीदारी करने से पहले प्रीमियम स्मार्टफोन का अनुभव कर सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई-पावर्ड फीचर्स में बढ़ती दिलचस्पी ने उपभोक्ताओं को इन इनोवेशन को बेहतर ढंग से समझने में मदद की है। रिपोर्ट में कहा गया है, भारतीय स्मार्टफोन बाजार तेजी से विकसित हो रहा है, जिसमें ऑरिजनल इक्विप्मेंट मैन्युफैक्चरर्स (ओईएम) ब्रांड इक्विटी को मजबूत करने, तकनीकी क्षमताओं का प्रदर्शन करने और लाभप्रदता में सुधार करने के लिए प्रीमियम लॉन्च पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। किफायती प्रीमियम श्रेणी (30,000 रुपये-45,000 रुपये) में, वीवो, ओप्पो और वनप्लस जैसे ब्रांड एडवांस कैमरा सिस्टम और रिफाइंड सीएमएफ डिजाइन पेश करके ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। लोकल मार्केट के विस्तार में वनप्लस द्वारा चरणबद्ध तरीके से 6,000 करोड़ रुपये के नियोजित निवेश से इसकी रिकवरी और विकास में तेजी आने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, देश में प्रीमियम सेगमेंट (30,000 रुपये और उससे अधिक) का बाजार हिस्सा 2025 तक 20 प्रतिशत से अधिक होने का अनुमान है।

# देश की अर्थव्यवस्था में हाउसिंग सेक्टर का बढ़ेगा योगदान, छोटे शहर बन रहे नए ग्रोथ हबः रिपोर्ट



**नई दिल्ली।**
भारत के हाउसिंग सेक्टर का जीडीपी में योगदान बढ़कर 2025 तक 13 प्रतिशत होने की उम्मीद है। यह जानकारी शुक्रवार को एक रिपोर्ट में दी गई। जेएलएल की रिपोर्ट में बताया गया कि 2030 तक रियल एस्टेट सेक्टर बढ़कर एक ट्रिलियन डॉलर की मार्केट बन सकता है। यह सेक्टर डेमोग्राफिक शिफ्ट, पॉलिसी रिफॉर्म और ग्लोबल ट्रेंड से प्रभावित होगा। टियर 2 और 3 शहर प्रमुख विकास केंद्रों के रूप में उभर रहे हैं।जयपुर, इंदौर और कोच्चि जैसे छोटे शहरी केंद्रों का 2025 तक नए आवासों में योगदान 40 प्रतिशत होगा। शहरी घर स्वामित्व दर 2025 तक बढ़कर 72 प्रतिशत हो सकती है, जो कि 2020 में 65 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि मिलेनियल्स और जेन जेड खरीदारों की संख्या 2030 तक 60 प्रतिशत होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार, सस्टेनेबिलिटी को पहले एक लग्जरी माना जाता था। ग्रीन-सर्टिफाइड बिल्डिंग्स की संख्या 2025 तक बढ़कर 30 प्रतिशत होने की उम्मीद है। 2020 में यह संख्या 15 प्रतिशत थी। एलईईडी (लीडरशीप इन एनर्जी एंड एनवायरमेंट डिजाइन) जैसे ग्रीन बिल्डिंग सर्टिफिकेशन अधिक आम होते जा रहे हैं क्योंकि रियल एस्टेट उद्योग सस्टेनेबिलिटी को प्राथमिकता दे रहा है।2024 के दौरान बेची गई रेजिडेंशियल यूनिट्स की संख्या 2023 की कुल बिक्री की तुलना में 17 प्रतिशत अधिक थी। मिश्रित उपयोग वाले विकास तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं, जो लिव-वर्क-प्ले वातावरण बनाने की दिशा में जा रहे वैश्विक ट्रेंड को दिखाता है। रिपोर्ट में बताया गया है, इस तरह का विकास एक ही परियोजना के भीतर आवासीय, वाणिज्यिक और मनोरंजक स्थानों को जोड़ते हैं, जिससे निवासियों को पैदल दूरी के भीतर उनकी जरूरत की हर चीज मिलने की सुविधा मिलती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्मार्ट घरों और तकनीक-एकीकृत रहने की जगहों की मांग भी आसमान छू रही है।

# मार्च 2024 को खत्म वित्त वर्ष में 4.67 करोड़ अतिरिक्त रोजगार सृजित हुए

**मुंबई ।**
मार्च 2024 को खत्म वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में 4.67 करोड़ अतिरिक्त रोजगार सृजित हुए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में रोजगार सृजन की रफ्तार बरकार रही। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक सर्वेक्षण के अनुसार, अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024 के दौरान भारत के असंगठित क्षेत्र में कुल अनुमानित रोजगार में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10.01 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। असंगठित क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण से पता चलता है कि कवर किए गए व्यापक क्षेत्रों (ब्रॉड सेक्टर) में, अन्य सेवाओं (अन्य सर्विस) में प्रतिष्ठानों ने अक्टूबर 2023 और सितंबर 2024 के बीच 12 करोड़ से अधिक अतिरिक्त श्रमिकों को रोजगार दिया। यह 2022-23 से एक करोड़ से अधिक श्रमिकों की वृद्धि और मजबूत श्रम बाजार वृद्धि को दिखाता है। असंगठित गैर-कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था में रोजगार, सकल घरेलू उत्पाद और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह क्षेत्र न केवल लाखों लोगों की आजीविका को बनाए रखता है, बल्कि घरेलू मूल्य श्रृंखला (डोमेस्टिक वैल्यू चेन) में अपनी भूमिका को मजबूत कर वस्तुओं और सेवाओं की सप्लाई करता है। इसी तरह, औपचारिक क्षेत्र में वृद्धि जारी रही है। यह क्षेत्र में बेहतर गुणवत्ता वाली नौकरियां प्रदान करता है। नवंबर 2024 में जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में नए सदस्यों की संख्या में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में वृद्धि की है। कर्मचारी भविष्य निधि योजना में नए आवेदन, जो बड़े संगठनों और बेहतर वेतन वाले कर्मचारियों पर लागू होते हैं, पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2024-25 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में 2.3 प्रतिशत बढ़कर 6.1 मिलियन हो गए।

# रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई ।**



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया शुरुआती कारोबार में चार पैसे की गिरावट के साथ 85.79 पर बंद हुआ। विदेशी बाजार में अमेरिकी डॉलर की मजबूती और घरेलू शेयर बाजार में नरम रुख का असर घरेलू मुद्रा पर पड़ा जिससे रुपया कमजोर हुआ है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर 2024 में अधिकतर मुद्राओं के मुकाबले मजबूत रहा और इस वर्ष भी वह मजबूत स्थिति में बना रहेगा। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.77 पर खुला। फिर फिसलकर 85.78 प्रति डॉलर पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया गुरुवार को 11 पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.75 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ 109.19 पर रहा।

# इस साल उत्तरी मुंबई लोकसभा क्षेत्र के विकास में कई महत्वपूर्ण पहलों पर देना होगा जोरःगोयल

## झुग्गी-झोपड़ियों का पुनर्विकास, सड़क और रेलवे लाइनों का विस्तार जैसी मुख्य परियोजनाएं शामिल

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि उनके लोकसभा क्षेत्र के विकास में इस साल कई महत्वपूर्ण पहलों पर काम होगा। उन्होंने झुग्गी-झोपड़ियों का पुनर्विकास, सड़क और रेलवे लाइनों का विस्तार जैसी मुख्य परियोजनाओं को लेकर मीडिया से चर्चा की। उन्होंने बयान किया कि इस साल उनके निर्वाचन क्षेत्र में कई बड़ी योजनाएं हैं, जिनमें झुग्गी-झोपड़ियों को पक्के मकान में बदलना भी शामिल है। गोयल ने बताया कि तेजी से लंबित परियोजनाओं का पुनरीक्षण करने के लिए वह मुंबई में सभी संबंधित विभागों के प्रमुखों से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि चार जनवरी को उनके द्वारा लिए गए कदमों की समीक्षा की जाएगी और लंबित मुद्दों के लिए समयबद्ध कार्य योजना तैयार की जाएगी। मंत्री ने कहि कि हम चाहते हैं कि झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को उसी स्थान पर पक्के मकान उपलब्ध करा सकें। हमारा लक्ष्य है जीवन को सुगम बनाने के लिए रेलवे स्टेशनों का विकास करना है। उन्होंने भी बताया कि उनके क्षेत्र में चार रेलवे स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना की शुरुआत होने वाली है। मंत्री ने व्यक्त किया कि उन्हें पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विचार करने का भी मौका मिला है, क्योंकि उनके क्षेत्र में संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान और खूबसूरत समुद्र है। उन्होंने आगे बढ़ते हुए कहा कि उन्हें लोगों के लिए बेहतर जीवनस्तर प्रदान करने के लिए और भी कई पहल करनी हैं।

# एनवीडिया बनी बीते साल सबसे ज्यादा मार्केट कैप हासिल करने वाली कंपनी

**मुंबई ।**

एआई चिप विनिर्माता अमेरिकी कंपनी एनवीडिया पिछले साल सबसे ज्यादा मार्केट कैप पाने वाली कंपनी बनी। इस दौरान कंपनी के शेयरों में 170 फीसदी तेजी रही और उसके मार्केट कैप में करीब 2 ट्रिलियन डॉलर का इजाफा हुआ। यह दुनिया के सबसे बड़े अमीर एलन मस्क की नेटवर्थ (415 अरब डॉलर) से करीब पांच गुना है। एप्पल के बाद एनवीडिया दुनिया की दूसरी बड़ी वैल्यूएबल कंपनी है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में दुनिया की बढ़ रही दिलचस्पी और विभिन्न इंडस्ट्रीज में एआई सेंट्रिक चिप्स की बढ़ती मांग से एनवीडिया के शेयरों में भारी तेजी दिखाई दे रही है। 2023 के अंत में कंपनी की मार्केट वैल्यू 1.2 ट्रिलियन डॉलर थी जो 2024 के अंत में 3.28 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गई। 2023 में कंपनी का शेयर 240 प्रतिशत का उछला था। इस बीच एप्पल दुनिया का सबसे वैल्यूएबल कंपनी बनी रही। इसका मार्केट कैप 4 ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुंच चुका है। कंपनी ने एआई पर फोकस किया है, इससे उसकी बिक्री में आगे तेजी आने की उम्मीद है। इसकारण कंपनी में निवेशकों की दिलचस्पी बनी हुई है। 2024 के अंत में माइक्रोसॉफ्ट 3.1 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की तीसरी वैल्यूबल कंपनी रही जबकि गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट इंक और अमेजॉन की वैल्यू करीब 2.3 ट्रिलियन डॉलर रही। सऊदी अरामको, फेसबुक, टेस्ला, ब्रॉडकॉम और टीएसएमसी टॉप 10 में शामिल रहीं। भारत की मोस्ट वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के लिए पिछला साल अच्छा नहीं रहा। 10 साल में पहली बार कंपनी के शेयरों ने निगेटिव रिटर्न दिया और दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनियों की लिस्ट में 68वें नंबर पर पहुंच गई थी। गुरुवार को इसमें पांच स्थान का सुधार हुआ और यह 63वें नंबर पर आ गई।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 720 , निफ्टी 183 अंक नीचे आया

**मुम्बई ।**
भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार बाजार में ये गिरावट मुनाफावसूली हावी होने से आई है। निवेशकों ने कंपनियों के तीसरी तिमाही के परिणामों से पहले जमकर मुनाफावसूली की जिससे भी बाजार लाल निशान पर बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 720.60 अंक करीब 0.90 फीसदी की गिरावट के साथ ही 79,223.11 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी निफ्टी में 183.90 अंक तकरीबन 0.76 फीसदी नीचे आकर 24,004.75 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में जोमैटो का शेयर सबसे ज्यादा टूटा। इसके साथ ही एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, सनफार्मा, आईटीसी, एलएडंटी, एचसीएल टेक, भारती एयरटेल के शेयर भी गिरावट पर बंद हुए। दूसरी ओर टाइटन और टाटा मोटर्स के शेयर लाभ में रहे। इसके अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति, रिलायंस, एनटीपीसी, नेस्ले, अल्ट्रा सीमेंट, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस के शेयर भी बढ़त पर बंद हुए। माना जा रहा है कि वित्तीय और आईटी स्टॉक्स में बिकवाली की वजह से भी बाजार में ये गिरावट दर्ज की गयी है। निवेशल सोमवार को शरू हो रहे कंपनियों के दिसंबर तिमाही के नतीजों से पहले सतर्क रुख अपना रहे हैं। इसके अलावा एशियाई और अमेरिकी स्टॉक मार्केट में गिरावट से भी घरेलू बाजारों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। जानकारों के अनुसार अगले सप्ताह से शुरू हो रहे भारतीय कंपनियों के दिसंबर तिमाही के परिणामों से तय होगा कि बाजार किस दिशा में बढ़ेगा।






इससे पहले आज सुबह बाजार बढ़त पर खुलने के कुछ समय बाद ही फिसल गया। बाजार के प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी कुछ समय बाद ही लाल निशान में आ गये। निवेशकों की नजर अब अगले हफ्ते से शुरू हो रहे कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजे और अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की संभावनाओं पर टिकी हुई है। सुबह की शुरुआत में सेंसेक्स 364.96 अंक की गिरावट लेकर 79,578.75 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टीभी मामूली बढ़त लेकर खुला पर खुलते ही गिरावट में चला गया। एशिआई बाजारों में शुक्रवार को मिलाजुला असर देखने को मिल रहा है। जापान का निक्की इंडेक्स और चीन का शंघाई कंपोजिट गिरावट में कारोबार कर रहे थे जबकि हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स हरे निशान में कारोबार कर रहा था। अमेरिकी शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट में बंद हुए जबकि यूरोपीय बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे।

# चीन में रियल एस्टेट संकट से लड़खड़ाई दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

**मुंबई ।** चीन तेज़ आर्थिक विकास के मामले में हमेशा आगे रहा है ले किन अब उसे गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अपने इतिहास के सबसे बड़े रियल एस्टेट के संकट से जूझ रही है। चीन के संपत्ति बाजार में पिछले तीन वर्षों में भारी गिरावट देखी गई है। 2021 से अब तक 18 ट्रिलियन डॉलर का अनुमानित घरेलू संपत्ति का नुकसान हुआ है, जो 2008-09 के वैश्विक वित्तीय संकट में अमेरिका द्वारा झेले गए नुकसानों से भी अधिक है। चीन की अर्थव्यवस्था पर वर्षों की अधिक कर्ज़दारी, अधिक निर्माण और अधिक उत्पादन क्षमता का बोझ है। ये समस्याएं घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर गंभीर परिणाम पैदा कर रही हैं। कई रियल एस्टेट कंपनियों पर भारी कर्ज़ है और संपत्तियों की मांग में कमी ने इस संकट को और बढ़ा दिया। चीन के कई हिस्सों में घोस्ट टाउन यानी खाली पड़े शहर निर्माण का उदाहरण हैं। वहीं औद्योगिक क्षेत्रों में उत्पादन क्षमता वास्तविक मांग से कहीं अधिक है, जिससे कीमतों और आर्थिक स्थिरता पर असर पड़ा है।

# सोने और चांदी के भाव में तेजी

## सोने का भाव 77,900 रुपए, चांदी 89,290 रुपए प्रति किलोग्राम



**नई दिल्ली।** सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। यह लगातार तीसरा दिन है जब सोने-चांदी की कीमत में तेजी जारी है। 1 जनवरी से दोनों के वायदा भाव में तेजी जारी है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का भाव 0.24 फीसदी की तेजी के साथ 77,900 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी 0.13 फीसदी बढ़त के साथ 89,290 रुपए प्रति किलोग्राम पर है। आभूषण और खुदरा विक्रेताओं की सतत लिवाली के कारि गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 330 रुपए बढ़कर 79,720 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। बुधवार को सोना 79,390 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। गुरुवार को चांदी भी 130 रुपए बढ़कर 90,630 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 90,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 78,840 रुपए प्रति 10 ग्राम के पिछले बंद से 330 रुपए बढ़कर 79,170 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। कारोबारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कीमती धातुओं की कीमतों में तेजी से सर्राफा कीमतों को समर्थन मिला।

# वेंचुरा ने ब्लैक बॉक्स लिमिटेड को दी खरीद रेटिंग, जताई 27.3 प्रतिशत वृद्धि की संभावना

**मुंबई।**
ब्रोकरेज हाउस वेंचुरा की गुरुवार को आई रिपोर्ट के अनुसार, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी ब्लैक बॉक्स के शेयर में अगले 24 से 30 महीनों में मौजूदा कीमत 649 रुपये से 826 रुपये तक 27.3 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 24 में बिक्री वृद्धि में मंदी व परियोजना निष्पादन और निर्णय लेने में देरी के बावजूद ब्लैक बॉक्स अपने अगले विकास चरण के लिए तैयार है। कंपनी को उम्मीद है कि इसकी पाइपलाइन बढ़कर तीन बिलियन डॉलर हो जाएगी और इसका लक्ष्य मौजूदा 20 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 25 प्रतिशत की रूपांतरण दर हासिल करना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्लैक बॉक्स ने शीर्ष 300 ग्राहकों पर ध्यान केंद्रित करके और कम लाभदायक लॉन्ग-टेल ग्राहकों से बाहर निकलकर अपनी रणनीति में बदलाव किया है, क्योंकि वे मार्जिन वृद्धि में योगदान नहीं देते हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने उद्योग वर्टिकल और उत्पाद पोर्टफोलियो क्षैतिज को शामिल करते हुए मैट्रिक्स-आधारित दृष्टिकोण को अपनाकर अपनी गो-टू-मार्केट रणनीति को नवीनीकृत करने की योजना बनाई है। यह रणनीति उद्योग-विशिष्ट समाधान प्रदान करने और ग्राहक जुड़ाव को बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई है। वेंचुरा ने कहा, ÷हमें उम्मीद है कि हमारा राजस्व वित्त वर्ष 24 में 6,281.6 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 27 ई तक 7,996 करोड़ रुपये हो जाएगा। कंपनी मुख्य रूप से उत्तरी अमेरिका और भारत में डेटा केंद्रों पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही है। मेटा, अमेजॉन और माइक्रोसॉफ्ट जैसे प्रमुख हाइपरस्केलर्स वाले ग्राहक आधार के साथ, जिनसे डेटा सेंटर बिल्डआउट में महत्वपूर्ण रूप से निवेश करने की उम्मीद है, डेटा सेंटर से राजस्व में योगदान अनुपातहीन रूप से उच्च होने का अनुमान है, जो वित्त वर्ष 27 ई तक 1,256 करोड़ रुपये से बढ़कर 15 प्रतिशत की सीएजीआर पर 1,994 करोड़ रुपये हो जाएगा। इस बीच, प्रौद्योगिकी उत्पाद समाधान (टीपीएस) वर्टिकल वर्तमान में कुल राजस्व में 12 से 13 प्रतिशत के बीच योगदान देता है और उम्मीद है कि इसमें तेजी आएगी। राजस्व के 9 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़कर वित्त वर्ष 27ई तक 758 करोड़ रुपये से 982 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इसके अतिरिक्त, परामर्श व्यवसाय से भी समग्र विकास प्रक्षेपवक्र को पूरक बनाने की उम्मीद है, जो वित्त वर्ष 27ई तक 2 प्रतिशत सीएजीआर से 106 करोड़ रुपये से बढ़कर 112 करोड़ रुपये हो जाएगा।

# भारत का कार्यालय बाजार 2024 में रिकॉर्ड ऊंचाइयों परः रिपोर्ट

## शीर्ष आठ शहरों में सकल कार्यालय स्थल की मांग 19 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली ।** भारत का कार्यालय बाजार 2024 में रिकॉर्ड ऊंचाइयों को छू गया है। पिछले वर्ष की तुलना में कार्यालय स्थल की पट्टा मांग में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे कार्यालय स्पेस की मांग ने विस्तार किया। रियल एस्टेट परामर्शदाताओं के अनुसार कुशमैन एंड वेकफील्ड की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कार्यालय स्थल की सकल मांग 2023 में 745.6 लाख वर्ग फुट थी जो 2024 में 885.2 लाख वर्ग फुट पर पहुंच गई है। भारत, दक्षिण पूर्व एशिया और एपीएसी (एशियाई एकीकरण) के टेनेंट रिप्रेसेंटेशन के एक मुख्य कार्यकारी ने इसे निर्णायक वर्ष बताया है। बाजार में भारी वृद्धि दर्ज की गई है, जैसे बेंगलुरु में मांग 64 प्रतिशत बढ़कर 259.3 लाख वर्ग फुट, मुंबई में 27 प्रतिशत बढ़कर 178.4 लाख वर्ग फुट, हैदराबाद में 37 प्रतिशत बढ़कर 123.1 लाख वर्गफुट और अहमदाबाद में 11 प्रतिशत बढ़कर 18.1 लाख वर्ग फुट मांग दर्ज की गई है। हालांकि, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), चेन्नई और पुणे में कार्यालय की मांग में कुछ गिरावट दर्ज की गई है, जबकि कोलकाता का बाजार स्थिर रहा है। इस जानकारी से स्पष्ट है कि भारतीय कार्यालय बाजार 2024 में काफी सक्रिय रहा है और स्थिर हमलों की प्रेरक राजनीति का पाठ्य है।

# वीर सावरकर के नाम पर कॉलेज खुलने से क्यों खफा है कांग्रेस?



डॉ. आर.के. सिन्हा

**कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कुछ समय पहले वीर सावरकर पर गैर- जरूरी टिप्पणी अपमानजनक की थी। उनकी बयानबाजी से शिव सेना नेता उद्धव ठाकरे भी नाराज हो गए थे। उनहोंने तब कहा था 'हम स्वातंत्र्यवीर सावरकर के बारे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान से सहमत नहीं हैं। हमारे मन में सावरकर के लिए सम्मान है।' आपको कोई पसंद नहीं तो ठीक है। खैर, वीर सावरकर कॉलेज खुलने से राजधानी में उस महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर महत्वपूर्ण प्रतीक स्थापित हो जाएगा। देर से ही सही राजधानी दिल्ली में अब वीर सावरकर का एक अहम प्रतीक स्थापित होने जा रहा है।**

वीर सावरकर के नाम पर दिल्ली यूनिवर्सिटी एक नया कॉलेज खोलने जा रही है। वीर सावरकर जैसे महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर कॉलेज खुलने से देश भर के नौजवान निश्चित रूप प्रेरित ही होंगे। इस बारे में किसी को किसी तरह का शक भी नहीं होना चाहिए। पर कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। कांग्रेस को वीर सावरकर के नाम से ही हमेशा ही चिढ़ रहा है। अब कांग्रेस को कौन बताए कि वीर सावरकर, जिनका पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर था, भारत के स्वाधीनता आंदोलन के एक ही अत्यंत महत्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। वे एक महान क्रांतिकारी, राष्ट्रवादी विचारक, लेखक और वकील थे। उनका जीवन और कार्य भारतीय इतिहास के एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी अध्याय का प्रतिनिधित्व करते हैं।

काश, सावरकर के नाम पर खुलने वाले कॉलेज का विरोध करने वाले वीर सावरकर के बारे में अपने महान नेत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की ही राय को जान लेते। इंदिरा गांधी जब भारत की सूचना और प्रसारण मंत्री थीं तब उन्हीं के निर्देश पर वीर सावरकर पर केंद्रित डाक्यमेंट्री फिल्म उनके विभाग ने बनाई थी। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते हुए सावरकर की स्मृति में डाक टिकट भी जारी हुआ। श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपने निजी खाते से सावरकर स्मृति कोष के लिये 11 हजार रुपये का अंशदान भी किया था।

श्रीमती इंदिरा गांधी ने सावरकर को ' रिमार्केबल सन ऑफ इंडिया' कहा था। इंदिरा गांधी ने 20 मई 1980 को पंडित बाखले, सचिव, 'स्वतंत्रवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारक' के नाम से संबोधित चिट्ठी में सावरकर के योगदान का जिक्र किया था। इस पत्र में इंदिरा गांधी ने लिखा है, 'मुझे आपका पत्र 8 मई 1980 को मिला था। वीर सावरकर का ब्रिटिश सरकार के खिलाफ मजबूत प्रतिरोध हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के लिए काफी अहम है। मैं आपको देश के महान सपूत के शताब्दी समारोह के आयोजन के लिए बधाई देती हूं।' मशहूर लेखक वैभव पुरंदरे ने अपनी किताब 'द ट्रू स्टोरी ऑफ फादर ऑफ हिंदुत्व' में लिखा है कि इंदिरा गांधी का लिखा पत्र सत्य है। किताब में लिखा है कि इंदिरा गांधी ने 1966 में सावरकर के निधन पर गहरा शोक भी जताया था। इंदिरा गांधी ने सावरकर को महान क्रांतिकारी बताते हुए तारीफ की थी और एक बयान भी जारी किया था। इंदिरा गांधी ने कहा था कि सावरकर ने अपने कार्यों से पूरे देश को प्रेरित किया था। अफसोस कि कांग्रेसियों को सच जानने से कोई मतलब ही नहीं रहा। उन्हें तो मीन-मेख निकालनी है। इसलिए इतनी पुरानी पार्टी सिकुड़ती ही चली जा रही है।



वीर सावरकर तो बचपन से ही देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत थे और उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विरोध में भाग लेना शुरू कर दिया था। सावरकर 1905 में श्यामजी कृष्ण वर्मा द्वारा स्थापित 'इंडिया हाउस' में शामिल होने के लिए लंदन चले गए। लंदन में, उन्होंने 'अभिनव भारत' नामक एक गुप्त क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की, जिसका उद्देश्य भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त करना था। उन्होंने '1857 का भारतीय स्वतंत्रता संग्राम' नामक एक पुस्तक लिखी, जिसमें उन्होंने 1857 के सिपाही विद्रोह को भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम बताया। इस पुस्तक को ब्रिटिश सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था। सावरकर ने इटली के क्रांतिकारी नेता गिउसेप्पे मैजिनी से प्रेरणा ली और उनकी क्रांतिकारी विचारधारा को भारतीय संदर्भ में लागू करने का प्रयास किया। 1910 में, सावरकर को नासिक के जिला मजिस्ट्रेट जैक्सन की हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।उन्हें दोषी ठहराया गया और 50 साल की कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में स्थित सेलुलर जेल में भेजा गया, जहाँ उन्होंने कई वर्षों तक कठोर यातनाएं सहीं। काला पानी में उन्होंने एकांत कारावास, कठोर श्रम और अमानवीय परिस्थितियों का सामना किया।कोल्हू में बेल की तरह जोतकर उनसे सूखे नारियल से तेल निकलवाया जाता था। सावरकर ने भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने क्रांतिकारी गतिविधियों में भाग लिया और अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई। सावरकर हिंदू राष्ट्रवाद के एक प्रमुख पैरोकार थे। उन्होंने एक मजबूत और एकजुट हिंदू राष्ट्र की वकालत की। सावरकर ने जाति व्यवस्था और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने हिंदू समाज में सुधार लाने के लिए कई आंदोलन चलाए। वे एक कुशल वक्ता और लेखक थे। उनके भाषणों और लेखों ने लोगों को प्रेरित किया और उनमें देशभक्ति की भावना जगाई।

सावरकर के गृह राज्य महाराष्ट्र में कई संगठन और संस्थान हैं जो उनके विचारों और कार्यों को बढ़ावा देते हैं। वीर सावरकर महाराष्ट्र में एक सम्मानित और प्रभावशाली व्यक्ति हैं, और उन्हें कई लोगों द्वारा एक महान स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक के रूप में याद किया जाता है। वीर सावरकर का एक शानदार चित्र पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में लगा हुआ था। उनके चित्र का 26 फरवरी, 2003 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने संसद भवन में अनावरण किया था। इसे चंद्रकला कुमार कदम ने बनाया था। जब वीर सावरकर का चित्र लगाने की पहल हुई तब भी कांग्रेस ने यह कहकर विरोध किया था कि वे सांसद नहीं थे। तब कांग्रेसी भूल गए थे कि लोकमान्य तिलक तथा महात्मा गांधी जैसे राजनीति व स्वाधीनता संग्राम में अहम योगदान देने वाले व्यक्ति भी तो सांसद नहीं थे। उनके त्याग व समर्पण को देखते हुए केन्द्रीय कक्ष में उनका चित्र स्थापित कर सम्मान दिया गया।

कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कुछ समय पहले वीर सावरकर पर गैर- जरूरी टिप्पणी अपमानजनक की थी। उनकी बयानबाजी से शिव सेना नेता उद्धव ठाकरे भी नाराज हो गए थे। उनहोंने तब कहा था 'हम स्वातंत्र्यवीर सावरकर के बारे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान से सहमत नहीं हैं। हमारे मन में सावरकर के लिए सम्मान है।' आपको कोई पसंद नहीं तो ठीक है। खैर, वीर सावरकर कॉलेज खुलने से राजधानी में उस महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर महत्वपूर्ण प्रतीक स्थापित हो जाएगा। देर से ही सही राजधानी दिल्ली में अब वीर सावरकर का एक अहम प्रतीक स्थापित होने जा रहा है।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### अमेरिका के लिए चेतावनी

अमेरिका के न्यू ऑरलियंस शहर में नये साल का जश्न मना रहे लोगों पर आतंकवादी हमले में 15 लोग मारे गए और 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार हमलावर ने शहर के फ्रेंच क्वार्टर में पैदल चलने वालों की भीड़ में अपना ट्रक चढ़ा दिया। इस आतंकी हमले से जाहिर होता है कि किसी आतंकवादी संगठन की मदद के बिना अकेले व्यक्ति द्वारा किए गए हमले का खतरा भी दूर नहीं हुआ है। इस हमले को अंजाम देने वाला 42 वर्षीय शमसुद्दीन जब्बार अमेरिकी नागरिक है और वह अमेरिकी सेना में अपनी सेवाएं दे चुका है। घटना के बाद पुलिस मुठभेड़ में वह मारा गया। उसके ट्रक से पुलिस को इस्लामिक स्टेट (आईएस) का झंडा मिला है। आतंकी वारदात से कुछ पहले उसने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी करके यह बताया था कि वह आईएस से प्रेरित है। इस हमले के कुछ देर बाद अमेरिका के ही लास वेगास में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक होटल के बाहर टेस्ला साइबर ट्रक में विस्फोट हुआ जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और करीब 10 लोग घायल हो गए। आईएस जो एक खतरनाक आतंकी संगठन है वह 2017 के अंत तक इराक और सीरिया में अपनी अधिकांश जमीन को दी है। अमेरिका के न्यू ऑरलियंस और लॉस वेगास के हमले से ऐसा प्रतीत होता है कि वह अपनी खोई हुई जमीन और ताकत को पाना चाहता है। याद रखना चाहिए कि एक समय ऐसा था जब दुनिया भर से जिहाद समर्थक लड़ाकू सीरिया कूच कर रहे थे। यूरोप से भी अनेक गुमराह युवा सीरिया के जिहाद में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। एक दशक पूर्व पूरी दुनिया में आईएस का आतंक कायम हो गया था। अमेरिकी जांच एजेंसी न्यू ऑरलियंस के आतंकी हमले और लास वेगास में ट्रंप के होटल के बाहर हुए हमले के बीच किसी संभावित कनेक्शन की जांच कर रही है। अमेरिका की भाभी टेंपरेचर के लिए न्यू ऑरलियंस की आतंकी घटना एक बड़ी चेतावनी है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, सहित पश्चिमी देशों को अपने नागरिकों के कट्टरवाद की जड़ों तक पहुंचना चाहिए और इसका मुकाबला करने के लिए प्रभावशाली तरीकों को अपनाना चाहिए।

## चिंतन-मनन

### यक्ष-प्रश्न की युगीन व्याख्या

महाभारत में एक कथा आती है। अज्ञातवास के दौरान पांडवों को घूमते हुए प्यास लगी। नकुल पानी ढूँढते-ढूँढते जलाशय के पास पहुँचे। जैसे ही वे पानी पीने को उद्यत हुए, एक यक्ष ने उन्हें रोक दिया और कहा कि मेरे प्रश्नों का उत्तर देने के बाद ही तुम पानी पी सकते हो। नकुल और अन्य भाइयों को जोर की प्यास लग रही थी, अतः वे बिना यक्ष के प्रश्नों का उत्तर दिए ही पानी पीने लगे और मृत्यु को प्राप्त हुए। जब युधिष्ठिर की बारी आई तो उन्होंने न केवल यक्ष के सभी प्रश्न ध्यानपूर्वक सुने अपितु उनका तर्कपूर्ण उत्तर भी दिया जिसे सुनकर यक्ष संतुष्ट हो गया। यक्ष द्वारा युधिष्ठिर से पूछे गए प्रश्नों में एक प्रश्न स्थायित्व, धैर्य, स्नान और दान से संबंधित भी था। यक्ष ने युधिष्ठिर से पूछा कि स्थायित्व किसे कहते हैं? धैर्य क्या है? स्नान किसे कहते हैं? और दान का वास्तविक अर्थ क्या है?

युधिष्ठिर ने इन प्रश्नों का जो उत्तर दिया, वह इस प्रकार था- अपने धर्म में स्थिर रहना ही स्थायित्व है। अपनी इन्द्रियों पर नियंत्रण रखना ही धैर्य है। मनोमालिन्य का त्याग करना ही स्नान है और प्राणीमात्र की रक्षा का भाव ही वास्तव में दान है। महाभारत में एक कथा आती है। अज्ञातवास के दौरान पांडवों को घूमते हुए प्यास लगी। नकुल पानी ढूँढते-ढूँढते जलाशय के पास पहुँचे। जैसे ही वे पानी पीने को उद्यत हुए, एक यक्ष ने उन्हें रोक दिया और कहा कि मेरे प्रश्नों का उत्तर देने के बाद ही तुम पानी पी सकते। महाभारतकालीन यक्ष-युधिष्ठिर संवाद के प्रश्नों के उत्तर की प्रासंगिकता उस युग की तुलना में आज कहीं अधिक है। स्थायित्व या सिद्धांतवादिता को लोगों ने हठधार्मिता का रूप दे दिया है, जबकि संकल्प की दृढ़ता या स्थायित्व से आशय अपने कर्तव्य के प्रति दृढ़ता से है। उसे भौतिक सुख-समृद्धि से जोड़ना गलत है। धैर्य को लेकर भी समाज में अनेक गलत धारणाएँ प्रचलित हैं। हाथ पर हाथ धरे निठल्ले और आलसी बनकर अवसर की प्रतीक्षा करना धैर्य का पर्याय कभी नहीं हो सकता है। मनुष्य द्वारा श्रेष्ठ कार्यों के प्रति सक्रिय, तत्पर और आतुर बने रहकर अपनी समस्त इन्द्रियों पर अंकुश पाकर सदाचार का जीवन व्यतीत करना ही वास्तव में धैर्य है। शास्त्र और साधु-महात्माओं के प्रवचनों में पवित्र नदियों में स्नान की महिमा का बढ़-चढ़कर बखान किया गया है। लेकिन जब तक हमारे मन की मलीनता नहीं मिटती, तब तक बड़ी से बड़ी नदी में किया गया स्नान भी पूर्ण फलदायी नहीं होगा। अतः जिसने अपने मन को ऊँच-नीच, ईर्ष्या-द्वेष, तेरा-मेरा, बड़ा-छोटा आदि के भेद से पूरी तरह मुक्त कर गंगाजल की तरह पवित्र बना लिया, वह भले ही सौ दिन से नहीं नहाया हो, तब भी उसे सबसे पवित्र इंसान माना जाएगा। दान के बारे में भी लोगों को कई तरह की गलतफहमियाँ हैं। जो सक्षम हैं, वे मुट्ठी-दो मुट्ठी दान कर दाता भाव के अभिमान से चूर हो फूले नहीं समाते हैं।

# मणिपुर में माफी कोरा दिखावा न होकर सार्थक बदलाव करें



ललित गर्ग

मणिपुर में जातीय संघर्ष, व्यापक हिंसा एवं अराजक माहौल के लिए पूर्वोत्तर राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बीते साल के आखिरी दिन शांति की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए 'माफी' मांगी है, इस माफी को लेकर राजनीति के गलियारों में व्यापक चर्चा है। क्योंकि इस हिंसा में मई 2023 से 250 से अधिक लोगों की जान चली गई और हजारों लोग बेघर हो गए है। लम्बे समय से यह प्रांत अस्थिरता, असंतोष एवं अशांति की आग में जल रहा है। एन बीरेन सिंह ने माफी मांगते हुए हिंसा के इस लंबे कालखण्ड एवं सिलसिले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और सभी समुदायों से अपील की कि पिछली गलतियों को भुलाकर वे शांति और सौहार्द कायम करें। हालांकि मुख्यमंत्री की इस अपील के अपने मतलब निकाले जा रहे है। कुछ लोगों का कहना है कि यह माफी बहुत पहले मांगी जानी चाहिए थी। कुछ का यह मानना है कि माफी ऐसे समय आई है जब मुख्यमंत्री चौतरफा दबाव में है। विरोधी तो बहुत पहले से उनका इस्तीफा मांग रहे हैं, पिछले कुछ समय से खुद उनके विधायकों और सहयोगियों ने इस माफी को उनकी मजबूरी का परिणाम बताया है। निश्चित ही बीरेन सिंह के लिये माफी मांगना काफी नहीं है, अगर वह मानते हैं कि स्थिति को संभालने में नाकाम रहे तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए था या केन्द्र को राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए था। अफसोसनाक यह है कि इस मसले पर अक्सर विवाद उभरते रहे और राजनीतिक शख्सियतों के बीच आरोप-प्रत्यारोप अक्सर बेलगाम बोल में तब्दील ही होते रहे, कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया, जो गैरजिम्मेदाराना राजनीति को दशार्ता है।

मणिपुर में 3 मई 2023 से ही बहुसंख्यक मैतेई और कुकी के बीच आरक्षण और आर्थिक लाभ को लेकर जो हिंसा शुरू हुई वह अभी थमने का नाम नहीं ले रही। कभी अपनी सांस्कृतिक सद्भावना के लिए जाना जाने वाला राज्य अब गहराते विभाजन एवं जातीय संघर्ष का सामना कर रहा है और लोग लगातार भय में जी रहे हैं। तनाव कम होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा। शांति एवं सद्भावना की तलाश अभी भी जारी है। मणिपु? में जब चंद दरिंदें दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनके साथ बर्बरतापूर्ण हरकत करते नजर आए तो पूरा प्रांत आक्रोश में आ गया। जनमानस की प्रतिक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था में बहुत महत्व रखर्ती है। न तो राज्य सरकार ने और न ही केन्द्र सरकार ने हिंसा को रोकने के लिए कोई ठोस उपाय किए और न ही शांति स्थापित करने के कोई प्रयास किए गए। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सरकार डेढ़ साल से ज्यादा समय से खेमों में बंटती राजनीतिक उलझन में फंसी रही सभी दल, नेता एवं सरकार नामुमकिन निशानों की ओर कौमों को दौड़ती रही। यह कौमों के साथ नाइंसाफी होने के साथ अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा थी। क्योंकि ऐसी दौड़ जहां पहुंचाती है, वह कामयाबी की मंजिल नहीं, बल्कि मायूसी का गहरा गड्ढा होता है।

मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह स्वीकारोक्ति कि 'मैं राज्य में जो कुछ हुआ उसके लिए खेद व्यक्त करना चाहता हूं कई लोगों ने अपनों को खो दिया और कई लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। मैं खेद व्यक्त करता हूं और माफी मांगता हूं। लेकिन पिछले तीन-चार महीनों में अपेक्षाकृत शांति देखने के बाद, मुझे उम्मीद है कि आने वाले साल में स्थिति सामान्य हो जाएगी।' प्रश्न है कि मुख्यमंत्री 18 माह के खून-खराबे के बाद अब क्यों माफी मांग रहे हैं? वे क्या संदेश देना चाहते हैं? अगर वह स्थिति को संभालने में नाकाम रहे थे तो उन्हें बहुत पहले इस्तीफा दे देना चाहिए था। ताकि स्थितियें लगातार इतनी विकराल नहीं होती, इतनी अधिक जनहानि नहीं होती। देश के नेताओं को गाल बजाने की बजाय आम आदमी को परेशान करने वाली सामाजिक असुरक्षा, जातीय संघर्ष तथा हिंसा जैसे मुद्दे से निबटने के लिये दूरगामी नीतियों के क्रियान्वयन के प्रयास करने चाहिए। यूं तो मणिपुर हिंसा में इतने मासूमों की मौत के बाद मुख्यमंत्री के माफी मांगने का कोई औचित्य नजर नहीं आ रहा। इसीलिये विपक्ष दल एवं कांग्रेस उन पर और केन्द्र सरकार पर हमलावर है। 19 महीनों में एन.बीरेन असंवेदनशील बने रहे और वर्ष के अंत में उन्होंने माफी मांगकर किस संवेदनशीलता का परिचय दिया है? अब सवाल यह है कि त्रासदी का अंत कैसे हो? कैसे शांति स्थापित हो? जरूरत है मनुष्य को बांटे नहीं, सत्य को ढंके नहीं।

बड़ा सवाल यह है कि राज्य द्वारा माफी मांगना केवल दिखावा है और राजनीतिक अपयश निवारण और क्षतिपूर्ति की आवश्यकता मात्र है या किसी सार्थक बदलाव की बुनियाद। हालांकि इस तरह की राजनीतिक माफी अक्सर संदेहास्पद ही होती है क्योंकि माफी में इससे कहीं अधिक की क्षमता होती है। सार्वजनिक रूप से माफी मांगने वाले नेताओं की संख्या में वृद्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय एवं चिन्तनीय रही है। माफी मांगना एक ऐसी युक्ति है जिसका इस्तेमाल नेता अब अक्सर अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिये करते हैं, ताकि वे कम से कम लागत पर अपनी गलतियों को पीछे छोड़ सकें या उनसे पीछा छूडा सके। लेकिन बीरेन सिंह की माफी की अच्छी बात यह है कि तमाम दबावों के बाद ही सही, राजनीति और समाज के हर प्रमुख हिस्से ने उनकी माफी को सकारात्मक कदम माना है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि इस माफी की पहल को विश्वसनीय बनाया जाये एवं ऐसे उपयोगी एवं जरूरी कदम उठाए जाये ताकि मणिपुर राज्य में मैतेई समुदाय और पहाड़ी क्षेत्रों में कुकी जनजातीय समुदायों के बीच चला आ रहा टकराव विराम पा जाये। जरूरी है कि केंद्र और राज्य की सरकार मुख्यमंत्री की इस पहल से उपजे सद्भाव को स्थायित्व देने की कोशिशें अविलंब शुरू कर दें।

2023 के मुकाबले 2024 की दूसरी छमाही में मणिपुर के हालात बेहतर रहे, संघर्ष की स्थितियां कम देखने को मिली। लेकिन पूर्व की हिंसक घटनाओं और मृतकों की संख्या को उससे बनने वाले माहौल से अलग करके नहीं देखा जा सकता। तनाव, संघर्ष और अविश्वास के जिस माहौल से मणिपुर गुजर रहा है, उसकी सचाई इसी हफ्ते कांगपोकपी जिले में कथित कम्युनिटी बंकरों को सुरक्षा बलों द्वारा नष्ट किए जाने पर हुए संघर्ष में 40 लोगों के जख्मी होने और कुकी नैशनल फ्रंट के कथित हमलों के खिलाफ चुराचांदपुर जिले में बंद का आह्वान किए जाने से स्पष्ट है। अभी भी असामान्य हालातों के बीच सवाल है कि मुख्यमंत्री की इस माफी का राज्य के अलग-अलग समुदायों के लोगों पर कैसा और कितना असर पड़ेगा? सवाल महत्वपूर्ण इसलिए भी हो जाता है क्योंकि यह आरोप संघर्ष शुरू होने के बाद से ही लगता रहा है कि मुख्यमंत्री और राज्य प्रशासन की भूमिका निरपेक्ष नहीं है। आरोप पूरी तरह गलत हो तो भी इससे इतना तो स्पष्ट है कि प्रदेश के लोगों का एक खेमा उन्हें अविश्वास भरी नजरों से देखता है। इतने गंभीर और मानवता के अस्तित्व को ही नकारने से जुड़े मसले पर भी समाज के लोगों में जो बंटवारे की प्रवृत्ति राजनीतिक कारणों से दिख रही है वो किसी भी नजरिए से देश की एकता और अखण्डता के लिये फायदेमंद नहीं है।

मुद्दा चाहे कोई भी, खांचों या खेमों में बांटने या बंटने का और आम लोगों को तोड़ने का या जोड़ने का- राजनीति से जुड़े लोगों, राजनीतिक दलों और नेताओं में तो शुरू से रहा है लेकिन जब समाज में आम लोग भी इस तरह के बंटवारे का हिस्सा बन जाते हैं तो इसमें नुकसान सिर्फ और सिर्फ देश के नागरिकों का होता है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सरकार संकट में सही ढंग से नहीं निपटने के चलते अपनी विश्वसनीयता पहले ही खो चुकी है, लेकिन उसे पुनः हासिल करने के लिये माफी से आगे बढ़कर और अधिक सामाजिक एकता, समरसता एवं सौहार्द के प्रयत्न करने होंगे। हमारे देश की राजनीति की विडम्बना ही रही है कि लोगों को धर्म, जाति, वर्ग, भाषा, वर्ण के नाम पर बांट कर किसी न किसी तरह सत्ता हासिल करना। हालांकि सही मायने में लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीति की परिभाषा और दायरा उससे कहीं ज्यादा व्यापक है। जातीय हिंसा का समाधान संवाद से ही होता है। राज्य सरकार को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए मैतेई और कुकी समुदाय के साथ लगातार संवाद जारी रखना चाहिए।

(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

# नकली दवा कारोबारी : समाज के कोढ़ हैं ये



अजय प्रताप तिवारी





स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति का मूलभूत अधिकार है। मनुष्यों को स्वस्थ रहने के लिए उपचार की आवश्यकता भी होती है, लेकिन जब उपचार नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं पर आधारित हो तो इंसानों का स्वास्थ्य पूरी तरह से प्रभावित होता है। नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का बढ़ता दायरा केवल पीड़ित लोगों के जीवन खतरे में नहीं होते हैं, बल्कि स्वास्थ्य प्रणाली और चिकित्सा उद्योग की विश्वसनीयता भी प्रभावित होती है।

भारत में इन दिनों नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। भारत का कोई ऐसा राज्य नहीं है जो नकली दवाओं से प्रभावित न हो। हाल में कोलकाता में कैंसर और मधुमेह जैसे गंभीर बीमारी में उपयोगी होने वाली नकली दवाओं को केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और पश्चिम बंगाल के औषधि नियंत्रण निदेशालय के साझा सहयोग से पकड़ा गया है जिसकी कीमत 6.60 करोड़ बताई गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अध्ययन से पता चला है कि भारत में कुल बिकने वाली दवाओं में बीस प्रतिशत नकली और गुणवत्ताहीन दवा शामिल हैं। भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में केवल दवा का बाजार लगभग दे लाख करोड़ का है जिसमें नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं की भागीदारी 15 से 20 प्रतिशत के करीब है भारत में नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और बिहार जैसे राज्य शामिल है केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने केवल 2023 में नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं के लगभग 50 हजार मामले दर्ज किए थे। उद्योग संगठन एसोचैम की रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत के दवा बाजार में कुल उपलब्ध एक एक-चौथाई दवा नकली और गुणवत्ताहीन है। 'फेक एंड काउंटरफीट ड्रग्स इन इंडिया-बूमिंग बिज' नामक अध्ययन की रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में नकली दवाओं का कारोबार 33 प्रतिशत की वृद्धि दर से प्रति वर्ष बढ़ रहा है नकली दवाओं का बाजार बढ़ने के कई कारण हैं, जिसमें दवा की ऑनलाइन बिक्री, गुणवत्तापूर्ण दवा की अपेक्षा नकली दवा का सस्ती कीमत, दवाओं के प्रति लोगों में जागरूकता की कमी, डॉक्टर द्वारा मरीजों के पर्चे पर लिखे गए दवा के नाम के साथ प्रमाणित दवा कंपनियों का नाम न लिखना, बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में स्वास्थ्य सुविधाओं का उपलब्ध न होना, नकली और गुणवत्ताहीन दवा की पहचान करने की तकनीकी का न होना, ठोस कानून का आभाव के कारण नकली दवा का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। भारत में नकली और गुणवत्ताहीन दवा की बिक्री शहरों की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक होती है। भारत में नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं का बढ़ता दायरा चिंता का विषय है। भारत जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा निमार्ता और निर्यातक है। एशियन लाइट की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक फार्मा बाजार में भारत की हिस्सेदारी 13 प्रतिशत है। भारत में बढ़ते नकली दवा से केवल न इंसानों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है बल्कि इससे भारत की वैश्विक स्तर पर दवा उद्योग में छवि भी धूमिल होती है। नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं के प्रचलन से चिकित्सा पेशे और स्वास्थ्य प्रणाली से जनता का विश्वास भी घटता है।

नकली दवा के रोकथाम के लिए कानूनी प्रावधानों में परिवर्तन करते हुए नकली दवाओं के उत्पादन और बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों के लिए बहुत सख्त और दंड के साथ आर्थिक जुमार्ने का प्रावधान होना चाहिए। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और राज्य स्तर पर दवा नियामक संस्थानों को दवाओं के प्रति साप्ताहिक प्रशिक्षण और जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। सभी दवा कमानियों को सभी प्रकार के दवा उत्पाद पर ट्रैक और ट्रेस तकनीक का उपयोग के लिए सरकार द्वारा बाध्य किया जाना चाहिए ताकि मरीज नकली और असली दवाओं की पहचान आसानी से कर सकें। दवा की प्रामाणिकता जांचने के लिए मोबाइल एप और ऑनलाइन डेटाबेस की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए।

नकली और गुणवत्ताहीन दवाओं की रोकथाम के लिए वैश्विक स्तर पर एकजुट होकर समस्या का समाधान तलाश करना होगा। भारत को नकली दवाओं को रोकने के लिए बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाना होगा। बढ़ती जनसंख्या, निर्धनता और महंगी स्वास्थ्य सेवाओं के कारण लोगों को सस्ती और नकली दवाओं पर बाध्य होना पड़ता है। भारत को नाइजीरिया और अमेरिका की तकनीकी मेडिसेफर एवं ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम की पहल करना चाहिए। यह तकनीकी नकली आपूर्ति श्रृंखला नजर रखती है। सख्त कार्रवाई से ही स्वस्थ भारत और सशक्त भारत का निर्माण होगा।

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादकः श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवारे मैनेजिंग एडिटरः डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादकः डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादकः तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# बोर्रा गुफाओं में होगी एसएसएमबी 29 की शूटिंग, एसएस राजामौली और महश बाबू ने बनाई योजना



एसएस राजामौली सुपरस्टार महेश बाबू के साथ एक फिल्म बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वर्तमान में राजामौली और उनकी टीम लोकेशन की तलाश कर रही है, जिसका एक बड़ा हिस्सा केन्या में शूट करने की योजना है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि एक महत्वपूर्ण एपिसोड बोर्रा गुफाओं, विजाग में भी शूट किया जाएगा, जो एक लोकप्रिय पर्यटक आकर्षण है। राजामौली ने हाल ही में अपनी टीम के साथ साइट का दौरा किया।

### बोर्रा गुफाओं में होगी शूटिंग

प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि एसएस राजामौली ने बोर्रा गुफाओं में करीब दो सप्ताह की शूटिंग तय की है। एडवेंचर थ्रिलर के तौर पर प्रचारित यह फिल्म कई देशों में होगी। केएल नारायण इस प्रोजेक्ट को बड़े बजट में प्रोड्यूस करेंगे, जिसमें वीएफएक्स के लिए हॉलीवुड स्टूडियो को शामिल किया जाएगा।

### विदेश में तैयारी कर रहे महेश बाबू

महेश बाबू इस समय विदेश में हैं और इस भूमिका की तैयारी कर रहे हैं। वह अपनी अब तक की सबसे महंगी फिल्म में एक नए लुक में नजर आने वाले हैं। इस प्रोजेक्ट ने इस बात की भी सुर्खियां बटोरी हैं कि प्रियंका चोपड़ा जोनस को मुख्य महिला किरदार के लिए चुना गया है। अगर यह सच है तो इस कदम को एक मास्टरस्ट्रोक के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें प्रियंका के वैश्विक स्टारडम का लाभ उठाकर फिल्म का भी वैश्विक स्तर पर प्रचार किया जाएगा।

### फिल्म की शूटिंग और रिलीज डेट

फिल्मांकन 2025 की गर्मियों में शुरू होने की उम्मीद है, और 2027 में रिलीज होने की उम्मीद है। राजमौली का परिवार प्रोडक्शन में अहम भूमिका निभाएगा। उनके पिता विजयेंद्र प्रसाद ने कहानी लिखी है, जबकि उनके भाई एमएम कीरवानी संगीत तैयार करेंगे। राजमौली के बेटे कार्तिकेय लाइन प्रोड्यूसर की भूमिका निभाएंगे। खास बात यह है कि इस प्रोजेक्ट में हमेशा की तरह सिनेमैटोग्राफर सेंथिल कुमार शामिल नहीं होंगे। विजाग में हाल ही में लोकेशन की तलाश ने उत्साह पैदा कर दिया है, जिससे प्रशंसकों को काफी उम्मीदें हैं।



# श्वेता त्रिपाठी ने दिया मिर्जापुर-द फिल्म पर अपडेट

मिर्जापुर सीरीज की गोलू उर्फ श्वेता त्रिपाठी को आज हर कोई पहचानता है। श्वेता ने अपनी बेहतरीन अदाकारी ने सभी का दिल जीता है। कुछ समय पहले ही निर्माताओं ने मिर्जापुर – द फिल्म की घोषणा की थी और तभी से ही प्रशंसक इसे लेकर उत्साहित हैं। फिल्म से जुड़ी हर जानकारी पर प्रशसंकों की नजरें रहती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान श्वेता ने फिल्म के बारे में कई अपडेट शेयर किए और साथ ही कहा कि यह फिल्म दर्शकों की उम्मीद से कहीं आगे की होगी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान मिर्जापुर में अपनी भूमिका के लिए मशहूर श्वेता त्रिपाठी ने इस सीरीज पर आधारित आगामी फीचर फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा कि फिल्म का निर्माण जल्द ही शुरू होने वाला है। उन्होंने आगे बताया कि मिर्जापुर स्वाभाविक रूप से एक पुरुष–प्रधान दुनिया है, जहां पुरुषों के पास सत्ता है, और यह फिल्म उसी को दर्शाएगी। हालांकि, फिल्म में सीरीज का सार और लहजा बरकरार रखा जाएगा, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि यह फिल्म, सीरीज से कहीं ज्यादा थ्रिलर और आगे की होगी। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म में पहले सीजन के किरदार जैसे कंपाउंडर और मुन्ना भी शामिल होंगे।

श्वेता त्रिपाठी ने फिल्म में अपने किरादार गोलू के बारे में कहा कि प्रशंसकों का गोलू के किरदार के प्रति प्यार उन्हें खुशी देता है। भले ही उनका किरदार उनकी शक्ल से बिल्कुल अलग है। श्वेता उर्फ गोलू ने मिर्जापुर पर गर्व व्यक्त किया कि यह पहली ओटीटी सीरीज है, जिस पर फिल्म बनाई जा रही है, लेकिन उन्होंने दर्शकों के प्यार और सम्मान के साथ आने वाली जिम्मेदारी को भी पहचाना।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, श्वेता ने आगे कहा कि सपनों का पीछा करना आसान नहीं है, लेकिन सिर्फ पैसे के लिए नौकरी करने के बजाय हर दिन अपने जुनून के लिए काम करना बेहतर रहता है। मिर्जापुर- द फिल्म 2026 में रिलीज होगी।

# ‘राउडी राठौर 2’ से जुड़ी अपडेट आई सामने

अक्षय कुमार और सोनाक्षी सिन्हा की मुख्य भूमिका वाली राउडी राठौर 2012 में ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। पिछले कुछ दिनों से ‘राउडी राठौर 2’ सुर्खियों में बना हुआ है। प्रशंसकों में फिल्म को लेकर काफी उत्साह है। हालांकि, अब तक इससे जुड़ी कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म को लेकर अब एक नई जानकारी सामने आई है। फिल्म के लीड रोल के लिए अक्षय कुमार, शाहिद कपूर, सिद्धार्थ मल्होत्रा और टाइगर श्रॉफ जैसे नाम कई बार सामने आ चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक संजय लीला भंसाली और उनकी टीम स्क्रिप्टिंग स्टेज में हैं। कहा जा रहा है कि मेकर्स ने अभी तक कास्ट को फाइनल नहीं किया है।




मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कहा जा रहा था कि संजय लीला भंसाली ने राउडी राठौर 2 की स्क्रिप्ट पर काम करने के लिए कन्नड़ फिल्म निर्देशक प्रेम को साइन किया है। हालांकि, नई रिपोर्ट के मुताबिक यह भी कहा जा रहा है कि संजय लीला भंसाली ने अभी तक किसी को इसके निर्देशन के लिए फाइनल नहीं किया है।



# करणवीर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं करेंगी सारा अरफीन

जब अभिनेत्री से माइंड कोच बनी सारा अरफीन खान अपने पति के साथ बिग बॉस 18 में आईं , तो सभी को उम्मीद थी कि यह जोड़ी शानदार प्रदर्शन करेगी। हालांकि, वे घर में दबाव का सामना नहीं कर सकीं। अरफीन के नॉमिनेशन के बाद, सारा लगभग तीन महीने तक घर में टिकी रहीं, लेकिन इस वीकेंड उन्हें घर से बाहर होना पड़ा। अब हाल ही में, एक साक्षात्कार में सारा अरफीन ने बताया है वह करणवीर मेहरा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं करेंगी।

### करणवीर के खिलाफ नहीं करेंगी कार्रवाई

सारा अरफीन ने अपने हालिया साक्षात्कार में लोगों द्वारा उन्हें साइको का टैग दिए जाने को लेकर कहा मैंने कभी भी शारीरिक हिंसा नहीं की, मैं एग्रेसिव हो गई, यह एक रिएलिटी शो है, जहां अपना आपा खोना बहुत आम बात है। लोग ड्रामा देखना चाहते हैं, और उन्हें सिर्फ प्यार दिखाने से कोई मदद नहीं मिलेगी।

### साइको कहे जाने पर दी सफाई

सारा ने आगे कहा, अगर मैं शो को मसाला दे सकती हूं तो इसमें क्या गलत है? अपनी सीमाओं को प्रोटेक्ट करना मेरा गेम प्लान था। मुझे चुम दारंग और करणवीर मेहरा से शारीरिक हिंसा का सामना करना पड़ा, मैंने उसकी वजह से अपनी पीठ पर चोट खाई, लेकिन मैंने जवाबी कार्रवाई नहीं की। उन्होंने मुझे पागल या साइको कहा, लेकिन किसी ने मेरे लिए स्टैंड नहीं लिया। मुझे लगा कि दर्शकों ने मुझे निशाना बनाया है।

### सारा के प्रोफेशन को लेकर दिखाया गया नीचा

सारा ने यह भी कहा कि शो में हमेशा उनके प्रोफेशन को लेकर सवाल खड़ा किया गया है। सारा ने कहा कि अविनाश ने हमेशा मेरे प्रोफेशन को लेकर हमेशा मुझे नीचा दिखाया गया है। उसने एक नैरेटिव सेट किया है, जिसका करणवीर ने इस्तेमाल किया है। जब मैंने अपनी सीमा तय कर ली है को इसे लेकर मुझे पागल क्यों समझा जाता था?

### करणवीर ने नहीं डरतीं सारा

सारा ने यह भी कहा, आपको लगता है, मुझे करणवीर से डर लग गया था जब उसने मुझे धक्का दिया, मैं उसे गलत जगह एक मुक्का मार सकती थी और वह खत्म हो जाता, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। मुझे दर्शकों से बहुत सारे नफ़रत भरे संदेश मिले हैं, फिर भी मैं यहाँ मज़बूती से खड़ी हूं।

# नए साल से पहले हनी सिंह का धमाका, शहनाज के साथ लेकर आएंगे नया गाना

हनी सिंह किसी भी परिचय के मोहताज नहीं हैं। वह देश के मशहूर रैपर, गायक और संगीत निर्माता हैं। उन्होंने अपने गानों से लगातार लोगों का मनोरंजन किया है। भारतीय संगीत की दुनिया में रैप को लाने में उनका एक अहम योगदान रहा है। अब बनी सिंह पंजाब की कैटरीना शहनाज गिल के साथ एक नया गाना लाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। रैपर के फैंस भी उनके इस गाने को लेकर काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं।

### हनी सिंह ने नए गाने का किया एलान

हनी सिंह ने हाल ही में, अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक तस्वीर साझा की है। इसके साथ रैपर ने कहा कि शीशे वाली चुन्नी, फैंस की मांग पर जल्द ही आने वाली है। इसमें टैलेंट्स अभिनेत्री शहनाज गिल भी होने वाली हैं। एक ब्लॉकबस्टर हरियाणवी गाने के लिए पूरी तरह से तैयार हो जाएं।

### फैंस ने दी यह प्रतिक्रिया

हनी सिंह के फैंस ने उनके आगामी गाने को लेकर काफी उत्साह दिखाया और



कमेंट सेक्शन में खूब सारी तारीफें भी कर दी। एक यूजर ने लिखा, कौन कह रहा है कि कमबैक नहीं हो रहा है। दूसरे यूजर ने लिखा, हनी पाजी आपके गाने सुनकर दिन बन जाता है। एक और यूजर ने लिखा, यह सच में एपिक होने वाला है।

### शहनाज का दिखा जलवा

शहनाज गिल के फैंस इस खबर को सुनकर काफी ज्यादा एक्साइटेड हो गए हैं। कई लोगों का कहना है कि शहनाज अब धीरे–धीरे इंडस्ट्री में अपनी जगह बना रही हैं। पिछले दिनों शहनाज का गाना सात समंदर भी काफी हिट हुआ था। अभिनेत्री ने यह आइटम सॉन्ग राजकुमार राव की फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के लिए किया था, जिसके लिए उनकी खूब प्रशंसा भी हुई थी।

### शहनाज ने किया फिल्म का एलान

बता दें कि किसी का भाई किसी की जान से बॉलीवुड में कदम रखने वाली अभिनेत्री शहनाज गिल ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म इक कुड़ी की घोषणा की है। यह फिल्म 13 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।





# रामकृष्ण परमहंस के किरदार को पर्दे पर जीवंत करेंगे चंदन रॉय सान्याल

हाल ही में चंदन रॉय सान्याल, जो अपनी आगामी फिल्म बिनोदिनी – एक्टी नातिर उपाख्यान नाम की फिल्म जल्द ही रामकृष्ण परमहंस के किरदार में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म को लेकर वह इन दिनों काफी ज्यादा सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस बीच अभिनेता ने अपने फेसबुक अकाउंट से एक कोलाज साझा किया है, जिसमें रामकृष्ण परमहंस, मिथुन चक्रवर्ती और खुद चंदन नजर आ रहे हैं। साझा की गई तस्वीर उनके फैंस का ध्यान खूब आकर्षित कर रही है। इस तस्वीर में मिथुन चक्रवर्ती को रामकृष्ण परमहंस के रूप में देखा जा सकता है, जो उन्होंने 1998 की फिल्म स्वामी विवेकानंद में निभाया था। चंदन की पोस्ट में उनकी खुद की तस्वीर भी थी, जिसमें वह रामकृष्ण परमहंस के रूप में दिख रहे हैं।

उन्होंने इस पोस्ट में यह भी कहा कि कैसे वह बचपन से रामकृष्ण के अनुयायी रहे हैं और अब, बहुत सारे आत्मिक विकास और मार्गदर्शन के बाद, वह इस दिव्य भूमिका को निभाने के लिए तैयार महसूस कर रहे हैं।

चंदन ने पोस्ट में लिखा, कुछ भूमिकाएं आपके पास एक विशेष समय में आती हैं, क्योंकि मेरा मानना है कि सब कुछ सर्वशक्तिमान द्वारा योजनाबद्ध किया जाता है। मैं अपने करियर में पहले यह रोल नहीं कर सकता था। जब यह भूमिका मेरे पास आई तो मैं हैरान था। मैं इस सोच में पड़ गया था कि इस किरदार को कैसे चित्रित करूंगा? एक बच्चे के रूप में मैंने रामकृष्ण मिशन में कई दिन बिताए थे और अधिकांश बंगाली परिवार उनके अनुयायी हैं। मैं उनके और स्वामीजी के साथ बड़ा हुआ।

चंदन ने पोस्ट में जताया आभार

उन्होंने आगे लिखा, हाल ही में मेरे गुरु मैत्रेय दादाश्रीजी ने मुझे दिव्य ज्ञान का रास्ता दिखाया। उनके मार्गदर्शन, शिक्षाओं, परमहंस योगानंद की किताब और कई अन्य स्क्रिप्ट और संगीत ने मुझे इस भूमिका को निभाने में मदद की। राम कमल मुखर्जी मुझे यह भूमिका देने के लिए धन्यवाद। देव अधिकारी अपने प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। मेरी को-स्टार रुकमणि और मेरे लुक को आकार देने के लिए रेणुका पिल्लई को भी धन्यवाद। नया साल आ गया है और 2025 में मेरे जीवन का एक नया सूर्योदय हो रहा है। तस्वीरों में रामकृष्ण खुद हैं, उसके बाद मेरे पसंदीदा मिथुन चक्रवर्ती हैं जिन्होंने 90 के दशक में इस भूमिका को निभाया था, और अंत में मेरी तस्वीर है। मुझे नहीं पता मैं क्या कर रहा हूं, बस बहते जा रहा हूं।

# अब ओटीटी पर चलेगा सूरज बड़जात्या का जादू

जल्द ही सोनी लिव पर सीरीज ‘बड़ा नाम करेंगे’ का प्रीमियर होगा। यह ओटीटी पर राजश्री प्रोडक्शंस का डेब्यू शो होने वाला है। यह एक लव स्टोरी वाली सीरीज हैं, जिसमें फैमिली वैल्यूज भी होंगे। यही बात तो राजश्री प्रोडक्शंस और सूरज बड़जात्या की खासियत है।

### मन को छू लेने वाली कहानी

सीरीज ‘बड़ा नाम करेंगे’ मन को छू लेने वाली है, इसको पलाश वासवानी द्वारा निर्देशित किया गया है। हालिया जारी टीजर में प्यार, परिवार को जोड़कर एक कहानी की झलक दिखाई गई है। इस सीरीज में ऋषभ और सुरभि की कहानी है, जिनकी अरेंज मैरिज एक अलग ही मोड़ लेती है, जब उनके अतीत की बातें सामने आती हैं। आगे दोनों अपने रिश्ते को लेकर क्या फैसला लेंगे, इस पर पूरी कहानी है।

### उत्साहित हैं सूरज बड़जात्या

सीरीज ‘बड़ा नाम करेंगे’ के बारे में सूरज आर.बड़जात्या ने कहा– ‘यह सीरीज मेरे दिल में एक खास जगह रखती है। इसके साथ हम रिश्तों की खूबसूरती, प्यार की गहराई और पारिवारिक मूल्यों की मजबूती के बारे में बता रहे हैं। मैं इस दिल को छू लेने वाली कहानी को दर्शकों के साथ साझा करने के लिए उत्साहित हूं। सोनी लिव के साथ मिलना, हमारे लिए शानदार एक्सपीरियंस है।



# सिडनी टेस्ट में भारत को 145 रनों की लीड, पंत की धमाकेदार पारी ने दिल जीत लिया

**सिडनी (एजेंसी)।** सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को भारत ने पलटवार कर आस्ट्रेलिया की पहली पारी को 181 रनों पर आलआउट कर 4 रन की लीड के साथ अपनी दूसरी पारी में छह विकेट खोकर 141 रन बनाए। भारत की कुल लीड अब 145 रन की हुई है। दिन का खेल खत्म होने के समय जडेजा 8 और वशिंगटन सुंदर 6 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत ने पहली पारी में 185 रन बनाए थे। खेल के अंतिम सत्र में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की दूसरी पारी का आकर्षण विकेटकीपर और बल्लेबाज रिषभ पंत (61) की धमाकेदार बल्लेबाजी रही। पंत ने ये रन मात्र 33 गेंदों पर छह चौके और चार छक्कों की मदद से बनाये। उन्होने अपना अर्धशतक मात्र 29 गेंदों में पूरा किया। वे पैट कमिंस की गेंद पर विकेटकीपर के हाथों लपके गये। वहीं विराट कोहली का बल्ला आज भी नहीं चला और वे सिर्फ 6 रन का योगदान दे सके। यशस्वी जायसवाल (22) ने भारत को तेज शुरुआत देने की कोशिश की मगर वह भी जल्द ही चलते बने। सीरीज में पहली बार खेल रहे प्रसिद्ध कृष्णा ने 42 रन देकर तीन विकेट चटकाए, जबकि मो सिराज ने 51 रन देकर 3 विकेट झटके। बुमराह और नीतीश कुमार रेड्डी ने दो दो विकेट हासिल किए। 4 रन की लीड मिलने के बावजूद बुमराह की फिटनेस ने भारत को चिंता में डाल दिया है। शनिवार को के सत्र की शुरुआत में सिर्फ 1 ओवर फेंकने के बाद बुमराह मैदान से बाहर गए और बाद में उन्हें स्कैन के लिए अस्पताल जाते देखा गया, जिससे बाकी मैच के लिए उनकी उपलब्धता संदेह में पड़ गई है। वहीं बुमराह की गैर मौजूदगी में सिराज ने शानदार गेंदबाजी की। पारी के 51वें ओवर में आखिरी खिलाड़ी स्कॉट बोलैंड को आउट करने में उनकी रफ्तार काबिल ए तारीफ थी। प्रसिद्ध कृष्णा और रेड्डी ने भी अपनी धारदार गेंदबाजी से सभी को आकर्षित किया। रेड्डी ने मिचेल स्टाकर को 1 रन पर और पैट कमिंस को 10 रन पर आउट किया। दोनों स्लिप में कैच आउट हुए। विकेटों की झड़ी के बावजूद, नवोदित ब्यू वेबस्टर (57) और एलेक्स कैरी (21) ने मजबूत इरादों के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की। वेबस्टर ने अद्भुत संयम दिखाया और 105 गेंदों में पांच चौकों सहित 57 रन बनाए। उन्होने रेड्डी की गेंद पर शॉट लगा कर पहले ही टेस्ट मैच में पचास रन पूरे किये। दूसरी छोर पर कैरी ने कई आत्मविश्वास भरे स्ट्रोक खेले और दो बार ऑफ साइड से बाउंड्री लगाई। इससे पहले, भारत ने खेल पर मजबूत पकड़ के साथ शुरुआत की थी।



## जसप्रीत बुमराह का मेडिकल बुलेटिन आया बाहर, प्रसिद्ध कृष्णा ने दी अपडेट



**सिडनी (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा शनिवार को कहा कि कप्तान जसप्रीत बुमराह की पीठ में ऐंठन है और भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट में लक्ष्य का बचाव करते समय मेडिकल स्टाफ से इस स्टार तेज गेंदबाज की उपलब्धता को लेकर जानकारी का इंतजार कर रही है। बुमराह चोट के कारण एहतियाती स्कैन (जांच) कराने के बाद ड्रेसिंग रूम में लौट आए। उन्हें यहां लंच के बाद केवल एक ओवर गेंदबाजी करने के बाद मैदान से बाहर जाना पड़ा था। इस टेस्ट में बुमराह की गेंदबाजी भारत के लिए काफी अहम होगी क्योंकि टीम ने अपनी दूसरी पारी में 141 रन पर छह विकेट गंवा दिए है और उसकी कुल बढ़त सिर्फ 145 रन की है।

कृष्णा ने दूसरे दिन के खेल के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी पीठ में ऐंठन थी। वह स्कैन के लिए गए थे। मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है। जब मेडिकल टीम हमें कोई जानकारी देगी तभी इस बारे में कुछ पता चलेगा। बुमराह कुल मिलाकर 3 घंटे और 20 मिनट तक मैदान से दूर रहे, लेकिन उनकी वापसी से ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी से पहले भारतीय खेमे की चिंताएं कम हो सकती हैं। बुमराह की अनुपस्थिति में विराट कोहली ने टीम का नेतृत्व किया। बुमराह इससे पहले पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण 2022 और 2023 के बीच लगभग एक साल तक क्रिकेट से बाहर रहे थे।

श्रृंखला में पहले ही 32 विकेट ले चुके बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 10 ओवरों में 33 रन देकर 2 विकेट लिए। उन्होंने सुबह के सत्र में मार्नस लाबुशेन का विकेट लिया था। लंच के बाद अपने स्पैल में एक ओवर फेंकने के बाद बुमराह को कुछ असुविधा महसूस हुई। उन्होंने कोहली से बात की और मैदान से बाहर चले गए और फिर आधिकारिक प्रसारकों ने उन्हें टीम के सुरक्षा संपर्क अधिकारी और टीम डॉक्टर के साथ मैदान से बाहर जाते हुए दिखाया। 'फॉक्स स्पोर्ट्स% के दृश्यों में उन्हें एक एसयूवी में स्टेडियम से बाहर निकलते हुए दिखाया गया।

## एक दिन में 15 विकेट गिर गए, हम ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटरों की तरह नहीं रोते : गावस्कर

**सिडनी (एजेंसी)।** भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे 5वें टेस्ट में हरी पिच पर सवाल क्यों नहीं उठ रहे। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि क्या यह खेल भारत में खेला जा रहा है। इस पर सवाल क्यों नहीं उठाए जा रहे। यह पिच टेस्ट क्रिकेट खेने के लिए बिल्कुल भी आदर्श नहीं है। पहले दिन 11 विकेट गिरे थे अब दूसरे दिन 15 विकेट गिर चुके हैं। बता दें कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 181 रन पर आउट करने के बाद पहली पारी में 4 रन की बढ़त ली थी। दूसरे दिन के खेल का अंत होने तक भारतीय टीम का स्कोर 141/6 हो गया है और उनके पास 145 रन की बढ़त है।

सुनील गावस्कर ने कहा कि अगर भारत में (एक ही दिन में) 15 विकेट गिर जाते, तो सब गड़बड़ हो जाती। हमारे पास ग्लेन मैक्ग्राथ हैं। वह बीते दिनों बोल रहे थे कि उन्होंने पहले कभी इस पिच पर इतनी घास नहीं देखी। क्या आपने भारत के किसी पूर्व क्रिकेटर को पिच के बारे में विलाप करते हुए सुना है? पूर्व (ऑस्ट्रेलियाई और अंग्रेजी क्रिकेटर) विशेषज्ञ हर समय भारतीय पिचों और परिस्थितियों के बारे में बात करते रहते हैं। हम विलाप करने वाले नहीं हैं, हम रोने वाले नहीं हैं। आप हमें कभी शिकायत करते हुए नहीं पाएंगे। लेकिन भारत में एक दिन में 15 विकेट गिर जाए तो यार यह नरक होगा। जब हम बाहर जाते हैं और क्रिकेट खेलते हैं तो हम ऐसा नहीं करते। अगर हम हारते हैं, तो हम हारते हैं। विदेशों में घरेलू टीमों को हराना बहुत मुश्किल है। मैंने कहा था कि जब हमने कल पिच देखी थी, तो इसपर इतनी घास थी कि गाएं भी चर सकती थी। यह बिल्कुल भी आदर्श टेस्ट मैच पिच नहीं है जो चौथे और पांचवें दिन तक चले। अगर बारिश नहीं होती तो मुझे नहीं लगता कि हम चौथे दिन यहां रहेंगे।

## भारतीय टीम की हालत से दुखी होंगे द्रविड़

**सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कोच रहे राहुल द्रविड टीम की अभी की हालत देखकर दुखी होंगे। उन्होंने विश्व विजेता के तौर पर टीम को छोड़ा था और उनके जाने के बाद टीम की क्या हालत हो गयी। वह श्रीलंका में एकदिवसीय हारी जबकि न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी ही धरती पर उसे 3-0 से हार टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा। अब ऑस्ट्रेलिया में 1-2 से पिछड़ी हुई है, जबकि आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले से तकरीबन बाहर हो चुकी है।

वहीं दूसरी ओर रोहित शर्मा भी सोच रहे होंगे कि अगर द्रविड़ एक साल और कोच रहते तो अच्छा रहता। द्रविड़ के कोच रहते भारतीय टीम का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था और वह विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप, एकदिवसीय विश्वक के फाइनल में पहुंची थी जबकि टी20 विश्वकप उसने जीता था। भारतीय कप्तान रोहित को अभी खराब दौर से गुजरने के कारण टीम से बाहर तक रहना पड़ रहा है। उन्हें किसी का समर्थन भी नहीं मिलता दिख रहा है। द्रविड़ के कोच पद छोड़ने के बाद नये कोच बने गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेल सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है ऑस्ट्रेलिया दौरे में भी टीम का प्रदर्श अच्छा नहीं रहा। ऐसे में

टीम को ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने भ निशाना बनाया है। वह भी खिलाड़ियों का मजाक बना रही है। कोच गंभीर का रवैया भी कप्तान को लेकर अब तक सख्त रहा है। खराब फार्म के कारण रोहित दबाव में भी दिखे मेलबर्न में बल्लेबाजी के दोरान उनका अति रक्षात्मक रुख दिखा। एकदिससीय विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद राहुल द्रविड़ कोचिंग छोड़ना चाहते थे पर रोहित ने उन्हें रुकने के लिए मनाया और भारतीय टीम विश्व विजेता बनी। इन दोनो की जुगल जोड़ी जीत की गारंटी जैसी लगती थी पर अभी टीम में गुटबाजी दिखती है। वह एकजुट नहीं नजर आती तो टीम के तौर पर आनी चाहिए। अभी वह समय है और जिस तरह से रोहित ने द्रविड़ को कोचिंग छोड़ने से रोका था उसी प्रकार कोई रोहित को रोके तो वह एक बार फिर पुराने में नजर आ सकते हैं। वह कोच के तौर पर द्रविड़ की कमी अनुभव कर रहे होंगे। वहीं द्रविड़ यह सोच रहे होंगे कि टीम इंडिया को किस जगह पर छोड़ा था और आज टीम कहां पहुंच गयी है।



## इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से बाहर रह सकते हैं ये दिग्गज

लंदन। भारतीय क्रिकेट टीम इस साल इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेगी पर इसमें मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शायद ही खेलें । बुमराह को कार्याभार प्रबंधन के कारण इस सीरीज से बाहर रहना पड़ सकता है । बुमराह के अलावा रोहित शर्मा और विराट भी इस सीरीज से बाहर रह सकते हैं । चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले भारत की ये आखिरी 50 ओवर की सीरीज होगी । एक रिपोर्ट के अनुसार ऐसे में कार्यभार प्रबंधन के तहत ही बुमराह को इसलिए आराम दिया जाएगा जिससे वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पूरी तरह से फिट रहें । बुमराह पिछले कुछ समय से लगाता खेल रहे हैं जिसके उनके चोटिल होने का खतरा बढ़ जाता है । ऐसे में चयनकर्ता उनको लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहेंगे । वहीं विराट और रोहित का प्रदर्शन टी20 विश्वकप के बाद से ही अच्छा नहीं रहा है । ऐसें में चयनर्ता इस सीरीज के लिए भी इन्हें आराम देकर युवा खिलाड़ियों का आजमा सकते हैं ।

## पंत की 184 के स्ट्राइक रेट से खेली गई पारी के दीवाने हुए सचिन



मुंबई । भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर हो रहे मुकाबले के दौरान अपने पुराने अंदाज में दिखाई दिए । बेखौफ पंत ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की जमकर धुनाई की । स्टार्क के ओवर में उन्होंने लगातार गेंदों पर छक्के लगाए, जबकि कुछ ओवरों में उन्होंने जमकर बाउंड्री ठोकी । उन्होंने 33 गेंदों का सामना कर 61 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। जब तक वह क्रीज पर थे कंगारूओं की सांसे अटकी हुई थी । पंत की पारी की महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने भी तारीफ की है । पंत ने 29 गेंद में अर्धशतक लगाया, जोकि टेस्ट में भारत की ओर से लगाया गया दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड भी पंत के नाम दर्ज है, उन्होंने 2022 में बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ 28 गेंदों में फिफ्टी लगा दी थी । सिडनी टेस्ट की दूसरी पारी में पंत ने चार छक्के और 6 चौके लगाए ।उनकी पारी के दौरान स्टेडियम में मौजूद फैंस का भरपूर मनोरंजन हुआ । पंत की पारी पर तेंदुलकर ने लिखा, इसतरह के विकेट पर, जहां ज्यादातर बल्लेबाजों ने 50 से भी कम स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की, पंत की 184 के स्ट्राइक रेट से खेली गई पारी अद्भुत है । उन्होंने पहली गेंद से ऑस्ट्रेलिया को हिलाकर रख दिया । पंता को बल्लेबाजी करते देखना हमेशा मनोरंजक होता है । प्रभावशाली पारी थी ।

## लवलीना अब खिलाड़ियों से जुड़े मामलों को उठाएंगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन को विश्व मुक्केबाजी संघ की नई एशियाई संस्था के एथलीट आयोग में शामिल किया गया है। ।लवलीना की जिम्मेदारी इसमें एशियाई और वैश्विक मुक्केबाजी में खिलाड़ियों से जुड़े मामलों को उठाना और उनकी बेहतरी के प्रयास करना रहेगा। नई एशियाई संस्था में भारत से लवलीना के अलावा अध्यक्ष अजय सिंह सहित भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह सहित छह अधिकारियों को शामिल किया गया है। विश्व मुक्केबाजी संघ का मानना है कि एशियाई मुक्केबाजी के भविष्य को बेहतर बनाने में बीएफआई से जुड़े अधिकारी अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसी को देखते हुए इन्हें सात अहम समितियों में शामिल किया गया है। सिंह को बोर्ड सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। बीएफआई महासचिव हेमंत कुमार कलिता और कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह को ओलंपिक आयोग और वित्त एवं लेखा जांच समिति में अहम भूमिका मिली है। एशियाई मुक्केबाजी का निर्माण विश्व मुक्केबाजी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकता है। इसका काम ये पक्का करना होगा कि मुक्केबाजी 2028 और उसके बाद भी ओलंपिक खेलों में शामिल रहे।'' एथलीट आयोग में शामिल लवलीन ने पूरे एशिया में एथलीटों के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे, अवसरों और सहायता प्रणालियों को बढ़ाये जाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, ''एशियाई मुक्केबाजी में एथलीट आयोग के सदस्य के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। यह सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है कि खिलाड़ियों की आवाज सुनी जाए और निर्णय लेने की प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जाए।'' उन्होंने कहा, ''मेरा ध्यान पूरे एशिया में बेहतर प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे, निष्पक्ष अवसरों और मजबूत समर्थन प्रणालियों को आगे बढ़ोन पर होगा जो मुक्केबाजों को वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता हासिल करने के लिए सशक्त बनाते हैं।''



## देश में इस बार खेले जाएंगे ये अहम टूर्नामेंट




नई दिल्ली । भारत में इस साल क्रिकेट सहित अलग-अलग खेलों में बड़े-बड़े टूर्नामेंटों का आयोजन होने जा रहा है । इनमें महिला एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट से लेकर खो खो विश्वकप भी शामिल हैं । ऐसे में खेल प्रशंसकों को एक से बढ़कर एक मुकाबले देखने को मिलेंगे ।

खो-खो विश्वकप 2025 : नए साल की शुरुआत में ही सबसे पहले खो-खो विश्व कप का आयोजन होगा । ये टूर्नामेंट राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 13 से 19 जनवरी 2025 तक खेला जाएगा। इससे खो-खो के उभरेते हुए खिलाड़ियों को नये अवसर मिलेंगे ।

महिला एकदिवसीय विश्व कप 2025 : महिला विश्व कप क्रिकेट का आयोजन सितंबर-अक्तूबर में होगा । इस दौरान दुनिया भर की महिला टीम भारत आयेंगी और लोगों को बेहतरीन मुकाबले देखने को मिलेंगे ।

पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 : पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 का आयोजन भारत की राजधानी दिल्ली में होगा । 26 सितंबर से 5 अक्तूबर 2025 तक पूरी दिल्ली इसकी मेजबानी करेगी ।

खेलों इंडिया विंटर गेम्स 2025 : आइस हॉकी और आइस स्कीइंग का आयोजन 23 से 27 जनवरी तक लद्दाख में होगा। इसके बाद अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग, स्की माउंटेनियरिंग और स्नोबोर्डिंग 22 से 25 फरवरी तक जम्मू-कश्मीर में आयोजित होंगे ।

आईपीएल 2025 : इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन की शुरुआत 14 मार्च से होगी । वहीं इसका फाइनल 25 मई को खेला जाएगा ।

## फखर को इन चार टीमों के सेमीफाइनल में पहुं ने की उम्मीद



इस्लामाबाद । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज फखर जम ने आगामी टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को लेकर भविष्य वाणी की है । फखर ने कहा है कि समें पाकिस्तान, भारत, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका जैसे टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी । फखर ने बासित अ ी से कहा कि पाकिस्तान के अलावा भारत, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ऐसी टीमें हैं जो सेमीफाइनल में हुंचेंगी । इसमें पाकिस्तान के साथ ही भारत और बांग्लादेश ए ग्रुप में है जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम बी ग्रुप में इं लैंड, न ऑस्ट्रेलिया के साथ हैं । वहीं चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर औपचारिक घोषणा के साथ ही इसको लेव र संशय भी दूर हो गया । अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टूर्नामेंट का कार्यक्रम भी जारी कर दिया है । आठ टीमों के इस आयोजन में 50 ओवर के प्रारूप में 15 मैच शामिल होंगे और यह पाकिस्तान और दुबई में आयोजित किए जाएंगे । इसमें भारत और पाकिस्तान मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में होगा । रावलपिंडी, लाहौर और करा ी पाकिस्तान में टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाले तीन स्थान होंगे । प्रत्येक स्थान पर तीन ग्रुप मैच आयोजित होंगे साथ ही लाहौर दूसरे सेमीफाइनल की भी मेजबानी करेगा । लाहौर 9 मार्च को फाइनल की मेजबानी करेगा, जब क कि भारत क्वालीफाई नहीं कर लेता, ऐसी स्थिति में फाइनल दुबई में खेला जाएगा । सेमीफाइनल और फाइनल दो ों में आरक्षित दिन होंगे । इंग्लैंड एकमात्र भाग लेने वाला देश है जिसने इस बहुप्रतीक्षित आयोजन के लिए अपनी टीम की घोषणा की है । ग्रुप ए के शुरुआती मैच में पाकिस्तान 19 फरवरी को कराची में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा । अगले दिन बई चरण की शुरुआत भारत और बांग्लादेश के बीच होगी ।

## आज भारत के पास सिडनी कलंक को मिटाने का मौका, 46 सालों का सूखा हो सकता है खत्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)** । भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में खतरे की घंटी बजा दी है। भारतीय गेंदबाजों ने दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन किया लेकिन बल्लेबाजों ने मेहनत पर पानी फेर दिया। शनिवार को स्टंप्स के समय भारत का दूसरी पारी में स्कोर 141/6 था। भारत की अभी कुल बढ़त 145 रनों की है। भारत के 185 के जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 181 रनों पर आल आउट हो गई थी। टीम इंडिया फिलहाल मुश्किल में घिरी है। भारत का सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है। भारत पर फिर हार का खतरा मंडराने लगा है।

वैसे, सिडनी में लक्ष्य का पीछा करना कभी आसान नहीं होता। हालांकि, मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने कई बार चुनौती पर पार पाया है। यहां सबसे बड़ा टारगेट चेज करने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम ही दर्ज है। ऑस्ट्रेलिया ने यह कारनामा साल 2006 में किया था। कंगारुओं ने तब साउथ अफ्रीका के विरुद्ध 287 रनों का लक्ष्य हासिल कर 8 विकेट से विजयी परचम फहराया। उसके बाद से एससीजी में 21वीं सदी में कोई भी टीम 200 प्लस का टारगेट सफलतापूर्वक चेज नहीं कर सकी।

सिडनी में अभी तक छह मर्तबा 200 से अधिक का लक्ष्य हासिल हुआ है। यह कमाल भी ऑस्ट्रेलिया ने ही किया है। ऑस्ट्रेलिया ने 1898 में इंग्लैंड के विरुद्ध 276 और 1907 में 275 रन बनाकर जीत दर्ज की। कंगारू टीम ने 1985 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 260, इंग्लैंड के विरुद्ध 1980 में 216 जबकि 1947 में 214 का टारगेट चेज किया। वहीं, इंग्लैंड ने सिडनी में 1903 में 194 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया था। ऑस्ट्रेलिया का सिडनी में दमदार रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया ने 121 टेस्ट खेले हैं, 61 में जीत और 28 में हार मिली है।

सिडनी में भारतीय टीम पर एक कलंक लगा हुआ है। भारत ने इस मैदान पर पिछले 46 सालों से कोई टेस्ट मैच नहीं जीता। भारत ने सिडनी में एकमात्र जीत 1978 में हासिल की थी। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने एससीजी में 13 टेस्ट मैच खेले हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 5 टेस्ट जीते और 7 ड्रॉ रहे। रविवार को पांचवें टेस्ट का रिजल्ट निकलने की संभावना है। भारत को अगर सिडनी में कलंक मिटाना है, तब ऑस्ट्रेलिया को 200 से अधिक रनों का टारगेट देने पर फोकस करना होगा। ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा 8 और वॉशिंगटन सुंदर 6 रन बनाकर नाबाद हैं। पंत ने दूसरे दिन 33 गेंदों में 61 रन की तूफानी पारी खेली। विराट कोहली (6), केएल राहुल (13) और शुभमन गिल (13) का बल्ला नहीं चला। यशस्वी जायसवाल ने 23 रनों का योगदान दिया।



## ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस में जोकोविच को ओपेल्का ने सीधे सेटों में हराया

ब्रिस्बेन । नोवाक जोकोविच को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस के क्वार्टर फाइनल में राइली ओपेल्का के खिलाफ सीधे सेटों में 6-7, 3-6 से हार मिली । अमेरिका के ओपेल्का ने 16 ऐस लगाकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की है । 47 साल के जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी के लिए इस टूर्नामेंट में खेल रहे हैं । ऑस्ट्रेलियाई ओपन की शुरुआत 12 जनवरी से होगी और जोकोविच इसके 10 बार के चैम्पियन रहे हैं। ओपेल्का ने फरवरी 2022 में सर्वश्रेष्ठ करियर रैंकिंग 17 हासिल की है । कूल्हे की सर्जरी के कारण खेल से दूर रहने के कारण उनकी मौजूदा रैंकिंग 293 है । ओपेल्का के सामने सेमीफाइनल में जी एमपेत्शी पेरीकार्ड की चुनौती होगी । पेरीकार्ड ने याकूब मेनसिक को 7-5, 7-6 से हराया । दूसरे सेमीफाइनल में जिरी लेहेका का मुकाबला ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा । लेहेका ने निकोलस जैरी को 6-4, 6-4 से हराया और जॉर्डन थॉम्पसन के रिटायर होने पर दिमित्रोव ने अंतिम चार में जगह बनाई ।



## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश की चटगाँव अदालत का हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को जमानत देने से इनकार




चटगाँव, एजेंसी। चटगाँव की एक अदालत ने आज कड़ी सुरक्षा के बीच हुई सुनवाई के दौरान पूर्व इस्कॉन नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को जमानत देने से इनकार कर दिया ।हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था, तब से वह जेल में हैं। कोलकाता इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधा रमन दास ने कहा, यह बहुत दुखद समाचार है। हम जानते हैं कि पूरी दुनिया इस पर नजर रखे हुए थी। सभी को उम्मीद थी कि चिन्मय प्रभु को नए साल में आज़ादी मिलेगी – लेकिन 42 दिनों के बाद भी, आज सुनवाई में उनकी जमानत खारिज कर दी गई... बांग्लादेश सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें न्याय मिले। इससे पहले 11 दिसंबर को एक बांग्लादेश की एक अदालत ने दास की प्रारंभिक जमानत याचिका को प्रक्रिया में खामी के कारण खारिज कर दिया था। रिपोर्ट्स के अनुसार, वैध पावर ऑफ अटॉर्नी और वकील की अनुपस्थिति के कारण याचिका खारिज की गई थी।

### गाजा पर इस्राइली हमले में फलस्तीन के 12 लोगों की मौत

गाजा , एजेंसी। गाजा पट्टी पर इस्राइली हमले में बुधवार को 12 फलस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हमला उत्तरी गाजा के जबालिया इलाके में एक घर पर हुआ, जो इस क्षेत्र का नष्ट हो चुका हिस्सा है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमले में 7 की मौत हुई और कम से कम एक दर्जन अन्य लोग जख्मी हुए हैं।

### नेपाल में भारतीय संगठन के साथ बाल विवाह विरोधी मुहिम

ढाका, एजेंसी। नेपाल में बाल-विवाह अपराध समाप्ति के पीएम केपी शर्मा ओली के संकल्प के बीच इस हिमालयी देश से भारत के बाल अधिकार कार्यकर्ताओं, बच्चों व नागरिक संस्था के सदस्यों सहित 100 से अधिक लोगों ने 'बाल विवाह मुक्त नेपाल' मुहिम शुरू करने के लिए हाथ मिलाया है। भारतीय संगठन 'जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन' और नेपाल के 'बैकवर्ड सोसाइटी एजुकेशन' के सहयोग से इसे शुरू किया गया है।

### ट्रंप ने कहा, जिमी कार्टर के अंतिम संस्कार में शामिल होंगे

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह अगले सप्ताह पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर के राजकीय अंतिम संस्कार में जाएंगे। उनका संस्कार 9 जनवरी को होना है। ट्रंप उनके धुर विरोधी रहे हैं।

### यूएन में पाकिस्तानी कार्यकाल शुरू हुआ कराची में 29 घायल

कराची , एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अस्थायी सदस्य के तौर पर पाकिस्तान का दो वर्ष का कार्यकाल एक जनवरी को नए साल से शुरू हो गया। इस मौके पर संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के दूत मुनीर अकरम ने खुशी जताई। इस बीच, कराची में नए साल पर की गई हवाई फायरिंग में 29 लोग घायल हो गए। नए साल का जश्न मनाते वक्त हुई घटनाओं में कई महिला और बच्चे भी प्रभावित हुए।

### ट्रंप ने न्यू ऑर्लियंस आतंकी हमले को लेकर डेमोक्रेट्स को घेरा



वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यू ऑर्लियंस की आतंकी घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने इसे शैतान का काम करार दिया। ट्रंप ने इस दुखद घटना के बाद अपने बयान के जरिए आप्रवासन और अपराध पर बहस को फिर से हवा दे दी। हमले में नए साल की पूर्व संध्या के जश्न के दौरान कम से कम 15 लोग मारे गए और 35 अन्य घायल हो गए। इसे लेकर ट्रंप ने डेमोक्रेट्स पर अमेरिका में आपराधिक घटनाओं और प्रवास के बारे में उनकी चेतावनियों को खारिज करने का आरोप लगाया। ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि जब मैंने कहा कि हमारे देश में आने वाले अपराधी हमारे देश में मौजूद अपराधियों से कहीं ज्यादा बुरे हैं, तो उसका डेमोक्रेट्स और फेक न्यूज मीडिया की ओर से लगातार खंडन किया गया, लेकिन यह सच निकला। हमारे देश में अपराध दर उस स्तर पर है, जिसे पहले कभी किसी ने नहीं देखा। हम सभी निर्दोष पीड़ितों और उनके प्रियजनों के साथ हैं, जिनमें न्यू ऑर्लियंस पुलिस विभाग के बहादुर अधिकारी भी शामिल हैं। ट्रंप प्रशासन न्यू ऑर्लियंस शहर का पूरा समर्थन करेगा, क्योंकि वे इस पूरी तरह से दुष्टता के कृत्य की जांच और उससे उबरने में लगे हैं!

# ट्रंप के होटल के बाहर टेस्ला के साइबर ट्रक में धमाका, मस्क ने आतंकवादी घटना से जोड़े तार



लॉस वेगास, एजेंसी। अमेरिका के न्यू ऑरलियन्स में हुई दुखद घटना के बाद बुधवार को एक और हादसे की खबर सामने आई है। लॉस वेगास में ट्रंप के होटल के बाहर टेस्ला के एक साइबर ट्रक में जोरदार विस्फोट हुआ है। इस हादसे में कम से कम 1 शख्स की मौत हो गई है और 7 से ज्यादा लोग घायल हैं। वहीं टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कहा है कि ट्रंप इंटरनेशनल होटल के बाहर साइबरट्रक विस्फोट और न्यू ऑरलियन्स में हुए के हमले के बीच कनेक्शन हो सकता है। मस्क ने यह भी कहा है कि टेस्ला के साइबर ट्रक में यह धमाका बाहर से रखे गए विस्फोटकों की वजह से हुआ है, अंदरूनी कारणों से नहीं।

मस्क ने न्यू ऑरलियन्स और इस घटना के बीच संबंध होने का अंदेशा इसीलिए जताया है कि क्योंकि दोनों ही गाड़ियां एक ही कार रेंटल साइट, टुरो से किराए पर लिए गए थे। मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा, ऐसा लगता है कि यह आतंकवादी घटनाएं है। यह साइबरट्रक और न्यू ऑरलियन्स में एफ-150 आत्मघाती बम दोनों टुरो से किराए पर लिए गए थे। दोनों घटनाएं संभवतः जुड़ी हुई हैं। सीएनएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक न्यू ऑरलियन्स घटना के संदिग्ध ने भी टुरो नाम की साइट से किराए पर लिए गए फोर्ड एफ-150 लाइटनिंग इलेक्ट्रिक ट्रक से नए साल का जश्न मना रहे लोगों की भीड़ में टक्कर मार दी थी। टेस्ला के सीईओ मस्क ने एक और पोस्ट करते हुए यह स्पष्ट किया कि साइबर ट्रक में यह धमाका अंदरूनी कारणों से नहीं हुआ है। उनके मुताबिक यह धमाका बाहर से रखे गए विस्फोटकों की वजह से हुआ। मस्क ने ड्ड पर लिखा, हमने पुष्टि कर ली है कि विस्फोट साइबरट्रक में रखे बम की वजह से हुआ था और यह गाड़ी से संबंधित नहीं है। इससे पहले लॉस वेगास के पुलिस अधिकारी केविन मैकमैहिल ने बताया कि सुबह 8:40 बजे होटल में एक गाड़ी में आग लगने की सूचना मिली थी। मैकमैहिल ने बताया, साइबरट्रक के अंदर एक व्यक्ति की मौत हुई है और यह नहीं पता चल पाया है कि वह पुरुष है या महिला। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक साइबरट्रक में विस्फोटक, गैस टैंक और कैंपिंग ईंधन मौजूद थे। अधिकारी विस्फोट और न्यू ऑरलियन्स में हुए हमले के बीच किसी भी संबंध की जांच कर रहे हैं। गौरतलब है कि बुधवार को न्यू ऑरलियन्स में एक संदिग्ध ने अपनी कार भीड़ में घुसा दी थी। इस हादसे में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई है। कार सवार की पहचान 42 शमशुद्दीन जब्बार के रूप में हुई है, जो पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया। ख्ब्ब्ह्ल इसकी जांच आतंकवादी घटना के एंगल से कर रही है। वहीं इस मामले पर राष्ट्रपति बाइडेन का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, हम लास वेगास में ट्रंप होटल के बाहर साइबरट्रक में हुए विस्फोट पर नजर रख रहे हैं। यह जांच की जा रही है कि क्या न्यू ऑरलियन्स में हुए हमले से इसका कोई संभावित संबंध है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि अमेरिकी लोगों को कोई खतरा न हो यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है।

## यूरोपीय देश मोंटेनेग्रो के बार में फायरिंग, 10 की मौत




पॉडगोरिका, एजेंसी। यूरोपीय देश मोंटेनेग्रो में नए साल के मौके पर एक शख्स ने बार में फायरिंग कर अपने ही परिवार के सदस्यों समेत 10 लोगों की हत्या कर दी। मरने वालों में परिवार के अलावा बार के मालिक और उसके 2 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं 4 लोग घायल भी हुए हैं। आरोपी हमलावर की पहचान 45 साल के आको मार्टिनोविक के रूप में हुई है, जो हमले के बाद मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए इलाके की सभी सड़कों को बंद कर दिया और उसकी तलाश में जुट गई। हालांकि बाद में पता चला कि आरोपी हमलावर ने आत्महत्या कर ली है।

**पारिवारिक झड़प में हुई गोलीबारी :** मार्टिनोविक बार में अपने मेहमानों के साथ मौजूद था। स्थानीय पुलिस के मुताबिक घटना की शुरुआत बार में झड़प से हुई। झड़प के बाद वह घर गया और वहां से हथियार लेकर आया। इसके बाद उसने शाम 5:30 बजे (स्थानीय समयानुसार) गोलीबारी शुरू कर दी। बार में हुई फायरिंग में उसने 4 लोगों को मार दिया था। इनमें बार मालिक और उसके 2 बच्चे मारे गए। इसके बाद उसने अन्य 3 जगहों पर जाकर फायरिंग की, जिसमें अन्य लोग मारे गए। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक पुलिस ने झड़प के पीछे पारिवारिक संबंधों को वजह माना है।

**प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय शोक घोषित किया :** हमले के बाद सरकार ने गुरुवार से तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। मोंटेनेग्रो के प्रधानमंत्री मिलोज्को स्पाजिक ने गोलीबारी को भयानक त्रासदी बताया है। हमले में घायल हुए लोगों की हालत भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक हमलावर मार्टिनोविक का क्रिमिनल रिकॉर्ड रहा है।

## पाकिस्तान में मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि, पैतृक गांव के ग्रामीणों ने परिजनों को आमंत्रित किया

इस्लामाबाद, एजेंसी। इस्लामाबाद से लगातार आतंकी गतिविधियों के कारण भारत-पाकिस्तान के रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं, लेकिन पाकिस्तान के एक छोटे से गांव गाह ने भारत के पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया है। यह मनमोहन सिंह का पैतृक स्थान भी है। यहां के लोगों ने पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि देने के लिए विशेष कार्यक्रम किया था। उन्होंने बुधवार को मनमोहन सिंह के परिवार को गांव में आमंत्रित किया है और कहा, गांव की मिट्टी से जुड़ाव पर हमें गर्व है।

ग्रामीणों ने एक साधारण परवरिश से लेकर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रमुख बनने तक के उनके सफर का जश्न मनाया। एक ग्रामीण ने कहा, मुझे गर्व है कि मनमोहन सिंह मेरे पिता के सहपाठी थे। स्कूल में मनमोहन सिंह का नाम देखने से सम्मानित होता हूं। एक अन्य ग्रामीण ने मनमोहन सिंह के परिवार को उनके पैतृक गांव आने का निमंत्रण दिया। कहा, हम उनकी पत्नी और बेटियों को निमंत्रण देते हैं, यहां उनका वही घर और वैसा ही माहौल दिखाई देगा।

# कौन है 15 लोगों को रौंदने वाला शमसुद्दीन जब्बार, कार में मिला आईएसआईएस का झंडा





न्यू ऑर्लियंस , एजेंसी। अमेरिका के न्यू ऑर्लियंस में हुए हमले में अब आतंकवादी एंगल से जांच की जा रही है। इस घटना में अमेरिका सेना में सेवाएं दे चुके एक शख्स शमसुद्दीन जब्बार का नाम सामने आ रहा है। फिलहाल, जब्बार के आंतकवादी संगठनों से तार जुड़े होने की भी जांच जारी है। एफबीआई यानी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन को आशंका है कि इस घटना के जिम्मेदार और लोग भी हो सकते हैं।

**कौन है शमसुद्दीन जब्बार :** एफबीआई ने कार सवार की पहचान 42 साल के शमसुद्दीन जब्बार के रूप में की है। कहा जा रहा है कि वह टेक्सास का रहने वाला था और रियल एस्टेट एजेंट था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब्बार साल 2007 से लेकर 2015 के बीच जब्बार ने ह्यूमन रिसोर्स स्पेशलिस्ट और ढ्ढञ्ज स्पेशलिस्ट के तौर पर अमेरिकी सेना में सेवाएं दी थीं। इसके बाद वह 2020 तक सेना में रहा। फरवरी 2009 से लेकर जनवरी 2010 तक उसे अफगानिस्तान में नियुक्त किया गया था। खबर है कि वह स्टाफ सार्जेंट की रैंक से रिटायर हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब्बार पर साल 2002 में चोरी और और 2005 में अवैध लाइसेंस का इस्तेमाल करने जैसे मामूली केस दर्ज हुए थे। उसकी दो बार शादी हो चुकी है और साल 2022 में दूसरी शादी से भी तलाक हो चुका है।

खबर है कि उसने पत्नी के वकील को भेजे एक ईमेल में आर्थिक परेशानियों का जिक्र किया था। कथित तौर पर उसने लिखा था कि वह घर का भुगतान नहीं कर पा रहा है। साथ ही जानकारी दी थी कि कंपनी को बीते साल 28 हजार डॉलर से ज्यादा का नुकसान हुआ था। घटना एफबीआई ने बताया कि बुधवार को शहर के व्यस्त फ्रेंच क्वार्टर में बॉर्बन स्ट्रीट पर तड़के लगभग 3.15 बजे हुए हमले के बाद पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में चालक मारा गया। जांचकर्ताओं को मुठभेड़ के बाद एक हैंडगन और एक एआर-शैली की राइफल बरामद हुई है। एफबीआई ने बताया कि वाहन में संभावित विस्फोटक उपकरण पाया गया तथा जांचकर्ता संभावित विस्फोटक उपकरणों की तलाश में फ्रेंच क्वार्टर की तलाशी ले रहे हैं। खबर है कि कार से आईएसआईएस का झंडा भी मिला है। इस घटना में जान गंवाने वालों की संख्या 15 तक पहुंच गई है।

## इजरायल के पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने नेसेट से दिया इस्तीफा



तेल अवीव , एजेंसी। इजरायल के पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने नेसेट से इस्तीफा देने की घोषणा कर दी है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मंत्री पद से बर्खास्त किए जाने के दो महीने से भी कम समय बाद उन्होंने नेसेट से इस्तीफा दिया है। गैलेंट ने बुधवार शाम को इस्तीफा देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करने के लिए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार की आलोचना की। हालांकि, गैलेंट ने कहा कि वह नेतन्याहू की लिकुड पार्टी के सदस्य बने रहेंगे।

इजरायली मीडिया को दिए एक बयान में गैलेंट ने अपने राजनीतिक और सैन्य योगदान के लिए खुद को श्रेय दिया। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने आंशिक रूप से हमास हिजबुल्लाह और ईरान की सैन्य क्षमताओं को खत्म कर दिया था। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व रक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने 7 अक्टूबर 2023 को हमास के हमले और जारी संघर्ष के दौरान इजरायल की कार्रवाई की जिम्मेदारी भी ली।

गैलेंट ने इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) में अपने 35 साल की सर्विस पर भी बात की। उन्होंने नेसेट सदस्य के रूप में एक दशक और रक्षा मंत्री के रूप में दो साल तक काम किया। गैलेंट ने संकेत दिया कि उनका राजनीतिक करियर खत्म नहीं हुआ है और पार्टी नेतृत्व के लिए चुनौती के रूप में एक संभावित वापसी का सुझाव दिया।

गैलेंट ने कहा, लिकुड आंदोलन के सदस्य के रूप में मैं आंदोलन के मार्ग के लिए लड़ता रहूंगा। मेरा रास्ता एक समान रास्ता है और मैं इसके सिद्धांतों में विश्वास करता हूं और इसके सदस्यों तथा मतदाताओं पर भरोसा करता हूं। जब से मैंने लिकुड पार्टी को पहली बार वोट दिया, मेनाकेम क्रांति में भागीदार रहा तब से मैं आंदोलन के राष्ट्रीय और वैचारिक मार्ग के प्रति वफादार रहा हूं। उन्होंने नेतन्याहू और वर्तमान रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज पर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया। गैलेंट ने तर्क दिया कि अति-रूढ़िवादी को भर्ती करना एक सैन्य आवश्यकता थी। गैलेंट ने सरकार के न्यायिक सुधार पर भी चिंता व्यक्त की, जिसे उन्होंने इजरायल के लिए स्पष्ट और तत्काल खतरा बताया। गैलेंट ने कहा कि उन्होंने 7 अक्टूबर के हमलों से पहले इस जोखिम के बारे में चेतावनी दी थी।

इसके अलावा उन्होंने गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की वापसी सुनिश्चित करने में विफल रहने के लिए सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, जब तक उन्हें घर वापस नहीं लाया जाता, तब तक कोई जीत नहीं हो सकती। अपने भाषण के बाद गैलेंट ने नेसेट के अध्यक्ष अमीर ओहाना को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

## अमेरिका में फिर से हमला, 11 लोगों को मारीं गोलियां; नए साल पर 15 का हुआ था कत्ल



न्यूयॉर्क, एजेंसी। अमेरिका में फिर से एक हमला हुआ है। यह हमला न्यूयॉर्क क्वीन्स इलाके में हुआ है, जिसमें 11 लोगों को गोली मारे जाने की खबर है। ये सभी लोग घायल हैं। यह हमला न्यू ऑरलिन्स में हुए अटैक के अगले ही दिन हुआ है, जिसमें शमसुद्दीन जब्बार नाम के शख्स ने नया साल मना रही लोगों की भीड़ पर ट्रक चढ़ा दिया था, जिसमें 15 लोग मारे गए थे। यह फायरिंग अमेरिकी समयानुसार रात को 11:45 पर हुई है। जानकारी के अनुसार क्वीन्स इलाके के अमाजुरा नाइट क्लब में यह फायरिंग हुई है, जिसमें 11 लोग जख्मी हुए हैं। कई लोगों की हालत गंभीर है। घटना की जानकारी मिलते ही न्यूयॉर्क पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया गया।

अब तक यह जानकारी नहीं मिल सकी है कि यह फायरिंग किसने की थी और उसका मकसद क्या था। यह फायरिंग ओरलिन्स में ट्रक हमले के ठीक बाद हुई है। इससे पहले ट्रक हमले में 15 लोगों की मौत हो चुकी है। पिक अप ट्रक के चालक शम्सुद्दीन ने नया साल मना रही लोगों की भीड़ पर हमला कर दिया था, जिसमें 15 लोग मारे गए। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग घायल हैं।अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई के अनुसार शमसुद्दीन जिस ट्रक को चला रहा था, उससे इस्लामिक स्टेट का झंडा बरामद हुआ है। यही नहीं शमसुद्दीन के कुछ वीडियोज के बारे में भी जानकारी मिली है, जिसमें उसने हत्याएं करने की बात कही थी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार तीन लोगों की हालत गंभीर है और उन्हें अस्पताल पहुंचा दिया गया है। फिलहाल न्यूयॉर्क प्रशासन के ज्यादातर अधिकारी मौके पर हैं। इस घटना में दो संदिग्धों के शामिल होने की जानकारी अब तक मिली है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कई राउंड फायरिंग की आवाजें 11:45 बजे सुनी गईं। इसके बाद हॉल में भगदड़ मच गई। वहां मौजूद लोगों जश्न में डूबे थे, इसके चलते उन्हें यह समझने में भी देर लगी कि आखिर क्या हुआ है। फिलहाल प्रशासन ने इलाके की घेराबंदी कर ली है और वहां से सभी लोगों को सुरक्षित निकालने पर फोकस है।

# इस्राइल के बाद अब फलस्तीन में भी अल जजीरा के प्रसारण पर रोक





रामल्लाह, एजेंसी। एक चौंकाने वाले फैसले के तहत फलस्तीनी प्रशासन ने भी कतर के अल जजीरा मीडिया चैनल के प्रसारण पर रोक लगा दी। फलस्तीनी प्रशासन का कहना है कि अल जजीरा उकसावे वाली सामग्री का प्रसारण कर रहा था। फलस्तीन की सरकारी मीडिया एजेंसी ने एक बयान जारी कर कहा कि संस्कृति, आंतरिक और संचार मंत्रालयों वाली विशेष मंत्रिस्तरीय समिति ने अल जजीरा के प्रसारण को निलंबित करने और फलस्तीन में इसके कार्यालय की सभी गतिविधियों को रोकने का फैसला किया है।

**फलस्तीनी प्रशासन ने अल जजीरा के प्रसारण पर लगाई रोक :** फलस्तीनी मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया है, इस फैसले में फलस्तीनी कानूनों और विनियमों के उल्लंघन के कारण अल जजीरा के सभी पत्रकारों, कर्मचारियों, क्रू और संबद्ध चैनलों के काम को अस्थायी रूप से रोकना भी शामिल है। फलस्तीनी प्रशासन ने कहा कि अल जजीरा द्वारा लगातार भड़काऊ सामग्री और गलत सूचनाएं प्रसारित की जा रही हैं। यह देशद्रोह और फलस्तीन के आंतरिक मामलों में दखल है। जिसके बाद प्रशासन ने चैनल के कामकाज को निलंबित करने का फैसला किया है। फलस्तीन के रामल्लाह स्थित अल जजीरा के नेटवर्क कार्यालय ने भी इस निलंबन की पुष्टि की है और कहा कि उन्हें इस संबंध में आदेश प्राप्त हुआ है।

**हमास ने फैसले की आलोचना की :** हमास ने एक बयान जारी कर अल जजीरा के प्रसारण पर रोक की आलोचना की है। हमास ने कहा कि यह फैसला फलस्तीनी प्राधिकरण की मनमानी को दर्शाता है और यह सार्वजनिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं को कम करना और फलस्तीनी लोगों पर अपनी सुरक्षा पकड़ को मजबूत करने के चलते लिया गया है। हमास ने कहा कि हम फलस्तीनी प्राधिकरण से तुरंत इस फैसले को वापस लेने की मांग करते हैं। मीडिया कवरेज की निरंतरता जरूरी है और इससे कब्जे को उजागर करने में मदद मिलती है।

**फलस्तीनी प्राधिकरण ने क्यों लगाई रोक :** इस्राइल द्वारा अक्सर अल जजीरा चैनल पर पक्षपाती रिपोर्टिंग करने और उकसावे वाली सामग्री का प्रसारण करने का आरोप लगाया जाता है। यही वजह है कि इस्राइल में भी अल जजीरा पर रोक है, लेकिन अब फलस्तीनी प्राधिकरण द्वारा भी इस पर रोक लगाना चौंकाता है। दरअसल फलस्तीन के जेनिन इलाके में राष्ट्रपति महमूद अब्बास के फतह आंदोलन और हमास और अन्य आतंकी गुटों के बीच झड़पें जारी हैं। अल जजीरा द्वारा इन झड़पों का प्रसारण करने के चलते राष्ट्रपति अब्बास कथित तौर पर अल जजीरा से नाराज बताए जा रहे थे। अब्बास ने दिसंबर के अंत में चैनल की कड़ी निंदा की थी। गौरतलब है कि फलस्तीन के पश्चिमी तट क्षेत्र पर फलस्तीनी प्राधिकरण का नियंत्रण है, जबकि गाजा पर हमास का कब्जा था।

# सेना का ट्रक खाई में गिरने से 04 जवान शहीद, 2 गंभीर रूप से घायल

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार दोपहर हुए एक बड़े सड़क हादसे में सेना के 04 जवान शहीद हो गए। भारतीय सेना का एक ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरा, जिसमें 04 जवान शहीद हो गए, जबकि 02 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा बांदीपोरा जिले के एसके पायीन इलाके में हुआ। अधिकारियों के अनुसार, खराब मौसम और कम विजिबिलिटी के कारण ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया। घटना के समय ट्रक में कुल छह जवान सवार थे। सेना ने हादसे पर बयान जारी करते हुए कहा है, कि यह घटना अत्याधिक खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण घटित हुई है। भारतीय सेना ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सेना के अधिकारियों ने बताया कि हादसे की विस्तृत जांच की जा रही है। इसके साथ ही घायलों का बेहतर इलाज किया जा रहा है। इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है।

### उपराज्यपाल ने जताया शोक

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। एलजी ने कहा, कि भारतीय सेना के बहादुर जवानों की शहादत पर गहरा दुख है। राष्ट्र उनके बलिदान और सेवा को हमेशा याद रखेगा।

# गोरखपुर में दो छात्रों ने वेबसाइट हैक कर बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी

गोरखपुर। गोरखपुर के बीबीए की तैयारी करने वाले दो छात्रों ने क्वीन क्रूज की वेबसाइट हैक कर बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की। आरोपितों में राजन साहनी और शिवम निषाद शामिल हैं। इन दोनों ने क्रूज के टिकटों को एक रुपये में बुककर, 31 दिसंबर को पार्टी की थी। पुलिस और एसटीएफ ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, शिवम और राजन ने एप का इस्तेमाल कर वेबसाइट हैक कर उसके द्वारा टिकट बुक किए। पहले, 27 दिसंबर को राजन ने एक टिकट बुक किया था, इसके बाद शिवम ने फिर से 31 दिसंबर को चार टिकट बुक किए, जिसकी कुल कीमत 12 हजार रुपये थी। धोखाधड़ी का खुलासा तब हुआ जब साफ्टवेयर मैनेजर ने क्रूज के खातों की जांच की। तब पता चला कि वेबसाइट में भुगतान सफल दिखने के बावजूद, सिर्फ एक रुपये ही खाते में जमा हुए थे। जांच में शिवम के पास से लैपटॉप और महंगे मोबाइल बरामद हुए, जो कि शिवम ने धोखाधड़ी से कमाए गए पैसों से खरीदा था।

# एक बार फिर कच्छ में जमीन थर्राई, भूकंप से किसी प्रकार का नुकसान नहीं

कच्छ। फिर एक बार कच्छ जिले में भूकंप का झटका महसूस किया गया है। कच्छ के दुधई इलाके में 3.8 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र दुधई से 28 किमी दूर बताया गया है। भूकंप शाम 4:37 बजे महसूस किया गया। राहत बात है कि भूकंप के झटके से किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। इससे पहले नए साल के पहले दिन कच्छ में 3.2 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें कोई नुकसान नहीं हुआ था। 1 जनवरी 2025 को भूकंप सुबह 10.24 बजे दर्ज किया गया, जिसका केंद्र भचाऊ से 23 किमी उत्तर-उत्तर पूर्व में स्थित था।

# पेरिया दोहरे हत्याकांड मामले में 10 लोगों को आजीवन कारावास

कोच्चि। सीबीआई अदालत ने पेरिया में पांच साल पहले युवा कांग्रेस के दो कार्यकर्ताओं की हत्या मामले में 10 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं, मामले में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एक पूर्व विधायक सहित चार अन्य लोगों को 5-5 साल जेल की सजा सुनाई। घटना कासरगोड जिले में पांच साल पहले हुई थी। अदालत ने बीते शनिवार को 14 आरोपियों को दोषी ठहराया था। इसमें 10 दोषियों को हत्या और आपराधिक साजिश के दो मामलों में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। दोनों मामलों में उनकी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। इन 10 दोषियों पर हत्या और आपराधिक साजिश का आरोप लगा था। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर दो-दो लाख का जुर्माना भी ठोंका है। यह मामला 17 फरवरी, 2019 को कथित तौर पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा युवा कांग्रेस कार्यकर्ता कृपेश (19) और सरत लाल पी.के. (24) की हत्या करने से संबंधित है। एर्नाकुलम से कांग्रेस सांसद हिबी ईडन ने पेरिया दोहरे हत्याकांड मामले में सीबीआई अदालत के फैसले की सराहना की। वहीं पीड़ित परिवारों की नाराजगी को भी स्वीकार किया। कांग्रेस सांसद ने कहा, एर्नाकुलम सीबीआई अदालत ने पेरिया दोहरे हत्याकांड मामले में सबसे महत्वपूर्ण फैसला सुनाया गया, जहां दो युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सीपीआईएम द्वारा और सरकार की मदद से हत्या कर दी गई थी। हम उस सजा का स्वागत करते हैं, जिसमें 10 मुख्य दोषियों को दोहरे आजीवन कारावास की सजा दी गई है।

# बेंगलुरु की कोर्ट से निकिता, निशा और अनुराग सिंघानिया को राहत, मिली जमानत

नई दिल्ली। बेंगलुरु के सिटी सिविल कोर्ट ने निकिता सिंघानिया (पत्नी), निशा सिंघानिया (सास) और अनुराग सिंघानिया (जीजा) को जमानत दे दी। सिंघानिया ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी और अंतरिम जमानत की मांग की थी। उसके वकील ने अदालत को बताया था कि उसकी गिरफ्तारी अवैध थी और पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए कोई आधार नहीं दिया था। वकील ने अदालत से सिंघानिया को अंतरिम जमानत देने का आग्रह किया ताकि वह उच्चतम न्यायालय में अपना बचाव कर सकें। अतुल सुभाष की मां ने सुप्रीम कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है। सिंघानिया के वकील ने तर्क दिया कि जमानत के बिना, वह कार्यवाही में शामिल नहीं हो सकेंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि उस मामले में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका एक हिरासत लड़ाई के बराबर होगी जिसे उसकी अनुपस्थिति में अस्वीकार कर दिया जाएगा।

# आईआईएम मुंबई ने जीता प्रतिष्ठित लीप्स-2024 पुरस्कार

## -शिक्षा और कौशल विकास श्रेणी के 34 प्रतिभागियों में आईआईएम मुंबई रहा अव्वल




**नई दिल्ली (एजेंसी)**। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) मुंबई ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए लॉजिस्टिक्स सेक्टर श्रेणी में इंस्टीट्यूशन-एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट का लीप्स 2024 (लीप्स-2024) पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव हासिल किया है। इस तरह संस्थान ने 34 प्रतिष्ठित प्रतिभागियों में प्रथम स्थान प्राप्त कर लॉजिस्टिक्स शिक्षा और कौशल विकास में अपने नेतृत्व को और मजबूती से प्रस्तुत किया है। यह पुरस्कार केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल द्वारा प्रोफेसर मनोज कुमार तिवारी को प्रदान किया गया।

गौरतलब है कि लीप्स 2024 यानि लॉजिस्टिक्स एक्सीलेंस, एडवांसमेंट एंड परफॉरमेंस शील्ड की यह पहल लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम के भीतर असाधारण योगदान और इनोवेशंस को सम्मान देती है, जिसमें एमएसएमई, स्टार्टअप और प्रमुख सक्षमकर्ता शामिल हैं जो बदलाव करने वाले कार्यों और महत्वपूर्ण प्रभाव का प्रदर्शन करते हैं।

पुरस्कार के साथ, बहुप्रतीक्षित लॉजिस्टिक्स ईज एक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स रिपोर्ट 2024 का भी अनावरण किया जाना है। राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति, 2022 के तहत डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड (डीपीआईआईटी) द्वारा किया जाने वाला यह वार्षिक मूल्यांकन पूरे भारत में लॉजिस्टिक्स परफॉर्मेंस को बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक रोडमैप प्रदान करता है।

इस घोषणा से बेहद उत्साहित, आईआईएम मुंबई के निदेशक प्रोफेसर मनोज कुमार तिवारी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह सम्मान भारत के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए मैनेजमेंट की शिक्षा और कौशल विकास में उत्कृष्टता लाने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम भारत सरकार और गवर्निंग बॉडीज के प्रति उनके निरंतर समर्थन और हमारे दृष्टिकोण में विश्वास रखने के लिए बहुत आभारी हैं। जैसे-जैसे लॉजिस्टिक्स भारत की आर्थिक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण होता जा रहा है, आईआईएम मुंबई भविष्य के लिए तैयार वर्कफोर्स को सशक्त बनाने के लिए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, स्थिरता और क्षमता निर्माण जैसे उभरते ट्रेंड्स के साथ अपने प्रयासों को संरेखित करने के लिए समर्पित है।

ऑलकार्गो ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन तथा आईआईएम मुंबई बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष शशि किरण शेट्टी भारत के लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन इंडस्ट्री को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। पिछले तीन दशकों में, उन्होंने पुराने बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे और वेयरहाउसिंग सिस्टम को आधुनिक, प्रौद्योगिकी-संचालित सल्यूशंस बदले जाने का नेतृत्व किया है, जिससे भारत वैश्विक व्यापार में एक प्रतिस्पर्धी देश बन गया है।

जब से श्री शेट्टी ने आईआईएम मुंबई बोर्ड के अध्यक्ष की भूमिका संभाली है, तब से संस्थान ने लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन मैनेजमेंट में इनोवेशन के ड्राइवर्स के रूप में शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने में बहुत अधिक गति प्राप्त की है, क्योंकि वे संस्थानों को आधुनिक, तकनीक-सक्षम प्रथाओं, प्रतिभा को बढ़ावा देने और इंडस्ट्री कोलैबरेशन के केंद्र के रूप में हैं। श्री शशि किरण शेट्टी के इस दृष्टिकोण का उद्देश्य टिकाऊ और कुशल समाधानों को आगे बढ़ाते हुए ग्लोबल लॉजिस्टिक्स हब के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करना है।

पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के लिए नोडल एजेंसी के रूप में आईआईएम मुंबई की महत्वपूर्ण भूमिका और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति को आकार देने में इसकी सक्रिय भागीदारी भारत के लॉजिस्टिक्स और बुनियादी ढांचे के परिदृश्य में इसके अद्वितीय योगदान को रेखांकित करती है।

आईआईएम मुंबई को मिला यह सम्मान न केवल प्रबंधन शिक्षा और इनोवेशन में उत्कृष्टता के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है, बल्कि इसे भारत के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर प्रमुखता दिलाने में अग्रणी के रूप में भी स्थापित करता है।

### आईआईएम मुंबई के बारे में

भारत सरकार द्वारा देश की आर्थिक राजधानी में 1963 में स्थापित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट मुंबई (आईआईएम मुंबई) का लगातार भारत के शीर्ष बी-स्कूलों में शुमार रहा है। विभिन्न कार्यक्रमों में लगभग 1,200 छात्रों के साथ, आईआईएम मुंबई देश में प्रबंधन शिक्षा में अग्रणी है और पूरे भारत में प्रबंधन संस्थानों में 2024 के लिए नेशनल इंस्टीट्यूशन रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में 6वें स्थान पर है। आईआईएम मुंबई ऑपरेशंस मैनेजमेंट, सप्लाई चेन मैनेजमेंट, अनालिटिक्स, फाइनेंस, मार्केटिंग, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, एचआर, इंफॉर्मेशन टेक्नालॉजी और सस्टेनेबिलिटी मैनेजमेंट जैसे विविध कार्यात्मक क्षेत्रों में कुशल प्रोफेशनल्स को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# जदयू के पोस्टर से गायब पीएम मोदी, क्या फिर खेला करने को तैयार नीतीश बाबू



गोपालगंज। बिहार के गोपालगंज में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान एक पोस्टर ने सियासी बवाल मच गया है। सीएम नीतीश कुमार ने जिले में आईटीआई का उद्घाटन कर कई विकास योजनाओं की शुरुआत की, लेकिन पोस्टर के विवाद ने बीजेपी और जदयू के रिश्तों में खटास का संकेत दे दिया है। जिला समाहरणालय के मुख्य द्वार पर जदयू द्वारा लगे पोस्टर में मुख्यमंत्री नीतीश के साथ-साथ पार्टी के कई नेताओं और मंत्रियों के फोटो थे, लेकिन पोस्टर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी के किसी अन्य नेता का फोटो नहीं था। इस पर बीजेपी के पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने सवाल उठाकर कहा कि यह गठबंधन धर्म का उल्लंघन है। उन्होंने मामले में जदयू के राष्ट्रीय नेतृत्व से जांच की मांग कर कहा कि यह मुद्दा एनडीए की बैठक में भी उठाया जाएगा। बीजेपी नेताओं का आरोप था कि पोस्टर में जानबूझकर प्रधानमंत्री मोदी और पार्टी के नेताओं को शामिल नहीं किया गया, जो एक सियासी संदेश देता है। जैसे ही यह खबर मीडिया में आई, जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बीजेपी नेताओं के फोटो पोस्टर पर लगा दिए। इस घटनाक्रम ने एनडीए गठबंधन में दरार की चर्चाओं को हवा दी है, और सवाल उठाए जा रहे हैं कि क्या नीतीश कुमार फिर से खेला करने जा रहे हैं। अब सभी की नजरें इस पर हैं कि क्या यह सियासी विवाद गठबंधन टूटने की दिशा में कोई बड़ा कदम होगा।

# पटना साहिब में श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश उत्सव पर्व का आगाज

* 6 जनवरी की दोपहर 1:00 बजे आ सकते हैं केंद्रीय मंत्री अमित शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। पटना (ईएमएस)। बोले सो निहाल सत श्री अकाल की गूंज से पटना साहिब शनिवार की सुबह गूंजने लगा। प्रभात फेरी, नगर कीर्तन के साथ ही सिखों के 10वें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का 358वां प्रकाश उत्सव पर्व का आगाज हो गया। तीन दिनों तक चलने वाले प्रकाश उत्सव पर्व में देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। पटना साहिब गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह ने बताया कि इस वर्ष केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 6 जनवरी की दोपहर 1:00 बजे आ सकते हैं।

शनिवार की सुबह से ही बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं का सिलसिला शुरू हो गया है। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों से हजारों की संख्या में सिख श्रद्धालु पटना साहिब पहुंच रहे हैं। इसके लिए प्रबंधन कमेटी के लोगों ने भी सभी लोगों के ठहरने की पूरी व्यवस्था की है। पटना साहिब के बाल लीला गुरुद्वारा, कंगन घाट, मुख्य गुरुद्वारा पटना साहिब, अतिथिशाला सहित सभी जगह को श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित किया गया है।

सिंह ने बताया कि इस वर्ष केंद्र सरकार सहित राज्य सरकार के सभी मंत्रियों को गुरु पर्व के मौके पर आने का निमंत्रण भेजा गया है। इसके अलावा उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान, उपमुख्यमंत्री सहित कई मंत्रियों के आने के भी संभावना है। उन्होंने बताया कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पटना साहिब प्रबंधन कमेटी के अलावा बिहार सरकार के तरफ से भी समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि भूरी वाले के तरफ से और प्रबंधन कमेटी की तरफ से सभी श्रद्धालुओं के लिए लंगर 24 घंटे के लिए खोल दिए गए हैं।

# तीन दिनों का परीक्षण हुआ सफल: अब 180 की तेज गति से दौड़ेगी वंदे भारत



**नई दिल्ली (एजेंसी)**। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने पिछले तीन दिनों में अपने कई परीक्षणों में 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की है। जनवरी के अंत तक यह परीक्षण जारी रहेंगे। उसके बाद देश भर के रेल यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए यह विश्व-स्तरीय यात्रा उपलब्ध कराई जाएगी।

कोटा डिवीजन में सफल परीक्षण का एक वीडियो साझा करते हुए, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक्स पर अपनी पोस्ट में इसकी गति का उल्लेख किया। वीडियो में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के अंदर एक मोबाइल के बगल में पानी से भरा गिलास दिखाया गया है। पानी का स्तर स्थिर देखा जा सकता है। आशय ये है कि चलती ट्रेन 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम और स्थिर गति प्राप्त करती है। हाई-स्पीड रेल यात्रा में वंदे भारत यात्रियों को आराम का अनुभव कराती है। यह पोस्ट 3 दिनों के सफल परीक्षणों के बाद आया है, जो 2 जनवरी को समाप्त हुआ, जिसमें वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने अपनी भरी हुई स्थिति में अधिकतम गति प्राप्त की।

वंदे भारत ट्रेनें अब कई शताब्दी ट्रेन मार्गों पर उपलब्ध हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस भारत की सबसे तेज़ ट्रेन है और 180 किमी/घंटा तक की गति तक पहुंचने में सक्षम है। अब तक, यह दिल्ली और वाराणसी जैसे छोटे और मध्यम दूरी के प्रमुख शहरों को जोड़ती है और एक शानदार यात्रा अनुभव प्रदान करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि वंदे भारत ट्रेनें गति और आराम का एक सहज मिश्रण प्रदान करती हैं। यह केवल यात्रा का एक तरीका नहीं है बल्कि आधुनिक भारतीय इंजीनियरिंग का एक अनुभव है।

रेलवे के लिए असली चुनौती बर्थ जोड़ना और ट्रेनों को पूर्ण यात्री और सामान लोड की स्थिति के लिए परीक्षण करना था ताकि उन्हें 180 किमी/घंटा की अधिकतम गति प्राप्त करते हुए वंदे भारत स्लीपर कोच में परिवर्तित किया जा सके। इन सफल परीक्षणों के साथ, रेल यात्री कश्मीर से कन्याकुमारी, दिल्ली से मुंबई, हावड़ा से चेन्नई और कई अन्य मार्गों जैसे लंबी दूरी की यात्राओं में विश्व-स्तरीय यात्रा अनुभव की उम्मीद कर सकते हैं। उन्हें यात्रा का समय काफी कम होने से लाभ होगा। मुंबई-दिल्ली लंबी दूरी की यात्रा की वर्तमान औसत गति 90 किमी/घंटा है, जिसमें तेजस राजधानी एक्सप्रेस के लिए अधिकतम स्वीकार्य गति 140 किमी/घंटा है, जो देश में सभी राजधानी ट्रेन सेवाओं में सबसे तेज है।

कोटा और लबान के बीच हुआ परीक्षण

राजस्थान के बूंदी जिले में कोटा और लबान के बीच 30 किलोमीटर लंबे ट्रायल रन के दौरान ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की। वर्ष 2025 के पहले दिन रोहल खुर्द से कोटा के बीच 40 किलोमीटर लंबे ट्रायल रन में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की। इसी दिन कोटा-नागदा और रोहल खुर्द-चौमहला सेक्शन पर 170 किलोमीटर प्रति घंटे और 160 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति प्राप्त की। अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) लखनऊ की निगरानी में ये ट्रायल जनवरी महीने तक जारी रहेंगे। एक बार ये परीक्षण पूरे हो जाने के बाद, रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा अधिकतम गति पर ट्रेन का मूल्यांकन किया जाएगा। अंतिम चरण में सफल होने के बाद ही, वंदे भारत ट्रेनों को आधिकारिक रूप से प्रमाणित किया जाएगा और उन्हें भारतीय रेलवे को शामिल करने और नियमित सेवा के लिए सौंप दिया जाएगा।

# एससी/एसटी छात्रों की आत्महत्या पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, यूजीसी से मांगा डेटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। सुप्रीम कोर्ट ने देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में एससी/एसटी वर्ग के छात्रों द्वारा की गई आत्महत्याओं और जातिगत भेदभाव के मामलों पर सख्त रुख अपनाया है। रोहित वेमुला और पायल ताडवी की मां द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को निर्देश दिया कि वह केंद्रीय, राज्य, निजी और मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से इन मामलों से संबंधित आंकड़े इकट्ठा करे।

सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी को 2012 के रेग्युलेशन के तहत बनाए गए समान अवसर सेल्स (ईओसी) की शिकायतों और उन पर उठाए गए कदमों की रिपोर्ट पेश करने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए नियमित सुनवाई की जाएगी।



### 2012 रेग्युलेशन के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

सुप्रीम कोर्ट ने 2004 से 2024 के बीच आईआईटी संस्थानों में 115 आत्महत्याओं के आंकड़ों पर चर्चा करते हुए कहा कि 2012 के यूजीसी रेग्युलेशन को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए मजबूत तंत्र आवश्यक है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जातिगत भेदभाव के मामलों को खत्म करने के लिए संस्थानों में शिकायत निवारण प्रणाली को और सशक्त बनाना होगा।

### रोहित वेमुला और पायल ताडवी के मामले प्रमुख

याचिका में विशेष रूप से रोहित वेमुला और पायल ताडवी के मामलों का उल्लेख किया गया है। रोहित वेमुला ने 17 जनवरी 2016 को हैदराबाद विश्वविद्यालय में जातीय भेदभाव के आरोपों के चलते आत्महत्या कर ली थी। इसी तरह, पायल ताडवी, जो मुंबई के टीएन टोपीवाला मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई कर रही थीं, ने 22 मई 2019 को आत्महत्या कर ली। याचिकाकर्ता ने एससी/एसटी छात्रों और शिक्षकों के खिलाफ भेदभाव रोकने के लिए मजबूत और प्रभावी तंत्र की मांग की है। कोर्ट ने यह सुनिश्चित करने की भी आवश्यकता जताई कि संस्थान शिकायतों को गंभीरता से लें और भेदभाव रोकने के लिए ठोस कदम उठाएं।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की वकील इंदिरा जयसिंह ने अदालत के समक्ष इन मुद्दों की गंभीरता को रेखांकित किया। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई को प्राथमिकता देते हुए आगे की कार्रवाई का संकेत दिया है।

# खुद को मॉडल बता कर सैकड़ों लड़कियों से दोस्ती, फिर निजी तस्वीरों से ब्लैकमेलिंग का काम

* दिल्ली पुलिस ने शातिर साइबर क्रिमिनल तुषार बिष्ट को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। दिल्ली पुलिस ने 23 साल के शातिर साइबर क्रिमिनल तुषार बिष्ट को गिरफ्तार किया है, तुषार ने फेक प्रोफाइल बनाकर ऑनलाइन डेटिंग एप पर सैकड़ों लड़कियों से दोस्ती कर उनकी निजी तस्वीरें प्राप्त कर उन्हें ब्लैकमेल किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने खुद को एक अमेरिकी फ्रीलांस मॉडल बताकर और ब्राजील के मॉडल की तस्वीर का इस्तेमाल कर लड़कियों को अपने जाल में फंसाया।

पुलिस ने बताया कि तुषार ने 18 से 30 साल की उम्र की लड़कियों को निशाना बनाया था। वह बंबल, स्नैपचैट और अन्य डेटिंग एप पर एक अंतरराष्ट्रीय वर्चुअल नंबर का उपयोग करता था। जब महिलाएं आरोपी तुषार से दोस्ती करने लगती थीं, तब वह उनकी निजी तस्वीरें और वीडियो मांगता था और बाद में उन्हें वायरल करने की धमकी देकर पैसे वसूलता था।

विवाद तब बढ़ा जब एक दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा ने तुषार से अपनी निजी तस्वीरें साझा की थीं और इसके बाद में ब्लैकमेलिंग का शिकार हुई। आरोपी ने छात्रों को धमकी दी कि यदि पैसे नहीं दिए, तब वहां उसकी निजी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट कर देगा। परेशान होकर छात्रा ने अपने परिवार को बताकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने आरोपी की पहचान कर गिरफ्तार कर लिया। तुषार के पास से कई फर्जी आईडी, एक मोबाइल फोन,



और 13 क्रेडिट कार्ड बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, तुषार ने 500 से अधिक महिलाओं से चैटिंग की और उनके व्यक्तिगत डेटा का गलत फायदा उठाकर पैसों की उगाही की। अब तक 4 अन्य महिलाओं की भी पहचान की जा चुकी है, जो तुषार के शिकार बनी थी।

# भारत के कथित गुप्त मिशनों की खबरों को भारत ने नकारा कहा- पूर्वाग्रह से ज्यादा कुछ नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। हाल में अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट की कुछ खबरों को लेकर भारत में काफी चर्चा हुई। मालदीव और पाकिस्तान में भारत के कथित गुप्त मिशनों वाली दोनों खबरों को लेकर भारत ने बेहद कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे पूर्वाग्रह से ज्यादा कुछ नहीं बताया। मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस पर पूछे गए प्रश्न के जवाब में कहा कि वाशिंगटन पोस्ट में प्रकाशित यह दोनों खबरें निराधार, गैर-विश्वसनीय और भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण रवैये वाली हैं। इसलिए हम इन्हें सिरे से खारिज करते हैं। जायसवाल ने यह भी कहा कि इन दोनों खबरों को देखकर ऐसा लगता कि अखबार और उसके संवाददाता दोनों ही भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण रवैया रखते हैं। आप उनकी गतिविधियों और खबरों में एक पैटर्न को देख सकते हैं। ऐसे में उनकी विश्वसनीयता कितनी है, उसके आकलन का काम हम आप पर छोड़ते हैं। जहां तक हमारा सवाल है, हमें उनमें कोई विश्वसनीयता नजर नहीं आती है।

वाशिंगटन पोस्ट ने मालदीव पर डेमोक्रेटिक रिन्यूअल इनिशिएटिव नामक एक आंतरिक दस्तावेज के हवाले से अपनी खबर में यह दावा किया कि राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू को उनके पद से हटाने के लिए उन पर महाभियोग चलाने के लिए मालदीव के विपक्षी नेताओं ने उनकी पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस के कुछ सदस्यों सहित विपक्ष के 40 सांसदों ने भारत से कथित तौर पर लगभग 6 मिलियन डॉलर (51 करोड़ रुपए) की रिश्वत की मांग की थी। मालदीव की विपक्षी पार्टी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों ने पिछले साल 2024 की शुरुआत में भारत से रिश्वत की यह मांग की थी। हालांकि ये सफल नहीं हो पाई थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस काम को पूरा करने के लिए भारत के रिसर्च एंड एनालिसिस विंग यानी रॉ के एजेंटों की मालदीव के विपक्षी सांसदों से गुप्त चर्चा भी हुई। वहीं, पाकिस्तान को लेकर आई खबर में वाशिंगटन पोस्ट ने अनाम पाकिस्तानी और पश्चिमी अधिकारियों के हवाले से कहा है कि भारत की खुफिया एजेंसी रॉ वर्ष 2021 से पाकिस्तान के अंदर आधा दर्जन लोगों को मारने का एक कार्यक्रम चला रही है।

### चीन के दो नए काउंटी मंजूर नहीं

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने चीन से जुड़े एक प्रश्न के जवाब में कहा कि हमने चीन की होटन प्रांत में दो नई काउंटियों की स्थापना से जुड़ी हुई घोषणा देखी है। इन तथाकथित काउंटियों के कुछ हिस्से भारत के केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख क्षेत्र में भी आते हैं। यह हमें बिलकुल भी मंजूर नहीं है। भारत ने कूटनीतिक माध्यमों से इसे लेकर चीनी पक्ष के सामने अपना



विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने कहा, हमने इस भारतीय क्षेत्र पर कभी भी चीन के अवैध कब्जे को स्वीकार नहीं किया है। नए काउंटियों के निर्माण से इस क्षेत्र पर न ही हमारी संप्रभुता को लेकर भारत की दीर्घकालिक और स्थापित स्थिति पर कोई फर्क पड़ेगा और न ही इससे चीन के अवैध कब्जे को कोई मान्यता मिल पाएगी। पूर्वोत्तर भारत से लगे तिब्बत क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन की बांध (यारलुंग जांगबो) बनाने की कोशिश को लेकर जायसवाल ने कहा कि भारत अपने हितों की रक्षा के लिए इस मामले पर लगातार निगरानी रखेगा और जरूरी कदम उठाएगा।